C M Y K

**आज का विचार**

जिन्दगी कुछ भी
दोहराएगी नहीं
जो यदि समेट
सको तो समेट लो...

www.ambikavani.com

# अम्बिकावाणी

संस्थापक : स्व. श्रीकिशन असावा एवं स्व. श्री गोपाल असावा ■ वर्ष-42 अंक-265 ■ पृष्ठ-8+4 ■ मूल्य 2.50 ■ प्रधान संपादक- महेन्द्र सिंह टुटेजा, ● प्रबंध संपादक-नरेन्द्र सिंह टुटेजा

अम्बिकापुर, शुक्रवार 18 जुलाई , 2025



स्वच्छता के क्षेत्र में नपं बिश्रामपुर ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को दूसरे टी20 में हराया, टिम रॉबिन्सन ने खेली विस्फोटक पारी

# उम्रकैद की सजा, पैरोल पर इलाज के दौरान हत्या... कौन था गैंगस्टर चंदन मिश्रा

**नई दिल्ली।** पटना के पारस अस्पताल में गुरुवार को कुख्यात अपराधी चंदन मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बक्सर के सोनबरसा गांव निवासी चंदन, एक हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहा था और पैरोल पर बाहर आकर इलाज करा रहा था। लेकिन रूम नंबर २०९ में घुसकर ५ शूटरों ने उसे मौत के घाट उतार दिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

**कौन है कुख्यात अपराधी चंदन मिश्रा?**

अब आइए जानते है कि आखिर चंदन मिश्रा है कौन जिसे मारने के लिए पांच अपराधी बंदूक लिए अस्पताल में घूसे और गोलियों की बौछार कर दी। चंदन मिश्रा का नाम कई संगीन मामलों में दर्ज था। उसका सबसे चर्चित मामला साल २०११ में बक्सर के अमला टोली में दिनदहाड़े हुई व्यापारी राजेंद्र केसरी की हत्या से जुड़ा है। २१ अगस्त २०११ को केसरी अपनी दुकान का शटर खोल रहे थे तभी उन पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दी गईं।

**व्यवसायियों में दहशत फैलाना हत्या का मकसद**

इस हत्या में चंदन मिश्रा, शेरू सिंह, छोटू मिश्रा, दीनबंधु सिंह और अन्य के खिलाफ केस दर्ज हुआ था। राजेंद्र केसरी की हत्या का मकसद व्यवसायियों में दहशत फैलाना और रंगदारी वसूलना था। पुलिस ने इस मामले में सभी मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया था। स्पीडी ट्रायल के तहत सुनवाई हुई और ३ अक्टूबर २०१३ को जिला सत्र न्यायाधीश हरेन्द्र तिवारी ने चंदन, छोटू और दीनबंधु को उम्रकैद की सजा सुनाई। इससे




पहले २९ सितंबर २०१२ को ही उन्हें दोषी करार दिया जा चुका था।

पेशी के दौरान हवलदार को गोली मारकर फरार

इस मामले को 'रेयरेस्ट ऑफ द रेयर' बताते हुए फांसी की मांग की गई थी। १३ गैर-सरकारी गवाहों, तीन डॉक्टरों और दो न्यायिक अधिकारियों सहित कई लोगों ने गवाही दी। शेरू सिंह, जो इस केस का मुख्य आरोपी था, पेशी के दौरान एक हवलदार को गोली मारकर फरार हो गया था। लेकिन बाद में पुलिस ने उसे भी पकड़ लिया। शेरू को अलग से ट्रायल में फांसी की सजा मिली, लेकिन हाईकोर्ट ने इस पर रोक लगाते हुए दोबारा सुनवाई कराई।

**शेरु और चंदन के वर्चस्व की लड़ाई दुश्मनी में बदली**

इस हत्याकांड के पीछे जिन लोगों के हाथ होने की संभावना जताई जा रही है उनमें एक नाम शेरु सिंह भी है। बता दें कि एक समय शेरु और चंदन की दोस्ती की मिसाल दी जाती थी। मगर, किसी वर्चस्व की लड़ाई को लेकर दूरी बढ़ी थी। यह लड़ाई धीरे-धीरे दुश्मनी में बदली। बता दें कि पहले दोनों एक ही गिरोह से जुड़े थे। दोनों एक साथ बेऊर जेल में भी थे. मगर धीरे-धीरे शेरू सिंह की पहचान एक अलग गिरोह के मुखिया के रूप में होने के बाद संबंध खराब हुए।

**गैंगवार की परछाइयां फिर लौटी**

अंत में कोर्ट ने शेरू को हत्या में उम्रकैद, रंगदारी के लिए ७ साल और आर्म्स एक्ट में १० साल की सजा सुनाई थी। फिलहाल वह जेल में है। अब, चंदन मिश्रा की हत्या से एक बार फिर गैंगवार की परछाइयां बिहार में लौटती दिख रही हैं। अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज में शूटरों की दहशत साफ नजर आ रही है, जिससे न सिर्फ सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं, बल्कि गैंग की आपसी रंजिश भी उजागर हो रही है।

## पहला कॉलम

### बालासोर छात्रा आत्मदाह मामले में ओडिशा बंद का ऐलान, कई जगहों पर चक्का जाम, ये सेवाएं रहेंगी बंद

**भुवनेश्वर ,17 जुलाई (ए)।** ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में गुरुवार को कांग्रेस के नेतृत्व में 8 विपक्षी दलों ने 12 घंटे के ओडिशा बंद का आह्वान किया है। यह बंद बालासोर की फकीर मोहन स्वायत्त कॉलेज की छात्रा की आत्मदाह के विरोध में और महिलाओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा के खिलाफ बुलाया गया है। सुबह 6 बजे से शुरू हुए इस बंद के कारण शहर में बसों का परिचालन ठप है, दुकानें बंद हैं, और राष्ट्रीय राजमार्ग 16 सहित मास्टर कैंटीन चौक (जो राज्य सचिवालय, रेलवे स्टेशन और हवाई अड्डे से जुड़ा हुआ है) पर प्रदर्शनकारी चक्काजाम कर प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे सड़कों पर पूरी तरह से आवागमन बाधित हो गया है। प्रदर्शनकारी बालासोर में फकीर मोहन स्वायत्त कॉलेज की 20 वर्षीय छात्रा की आत्मदाह की घटना में कड़ी कार्रवाई और उच्च शिक्षा मंत्री सूर्यबंशी सूरज के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।

सा ी पी आ ई ए म (लिबरेशन) के नेता महेंद्र परिदा ने कहा कि छात्रा ने कई बार मुख्यमंत्री, उच्च शिक्षा मंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री, जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, स्थानीय विधायक और सांसद से मदद मांगी, लेकिन किसी ने उनकी शिकायत पर ध्यान नहीं दिया।

## कुछ अलग

### दर्दनाक हादसा : कार और मोटरसाइकिल के बीच भीषण टक्कर, सात लोगों की मौत

**नई दिल्ली ,17 जुलाई (ए)।** महाराष्ट्र के नासिक जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां कार और मोटरसाइकिल की भीषण टक्कर हुई है। इस टक्कर में सात लोगों की मौत हो गई। कार और मोटरसाइकिल की टक्कर में दो अन्य लोगों के गंभीर रूप से घायल होने की भी बात सामने आई है। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना बुधवार देर रात डिंडोरी कस्बे के पास की है।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस को रात 11.57 बजे वाणी-डिंडोरी रोड पर एक नर्सरी के पास सड़क दुर्घटना की सूचना मिली थी। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो दोनों वाहन सड़क किनारे एक छोटी नहर में गिरे पाए गए। पुलिस ने बताया कि इस दुर्घटना में सात लोगों की मौत हो गई और दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस व अन्य एजेंसियां मौके पर पहुंचकर बचाव अभियान शुरू किया।

**दुकान व मकान बेचना है**


अम्बिकापुर के हृदय स्थल जोड़ा-पीपल मुख्य मार्ग (चित्रमंदिर रोड पर) लगभग 1700 वर्गफीट में निर्मित दुकान तथा सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।

संपर्क करें -
मो. 9826443537

## खरी-खरी




# हरियाणा : भूकंप से हिला रोहतक, रिक्टर स्केल पर 3.3 रही तीव्रता



**रोहतक ,17 जुलाई (ए)।** हरियाणा के रोहतक में देर रात भूकंप के झटके महसूस किए गए। बताया जा रहा है कि भूकंप की तीव्रता 3.3 थी और इसका केंद्र रोहतक में था।

राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के अनुसार, 17 जुलाई को 12:46 बजे (भारतीय समयानुसार) हरियाणा के रोहतक में भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.3 मापी गई है। भूकंप का केंद्र रोहतक में 28.88 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 76.76 डिग्री पूर्वी देशांतर पर था और इसकी गहराई जमीन से 10 किलोमीटर नीचे थी।

जानकारी के अनुसार, इस भूकंप से अभी तक किसी तरह के जानमाल के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। हालांकि, भूकंप के झटके महसूस होने के बाद घरों से लोग बाहर निकल आए।

इससे पहले, 11 जुलाई को भी दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के जिलों में अचानक धरती हिलने लगी, जिससे लोग अपने घरों और कार्यालयों से बाहर निकलकर खुले में आ गए थे।

नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक, भूकंप का केंद्र हरियाणा के झज्जर में था। भूकंप के झटके शुक्रवार शाम 7:49 बजे महसूस किए गए, जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.7 आंकी गई। इसकी गहराई जमीन से 10 किमी नीचे थी। इससे पहले 10 जुलाई की सुबह भी दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटके आए थे। उसका भी केंद्र झज्जर ही था।

10 जुलाई को दिल्ली एनसीआर में दो बार भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए थे, जिसका केंद्र हरियाणा के झज्जर जिले में था। स्थानीय लोगों ने बताया था कि भूकंप का पहला झटका ज्यादा तेज था।

हरियाणा के झज्जर जिले में बीते गुरुवार को सुबह 9.05 से 9.10 के बीच भूकंप के दो बार झटके महसूस किए गए, जिनकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.4 और 3.0 दर्ज की गई। भूकंप का केंद्र झज्जर शहर से 10 किलोमीटर उत्तर में था, जिसकी गहराई जमीन से 10 किलोमीटर नीचे मापी गई।

### अशोक गहलोत का अमित शाह पर हमला, कन्हैयालाल के हत्यारों को अब तक सजा क्यों नहीं?

**जयपुर ,17 जुलाई (ए)।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के जयपुर दौरे को लेकर उन पर तीखा हमला बोला है। अपने निवास पर मीडिया से बात करते हुए गहलोत ने उदयपुर के कन्हैयालाल हत्याकांड को लेकर अमित शाह से जवाब मांगा। उन्होंने पूछा कि जिस घटना का दुष्प्रचार करके भाजपा राजस्थान की सत्ता में आई, उस घटना के हत्यारों को अब तक सजा क्यों नहीं मिली। गहलोत ने कहा कि कन्हैयालाल की हत्या एक बेहद मार्मिक घटना थी, जिसने पूरे देश को हिला दिया था। उनकी सरकार ने चार घंटे के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बावजूद, नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने उसी रात केस अपने हाथ में ले लिया, जिस पर उनकी सरकार ने कोई आपत्ति नहीं जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि तीन साल बीत जाने के बाद भी एनआईए कोर्ट में जज नहीं बैठते, जिससे सुनवाई आगे नहीं बढ़ पा रही है।

# नीतीश कुमार ने किया बिहार में फ्री बिजली का एलान... आरजेडी बोली- यह तेजस्वी यादव की देन

**0 नीतीश कुमार ने अपने एक्स हैंडल पर दी जानकारी 0 बिहार के घरेलू उपभोक्ताओं को होगा बड़ा फायदा 0 कुल १ करोड़ ६७ लाख परिवार होंगे लाभान्वित**

**पटना।** बिहार में इसी साल होने वाले विधानसभा चुनावों के पहले नीतीश कुमार सरकार ने सौगातों का पिटारा खोल दिया है। ताजा खबर यह है कि नीतीश सरकार ने १ अगस्त २०२५ से बिहार में १२५ यूनिट तक बिजली फ्री देने का फैसला किया है।

नीतीश के इस फैसले की पूरे बिहार में चर्चा हो रही है और सत्ता पक्ष के नेता ऐतिहासिक कदम बता रहे हैं। वहीं विपक्ष यह कहते हुए निशाना साध रहा है कि नीतीश कुमार को विधानसभा चुनावों में हार साफ नजर आ रही है, इस कारण ऐसी घोषणाएं कर रहे हैं।

**यह तेजस्वी यादव की देनः मृत्युंजय तिवारी**

नीतीश कुमार के ऐलान पर प्रतिक्रिया देते हुए आरजेडी के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि यह तेजस्वी यादव की देन है, क्योंकि उन्होंने सबसे पहले २०० यूनिट फ्री बिजली का एलान किया था। नीतीश कुमार अब तेजस्वी की घोषणाओं की नकल कर रहे हैं। उनका साहस दिखाते हुए २०० से ज्यादा यूनिट फ्री का एलान करना था।

मृत्युंजय तिवारी के मुताबिक, यह



नीतीश सरकार की विदाई की घोषणाएं है। तेजस्वी यादव इस सरकार से हर वो काम करवा रही है, जो जनता के लिए जरूरी है। नीचे देखिए वीडियो।

**नीतीश कुमार ने क्या लिखा एक्स पर**

च्हमलोग शुरू से ही सस्ती दरों पर सभी को बिजली उपलब्ध करा रहे हैं। अब हमने तय कर दिया है कि १ अगस्त, २०२५ से यानी जुलाई माह के बिल से ही राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को १२५ यूनिट तक बिजली का कोई पैसा नहीं देना पड़ेगा। इससे राज्य के कुल १ करोड़ ६७ लाख परिवारों को लाभ होगा। हमने यह भी तय किया है कि अगले तीन वर्षों में इन सभी घरेलू उपभोक्ताओं से सहमति लेकर उनके घर की छतों पर अथवा नजदीकी सार्वजनिक स्थल पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाकर लाभ दिया जाएगा।

कुटीर ज्योति योजना के तहत जो अत्यंत निर्धन परिवार होंगे उनके लिए सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने हेतु पूरा खर्च राज्य सरकार करेगी तथा शेष के लिए भी सरकार उचित सहयोग करेगी। इससे घरेलू उपभोक्ताओं को अब बिजली का १२५ यूनिट तक कोई खर्च नहीं लगेगा, साथ ही साथ राज्य में अगले तीन वर्षों में एक अनुमान के अनुसार १० हजार मेगावाट तक सौर ऊर्जा उपलब्ध हो जाएगी।

# तुम उसके बुलाने पर होटल क्यों जाती थी, रेप का आरोप लगाने वाली महिला पर भड़का सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली ,17 जुलाई (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक महिला से शादी का वादा कर उसके साथ यौन संबंध बनाने के आरोप में व्यक्ति की अग्रिम जमानत बरकरार रखी। वहीं, कोर्ट ने महिला को फटकार लगाते हुए कहा कि उसने एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर बनाकर अपराध किया है। अदालत ने महिला को यह भी चेतावनी दी कि शादी के दौरान अपने पति के अलावा किसी अन्य पुरुष के साथ शारीरिक संबंध बनाने पर उस पर मुकदमा चलाया जा सकता है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, याचिका पर जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एन कोटेश्वर सिंह की बेंच सुनवाई कर रही थी। कोर्ट ने महिला को चेताया है कि विवाहित होते हुए पति के अलावा किसी और शख्स से संबंध बनाए जाने के चलते उसपर भी मुकदमा चलाया जा सकता है। साथ ही कहा है कि उसने विवाह के बाहर रिश्ता बनाकर अपराध किया है। महिला की तरफ से कोर्ट में पेश हुए वकील ने कहा कि शख्स महिला के साथ शादी का झूठा वादा कर शारीरिक संबंध बनाता रहा। इसपर कोर्ट ने महिला से कहा, 'आप एक शादीशुदा महिला हैं और आपके दो बच्चे हैं। आप मेच्योर हैं और आप समझते हैं कि जो रिश्ता आप बनाने जा रहे हैं वह शादी के बाहर बना रहे हैं इ वकील ने यह भी कहा कि शख्स ने महिला को शारीरिक संबंध बनाने के लिए कई बार होटल बुलाया था। कोर्ट ने कहा, 'आप उसके अनुरोध पर बार-बार होटल क्यों गए थे? आप अच्छी तरह से जानते हैं कि आपने भी शादी के बाहर शारीरिक संबंध रखकर अपराध किया है इ

बता दें कि महिला और आरोपी शख्स की मुलाकात साल 2016 में सोशल मीडिया के जरिए हुई थी। तब से ही दोनों रिलेशन में हैं। महिला के आरोप थे कि उसने साथी के दबाव में आकर पति से तलाक लिया था, जिसपर फैमिली कोर्ट ने भी 6 मार्च को मुहर लगा दी थी। तलाक के तुरंत बाद महिला ने उससे शादी करने के लिए कहा, तो उसने मना कर दिया। इस बात से खफा होकर महिला ने बिहार पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। आरोप लगाए कि शख्स ने उसके साथ शादी का झूठा वादा कर यौन उत्पीड? किया है। बाद में जब मामला कोर्ट पहुंचा, तो पटना हाईकोर्ट ने शख्स को जमानत दे दी। हाईकोर्ट ने पाया था कि महिला के तलाक के बाद से ही दोनों किसी शारीरिक गतिविधियों में नहीं रहे हैं।

### वाराणसी में गंगा का रौद्र रूप : घाट जलमग्न, प्रशासन ने लोगों को किया सचेत

**वाराणसी ,17 जुलाई (ए)।** उत्तर भारत में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश का असर अब मैदानी इलाकों में साफ दिखाई दे रहा है। धार्मिक नगरी काशी में मां गंगा उफान पर हैं, जिसके चलते वाराणसी के प्रसिद्ध 84 घाटों में पानी भर गया है। कई घाट पूरी तरह जलमग्न हो चुके हैं, और घाटों के किनारे बने मंदिरों में भी पानी घुस गया है। खास तौर पर अस्सी घाट, जो पर्यटकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा है, पूरी तरह डूब चुका है। यहां हर सुबह होने वाला 'सुबहे बनारस' का मंच भी गंगा की लहरों में समा गया है। स्थानीय प्रशासन ने गंगा के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए लोगों को गहरे पानी में न जाने की चेतावनी दी है। घाटों पर लगातार मुनादी की जा रही है और छोटी-बड़ी सभी नौकाओं के संचालन पर रोक लगा दी गई है। गंगा का जलस्तर वर्तमान में 68.94 मीटर पर पहुंच चुका है, जो चेतावनी निशान 70.262 मीटर के करीब है। खतरे का निशान 71.262 मीटर है, और जलस्तर 1 सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। यदि यह गति बरकरार रही, तो आने वाले दिनों में निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बन सकती है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

स्थानीय निवासी राकेश पांडेय ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में बताया, पानी में बढ़ोतरी तो हुई है, लेकिन फिलहाल स्थिर है। कोई नहीं बता सकता कि पानी बढ़ेगा या घटेगा। पर्यटकों का आना-जाना कम हो गया है। लोग घाटों पर नहीं आ रहे, बस दूर से नजारा देखकर चले जा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि गंगा आरती की संख्या भी कम हो रही है। पहले छह आरती होती थीं, फिर तीन, और अब एक या दो ही हो रही हैं।

ग्वालियर से आई पर्यटक शिवानी तोमर ने निराशा जताते हुए कहा, हम काशी घूमने आए थे, लेकिन घाटों पर पानी का तेज बहाव है।



### जिले में अब तक 670.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

बलरामपुर। कार्यालय भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में ०१ जून २०२५ से अब तक ६७०.९ मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। १६ जुलाई २०२५ को तहसील बलरामपुर में ७६.२ मि.मी., डौरा-कोचली में ९६.५ मि.मी., कुसमी में ८४.० मि.मी, सामरी में ४६.० मि.मी., चांदो में ५१.० मि.मी., शंकरगढ़ में ६६.० मि.मी., रामानुजगंज में ११८.२ मि.मी., रामचंद्रपुर में ९५.० मि.मी., राजपुर में ६०.२ मि.मी., वाड्रफनगर में ३८.२ मि.मी., रघुनाथनगर में २८.२ मि.मी. तथा चलगली में १०५.० मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है।

**पहला कालम**

## जनपद सदस्य एवं खाद विभाग के सभापति पर दर्जनों हितग्राहियों ने लगाया पीएम आवास की राशि गबन का आरोप

**रामानुजगंज (अम्बिकावाणी समाचार)।**
रामचंद्रपुर विकासखंड के दूरस्थ ग्राम डूमरपान में प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण में दर्जनों हितग्राहियों के राशि के गबन का गंभीर आरोप क्षेत्र के जनपद सदस्य एवं खाद विभाग के सभापति रामेश्वर यादव ने लगाते हुए मुख्य कार्यपाल अधिकारी को ज्ञापन सौप कार्यवाही की मांग की।



श्री यादव ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना अंतर्गत हितग्राही रामाधार पिता धनुकी,सत्यदेव पिता जीत सिंह, सोनेलाल पिता रूपसाय, मानिकचंद पितानारायण,मणिलाल पिता नारायण, अवध बिहारी यादव पिता सोमारू, शिव भजन पिता रामदास, जमुना पिता विश्वनाथ का आवास स्वीकृत हुआ था जिसके बाद सभी ने प्रधानमंत्री आवास बनाए परंतु आवास के लिए मनरेगा के तहत ९० दिन की मिलने वाली मजदूरी की राशि अन्य खाते में डाल दिया गया। जिससे हितग्राहियों को ९० दिन की राशि का भुगतान नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि सभी हितग्राही इसके लिए कई बार पंचायत प्रतिनिधियों को शिकायत भी किया परंतु कार्यवाही नहीं हुई ,न हीं उनका राशि वापस दिलाने के लिए कोई पहल हो सकी। हितग्राहियों ने आरोप लगाया कि पंचायत सचिव एवं रोजगार सचिव के द्वारा राशि निकाल ली गई है एवं मांगने पर सिर्फ घुमाया जा रहा है। मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक द्विवेदी ने कहा कि शिकायत मिली है जांच की जाएगी।

**ऐसे किया फजीवॉड़ा**

हितग्राहियों ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के लिए मनरेगा के तहत ९० दिन की मजदूरी मिलती है इस राशि को हम लोगों के खाते में ना डालकर दूसरे के खाते में डालकर पैसा को आहरित कर लिया गया।

**जनपद सदस्य मिलकर हितग्राहियों ने की शिकायत तो हुआ खुलासा**

जनपद सदस्य रामेश्वर यादव ने बताया कि हितग्राहियों के द्वारा मुझे बताया गया कि मनरेगा के तहत प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के लिए मिलने वाला राशि हितग्राहियों के खाते में न डालकर दूसरों के खाते में डालकर आहरित कर ली गई जब इसका मैं पता लगाया तो हितग्राहियों की शिकायत सही पाई इसके बाद मैं शिकायत की है।

## सरस्वती महाविद्यालय मे भारतीय ज्ञान परम्परा मे गुरु के महत्त्व विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन

**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
गुरुवार को सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय सुभाषनगर अंबिकापुर सरगुजा मे भारतीय ज्ञान परम्परा मे गुरु के महत्त्व विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रद्धा मिश्रा एवं विभागाध्यक्ष श्रीमती रानी रजक के नेतृत्व मे कराया गया।कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे डॉ. टोपलाल वर्मा सेवा निवृत प्राध्यापक प्रान्त संघचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रायपुर, हेमंत नाग विभाग प्रचारक सरगुजा केंद्र प्रणव भवन अंबिकापुर, नरेन्द्र सिन्हा टी. ओ. विभाग सम्पर्क प्रमुख सरगुजा उपस्थित हुए। तत्पश्चात कार्यक्रम का परिचय दिया गया कि आज हम सभी यहाँ एक अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रेरणादायी विषय भारतीय ज्ञान परम्परा में गुरु का महत्व पर आधारित इस विशेष कार्यक्रम के लिए एकत्रित हुए हैं।

भारतवर्ष की संस्कृति और सभ्यता सदियों से ज्ञान, सत?संग, और शिष्य परंपरा पर आधारित रही है। इस परंपरा का मूल स्तंभ हैं झ्र गुरु, जो न केवल ज्ञान के वाहक हैं, बल्कि शिष्य के जीवन को दिशा देने वाले, उसके चरित्र और भविष्य का निर्माण करने वाले पथप्रदर्शक भी हैं। साथ ही साथ इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय परंपरा में गुरु के महत्व को उजागर करना,युवाओं को अपने गुरुजनों के प्रति श्रद्धा, आदर और कृतज्ञता की भावना से जोड़ना,और यह समझाना कि आज के आधुनिक



युग में भी गुरु का मार्गदर्शन कितना आवश्यक है।इस कार्यक्रम में हम विभिन्न वक्ताओं के विचार, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, श्लोक-पाठ, और गुरु-वंदना जैसी सुंदर प्रस्तुतियों के माध्यम से इस विषय को गहराई से समझने का प्रयास करेंगे।तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा अपने उद्बोधन के शुरूवात मे कहा गया कि आज मुझे इस मंच से भारतीय ज्ञान परम्परा में गुरु के महत्व पर अपने विचार साझा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। यह विषय न केवल भारतीय संस्कृति की आत्मा है, बल्कि हमारी जीवन दृष्टि का मूल आधार भी है। तत्पश्चात उन्होंने गुरुकुल परंपरा और शिक्षा का स्वरूप को बताते हुए कहा कि प्राचीन भारत में गुरुकुल प्रणाली थी, जहाँ शिष्य अपने गुरु के आश्रम में रहकर न केवल विद्याध्ययन करते थे, बल्कि जीवन के नैतिक मूल्यों, अनुशासन, और सेवा-भाव को भी आत्मसात करते थे। वहाँ शिक्षा केवल किताबी नहीं होती थी, बल्कि वह चरित्र निर्माण का माध्यम भी थी। कार्यक्रम के अंत मे महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रद्धा मिश्रा जी द्वारा कार्यक्रम के बारे मे संक्षिप्त जानकारी दी गयी। साथ ही बताया गया कि हमारे जीवन में जो भी सफलता, ज्ञान और चरित्र है झ्र वह गुरु की देन है। इसलिए गुरु वंदना केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि हमारी कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है। गुरु जीवन की वह ज्योति हैं जो अज्ञान रूपी अंधकार को मिटा कर हमें सत्य के मार्ग पर चलना सिखाते हैं। हमें सदैव अपने गुरुजनों का आदर, सम्मान और आशीर्वाद प्राप्त करना चाहिए। कार्यक्रम मे महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रद्धा मिश्रा एवं विभागाध्यक्ष श्रीमती रानी रजक एवं सहायक प्राध्यापक श्रीमती प्रियलता जायसवाल, श्रीमती उर्मिला यादव, श्री मिथलेश कुमार गुर्जर, श्रीमती सुप्रिया ,सुश्री सविता यादव, सुश्री सीमा बंजारे, सुश्री पूजा रानी, सुश्री ज्योत्सना राजभर, सुश्री अर्चना सोनवानी, श्रीमती गोल्डन सिंह, श्री अजीत सिंह परिहार, श्री नितेश कुमार यादव, श्री सुन्दरराम एवं बी. एड प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति रही।

## हर्राटिकरा खेलो इंडिया सेंटर में फुटबॉल अस्मिता लीग का आयोजन

**बिश्रामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
खेलो इंडिया सेंटर हर्राटिकरा में अस्मिता सिटी लीग का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उदेश्य महिलाओं के बीच खेलों को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान कराना व महिलाओं को प्रेरित कर उभरती हुई प्रतिभाओं को बढ़ावा देना था। जिसमें शिवपुर, उमेश्वरपुर, खेलो इंडिया सेंटर हर्राटिकरा, खेलों इंडिया सेंटर अम्बिकापुर एवं कोरिया अमझर के कुल ५ टीम ने इस आयोजन में भाग लिया, जिसमें विजेता शिवनगर, उपविजेता खेलो इंडिया सेंटर हर्राटिकरा एवं तृतीय स्थान खेलो इंडिया सेंटर अम्बिकापुर का रहा। आयोजन में अतिथि के रूप में डिप्टी कलेक्टर सूरजपुर सुनील अग्रवाल, जिला खेल अधिकारी आरती पाण्डेय एवं सरपंच प्रतिनिधि सुन्दर दास, उपसरपंच संजय राजवाड़े, पंचायत सचिव धनेश्वर प्रजापति के हाथों विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। मंच संचालन आलम राजवाडे एवं सीमांचल त्रिपाठी ने किया। इस दौरान जिला फुटबॉल संघ सूरजपुर सचिव राम बहादुर लामा, श्रीराम राजवाड़े, रूपनारायण, मानसाय, चन्द्रकुमार भुवन रजक, हरीश राजवाडे, अनुराधे, महेन्द्र सिंह, प्रकाश गुप्ता व अन्य उपस्थित थे। रेफरी के रूप में रावेन्द्र वर्मा, अनमोल तिग्गा, रोहित रावत सक्रिय रहे।

## स्वच्छता के क्षेत्र में नपं बिश्रामपुर ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन, राष्ट्रपति के हाथों मिला सम्मान

**बिश्रामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
स्वच्छता की दिशा में लगातार किए जा रहे प्रयास अब रंग लाने लगा है। नगर पंचायत बिश्रामपुर ने देशभर में अपनी अलग पहचान बनाते हुए स्वच्छता लीग अवॉर्ड हासिल किया है। यह सम्मान स्वच्छ सर्वेक्षण २०२४ अंतर्गत भारत सरकार द्वारा आयोजित सुपर स्वच्छता लीग में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया, जो २० हजार से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में आता है। गौरतलब है कि दिल्ली में १७ जुलाई को आयोजित समारोह में जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एवं केंद्रीय आवास शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के हाथों बिश्रामपुर के नाम की घोषणा कर सम्मान प्रदान किया, तो वहां उपस्थित प्रतिनिधियों के



चेहरे गर्व से खिल उठे। यह पल न केवल बिश्रामपुर के लिए, बल्कि पूरे सूरजपुर जिले के लिए गौरव का क्षण रहा। ज्ञात हो कि नगर पंचायत बिश्रामपुर ने इस मंच पर छोटे नगरों की श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। इसकी पृष्ठभूमि में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक मुक्त अभियान, डिजिटल निगरानी प्रणाली, और सबसे अहम नागरिक सहभागिता जैसे प्रयासों की बड़ी भूमिका रही है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुशील कुमार तिवारी ने बताया कि यह सम्मान अचानक नहीं मिला। हमारी टीम ने हर स्तर पर तकनीकी, जनसहभागिता और सफाई के मानकों को लागू किया। हम बायो-वेस्ट को भी रिसायकल कर रहे हैं, जिससे पर्यावरणीय असर भी घटा है।नगर पंचायत अध्यक्ष निर्मला यादव ने कहा कि यह सम्मान पूरे नगर की मेहनत का नतीजा है। हमारे सफाईकर्मियों की सुबह की मेहनत से लेकर नागरिकों की जागरूकता तक, हर योगदान मायने रखता है। अब हमें इसे बरकरार रखना है और औरों के लिए मिसाल बनना है। सम्मान कार्यक्रम में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव, नपं बिश्रामपुर अध्यक्ष निर्मला यादव, सीएमओ सुशील कुमार तिवारी, नपं बिश्रामपुर उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, उपयंत्री गौरव कुमार अग्रवाल, पूर्व नपं अध्यक्ष राजेश यादव, पार्षद रविशंकर बउवा, रामजीत यादव उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ से बिश्रामपुर समेत ७ नगरीय निकायों को इस साल स्वच्छता के क्षेत्र में राष्ट्रीय पहचान मिली है।

## कृषक उन्नति योजना अंतर्गत किसानों को मिलेगी आदान सहायता राशि

बलरामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।
राज्य शासन द्वारा किसानों के लिए कृषि में पर्याप्त निवेश एवं कास्त लागत में राहत देने के लिए कृषक उन्नति योजना प्रारंभ की गई है। योजना का उद्देश्य फसल क्षेत्राच्छादन में वृद्धि तथा किसानों की आय व उत्पादन में वृद्धि करना है साथ ही फसल की कास्त लागत में कमी लाकर कृषकों की आय में वृद्धि तथा उनके सामाजिक, आर्थिक स्तर में भी सुधार करना है। योजना के द्वारा किसानों को उन्नत बीज, उर्वरक, कीटनाशक, मानव श्रम, यांत्रिकीकरण एवं नवीन कृषि तकनीकी में निवेश को प्रोत्साहन करना है।

उप संचालक कृषि श्री रामचन्द्र भगत ने जानकारी दी है कि कृषक उन्नति योजना का लाभ उन्हीं कृषकों को मिलेगा जिन्होंने एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन कराया होगा। योजना के अंतर्गत कृषकों को आदान सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके खातों में हस्तांतरित की जाएगी। खरीफ वर्ष २०२५ में किसानों से उपार्जित धान की मात्रा पर, धान (कामन) पर ७३१ रुपये प्रति क्विंटल अधिकतम राशि १५३५१ प्रति एकड़ तथा धान (ग्रेड-ए) पर ७११ रुपये प्रति क्विंटल अधिकतम राशि १४९३१ रुपये प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि प्रदान किया जाएगा। विगत खरीफ में एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत ऐसे कृषक जिन्होंने धान फसल लगाई हो तथा सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया हो उन्हें धान के स्थान पर अन्य खरीफ फसल हेतु एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन तथा गिरदावरी के रकबे की पुष्टी उपरांत मान्य रकबे पर ११००० प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि प्रदान किया जाएगा।

## सदस्यता सत्यापन के पहले दिन बीएमएस पहले एटक दूसरे नंबर पर

**बिश्रामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
एसईसील बिश्रामपुर में गुरुवार १७ जुलाई से शुरू हुए दो दिवसीय सदस्यता सत्यापन में पहले दिवस बीएमएस से संबद्ध अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ अन्य यूनियनों से आगे चल रही है।प्रबंधन से प्राप्त आंकड़े के मुताबिक अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ ७६६ सदस्यों के साथ एक नंबर पर है वहीं संयुक्त कोयला मजदूर संघ (एटक) ६८७ सदस्यों के साथ दूसरे नंबर पर जबकि कोयला मजदूर सभा (एचएमएस) १९१ सदस्यों के साथ तीसरे एवं ६४ सदस्यों के साथ साउथ ईस्टर्न कोयला मजदूर कांग्रेस(इंटक) चौथे नंबर पर बताई गई है।जबकि नोटा के पक्ष में ३६ सदस्यों ने प्रबंधन के समक्ष अपनी उपस्थिति



दर्ज कराई है।इस वर्ष विभिन्न यूनियनों ने सदस्यता की राशि भी पहले के अपेक्षा बढ़ा दी है।

एचएमएस की सदस्यता लेने इस वर्ष कामगारों को सबसे अधिक एक हजार रु देने होंगे जबकि बीएमएस ७८० रु,एटक ८००रु , इंटक ८५० रु सदस्यता राशि ले रही है।जबकि चौथी यूनियन इस सदस्यता अभियान से शुरू से अपने आप को अलग रखी है।सीटू नेता डीएस सोढ़ी ने बताया कि सीटू की सदस्यता श्रमिक बारहों माह कभी भी ले सकता है और वह श्रमिकों को सदस्य बनाने सबसे कम महज १८० रु ही लेती है।बता दें कि बिश्रामपुर क्षेत्र में ढाई हजार के करीब अधिकारी कर्मचारी कार्यरत हैं जिनमें कामगारों की सदस्यता का सत्यापन गुरुवार और शुक्रवार को होना है इन दो दिनों में जो कामगार छूट जाएंगे उन्हें पच्चीस जुलाई को आखिरी अवसर दिया जाना निर्धारित हुआ है।सदस्यता सत्यापन के पहले दिन बीएमएस और एटक के कार्यकर्ता पदाधिकारी केंद्रीय नेता अजय विश्वकर्मा और पंकज गर्ग की अगुआई में सक्रिय रहे।वही बीएमएस से महामंत्री सुजीत सिंह,अमरपाल मिश्रा,सरोज सिन्हा और उनकी पूरी टीम जुटी थी , एचएमएस से परमजीत सिंह,अरविंद सिंह,नरेंद्र सिंह,सूर्यबली यादव सहित अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता सक्रिय हैं।इंटक से अजीत यादव सदस्यता सत्यापन में अपनी संख्या बढ़ाने पूरी ताकत झोंक रखा है।

## रेलवे रैक प्वाइंट के कारण सड़क बदहाल,ग्रामीण परेशान

**बिश्रामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
सड़क पर ट्रक, जाम में एम्बुलेंस, धूल में जीवन और रेलवे की चुप्पी ये हालात हैं ठाकुरपुर-अजिरमा मार्ग की। जहां रेलवे साइडिंग की अव्यवस्था और भारी वाहनों की आवाजाही ने चार गांवों की जिंदगी को नर्क बना दिया है। युवा कांग्रेस भटगांव विधानसभा अध्यक्ष विक्की समद्दार ने लोगों की समस्याओं को लेकर गुरुवार को डीआरएम, एफसीआई प्रबंधक बिश्रामपुर को ज्ञापन सौंपते हुए ४८ घंटे का अल्टीमेटम जारी किया है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि अंबिकापुर रेलवे स्टेशन के पीछे बनाए गए रेक साइडिंग पर प्रतिदिन एफसीआई चावल के भारी वाहन आते हैं, जो सड़क पर जाम, धूल, गड्ढों और आवागमन की तबाही छोड़ जाते हैं।



इस मार्ग का उपयोग ठाकुरपुर, आमगांव, अजिरमा और बिशुनपुरखुर्द गांवों के हजारों ग्रामीण रोजमर्रा की आवाजाही में करते हैं। लेकिन अब यही रास्ता उनके लिए आवागमन का संकट और खतरे की घंटी बन चुका है। यह केवल सड़क की बात नहीं है, यह चार गांवों की जीवनरेखा की बात है। ज्ञापन में यह भी उल्लेखित है कि कुछ दिनों पूर्व जब मार्ग पर ट्रक फंस गए थे, तब एम्बुलेंस सेवा भी बाधित हो गई थी। गांव के लोगों को न अस्पताल पहुंचने दिया गया और न राहत मिली। यही वजह है कि अब ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त हो गई है और आंदोलन की चेतावनी दी गई है। जिस सड़क का उपयोग ट्रक चालक कर रहे हैं, वह प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत बनी है, जिस पर भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह वर्जित है। बावजूद इसके रेलवे और नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा खुलेआम नियमों की अनदेखी कर भारी वाहनों से चावल की ढुलाई जारी है। ज्ञापन में मांग की गई है कि रेलवे रेलवे स्टेशन साइडिंग से अजिरमा बैरियर तक डामरीकरण करें। सड़क की मजबूती और चौड़ाई का ध्यान रखते हुए मरम्मत कार्य हो।

इस पर भारी वाहनों की वैकल्पिक व्यवस्था बनाई जाए या नए ट्रांसपोर्ट मार्ग का निर्माण हो। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि ४८ घंटे के भीतर कोई ठोस कार्य प्रारंभ नहीं होता, तो सभी ग्रामीणजन सड़क पर उतरेंगे और उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## 10,000 से अधिक डॉग्स का रेस्क्यू करने वाले 'बेजुबान शेल्टर' ने पूरे किए 5 वर्ष

### सेवा के इस जज्बे को पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने किया नमन

**अंबिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
क्षेत्र में घायल और चोटिल हुए डॉग्स कि देखभाल और उनके इलाज के लिये सुरु किये गए बेजुबान डॉग्स शेल्टर ५ वर्ष पूरे होने पर संस्था के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव ने सदस्यों के कार्यों की सराहना करते हुए आम जनों से बेजुबानों को नुकसान न पहुंचने की अपील की है
अंबिकापुर के पढ़े-लिखे युवा सुधांशु शर्मा के द्वारा ५ वर्ष पूर्व बेजुबानों के इलाज और उनकी देखभाल के लिये बेजुबान डॉग शेल्टर की न्यू रखी गई थी, जिसके ५ वर्ष पूरे हो चुके हैं इन ५ वर्षों में सुधांशु शर्मा और उनकी टीम ने अब तक लगभग १० हजार से अधिक घायल और चोटिल हुए डॉग्स का रिस्क कर उनका उपचार किया है, जिसमें शहर वासियों का भी उन्हें भरपूर समर्थन मिल रहा है, संस्था के ५ वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया जिसमें शामिल हुए पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव ने संस्था के कार्यों की सराहना कि,साथ ही



शेल्टर का निरीक्षण कर बेजुबानों को नुकसान न पहुंचने की आम जनों से अपील की है बेजुबान डॉग शेल्टर के संस्थापक सुधांशु शर्मा ने बताया संभाग भर से लगभग १० हजार डॉग्स का रेस्क्यू किया गया है लोगों के द्वारा घायल किए गए और अन्य दुर्घटनाओं में घायल हुए ऐसे डॉग्स का रेस्क्यू कर उनका इलाज किया गया है जिनके इलाज के लिए शेल्टर में ही एक छोटी डिस्पेंसरी भी बनाई गई है जहां घायल डॉग्स का सदस्यों के द्वारा उपचार किया जाता है, साथ ही इन्हें रखने के लिए उचित व्यवस्था का इंतजाम भी किया गया है जिससे इन्हें किसी प्रकारों की दिक्कतों का सामना करना ना पड़े,बेजुबानों के प्रति लोगों को जागरूक करने शहर के युवा सुधांशु शर्मा ने एक बेहतर प्रयास किया है जिनके काम की सराहना शहर के साथ-साथ जिले के लोग कर रहे हैं, और बढ़-चढ़कर इनका समर्थन कर रहे हैं अभी भी कई ऐसे लोग भी हैं जिनके कारण बेजुबान घायल और चोटिल भी हो रहे हैं जिनसे बेजुबान डॉग शेल्टर ने इन्हें सुरक्षित रखने की अपील की है इसी के साथ संस्था के सदस्य तरुण यादव,गजेंद्र सिंह,सूर्या रवि,अमन ठाकुर,हर्ष,ओम,जयंत तिवारी व अन्य शामिल रहे।

## मां की गोद से नाला में गिरी मासूम का दूसरे दिन भी नहीं चला पता

**बिश्रामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
मगरीहा नाला पार करने के दौरान मां के हाथों से तेज बहाव पानी में गिरी तीन महीने की मासूम का आज दूसरे दिन भी कोई सुराग नहीं मिल पाया है। डीडीआरएफ टीम की रेस्क्यू आज दूसरे दिन भी जारी रही। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत गेतरा निवासी सरिता अपने तीन माह की नन्हीं बच्ची को गोद में लिए मगरीहा नाला बुधवार की दोपहर करीब साढ़े १२ बजे पार कर रही थी, तभी मगरीहा नाला की उफनती लहरों में महिला के गोद से तीन महीने की मासूम बच्ची अचानक नाला में गिर गई, और तेज बहाव में बह गई। सूचना मिलते ही डीडीआरएफ सुरजपुर की टीम मौके पर पहुंच रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया लेकिन कोई सफलता हासिल नहीं हो सका। इसके बाद आज दूसरे दिन गुरुवार को पुनः डीडीआरएफ सुरजपुर की टीम द्वारा आज दुबारा बच्ची की तलाशी के लिए रेस्क्यू टीम ने प्रयास किया लेकिन मासूम का कोई सुराग नहीं मिल सका है।

# ऊर्जा वार्ता में छत्तीसगढ़ का दमदार पक्षः लखनलाल देवांगन ने रखी पाइपलाइन और गैस नेटवर्क की माँग



**कोरबा अम्बिकावाणी** - भारत मंडपम, नई दिल्ली में केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी की अध्यक्षता में राज्यों के उद्योग मंत्रियों के साथ ऊर्जा वार्ता बैठक का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य की ओर से वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने प्रतिनिधित्व किया। बैठक में केंद्रीय मंत्री ने प्राकृतिक गैस और पेट्रोलियम सेक्टर की भावी संभावनाओं तथा निमार्णाधीन परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। मंत्री लखनलाल देवांगन ने इस अवसर पर छत्तीसगढ़ से संबंधित प्रमुख मुद्दों को उठाया और केंद्र सरकार का ध्यान प्रदेश की ऊर्जा संबंधी आवश्यकताओं की ओर आकर्षित किया।

**जल्द पूरी होगी नागपुर-झारसुगुड़ा गैस पाइपलाइन**

मंत्री श्री देवांगन ने बताया कि नागपुर से झारसुगुड़ा तक ६९२ किलोमीटर लंबी नेचुरल गैस पाइपलाइन परियोजना में अब केवल दो किलोमीटर कार्य शेष है, जिसे शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। इस पाइपलाइन के पूरा होने के बाद रायपुर, भिलाई, दुर्ग, कोरबा, रायगढ़, बिलासपुर और राजनांदगांव जैसे प्रमुख शहरों में सिटी गैस नेटवर्क की स्थापना कर उपभोक्ताओं के घरों तक गैस की आपूर्ति की जाएगी।

**विशाखापट्टनम-रायपुर गैस पाइपलाइन से सुगम होगी आपूर्ति**

मंत्री देवांगन ने यह भी बताया कि हाल ही में शुरू हुई विशाखापट्टनम से रायपुर तक की ५४० किलोमीटर लंबी पाइपलाइन परियोजना के पूर्ण होने पर छत्तीसगढ़ में गैस की आपूर्ति और भी सुगम और सुलभ हो सकेगी। बैठक में बस्तर क्षेत्र में कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट तथा लिक्विफाइड नेचुरल गैस स्टेशन की स्थापना को लेकर भी विस्तार से समीक्षा की गई। मंत्री देवांगन ने बताया कि वर्ष २०२२-२३ में ष्क्क्त्र प्लांट के लिए १५ से २० एकड़ भूमि की मांग क्रेडा के माध्यम से की गई थी, जिसकी प्रक्रिया तेजी से जारी है। इसी तरह जगदलपुर-नगरनार रोड पर रुह्त्र स्टेशन के लिए वर्ष २०२२-२३ में बस्तर कलेक्टर द्वारा ढाई एकड़ भूमि आवंटित की जा चुकी है। मंत्री ने कहा कि अब इन दोनों परियोजनाओं की स्थापना की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। बैठक में मंत्री के साथ सीएसआईडीसी के प्रबंध संचालक श्वेश कुमार एवं ईडी आलोक त्रिवेदी भी मौजूद रहे।

## छोटी खबरें

### कोरबा में एसीबी की बड़ी कार्रवाईः ट्रांसफर के एवज में 2 लाख की रिश्वत लेते शिक्षक रंगे हाथों गिरफ्तार



**कोरबा अम्बिकावाणी-** जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ जारी मुहिम के तहत आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (एसीबी) को एक बड़ी सफलता मिली है। एसीबी बिलासपुर इकाई ने बुधवार १७ जुलाई को एक शिक्षक को ट्रांसफर के बदले २ लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी शिक्षक का नाम विनोद कुमार सांडे है, जो कि शासकीय माध्यमिक शाला बेला (जिला कोरबा) में पदस्थ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक ९ जुलाई को प्राथमिक शाला केसला, कोरबा में पदस्थ प्रधान पाठक रामायण पटेल ने एसीबी को शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि उसकी पत्नी भी उसी विद्यालय में शिक्षिका के पद पर पदस्थ है। आरोपी विनोद कुमार ने खुद को डीईओ और बीईओ से नजदीकी संपर्क में बताते हुए कहा कि उनकी पत्नी का स्थानांतरण दूरस्थ विद्यालय में किया जा सकता है, लेकिन यदि २ लाख रुपये की रिश्वत दी जाए तो वह ट्रांसफर को ओमपुर जैसे नजदीकी स्कूल में करवा सकता है। शिकायत का एसीबी द्वारा सत्यापन कराया गया, जो सही पाई गई। इसके बाद एसीबी ने ट्रैप की योजना बनाई। योजना के तहत १७ जुलाई को प्रार्थी के कोरबा स्थित निवास स्थान पर आरोपी विनोद कुमार सांडे को २ लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया। एसीबी ने आरोपी शिक्षक से रिश्वत की रकम बरामद कर ली है। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम १९८८ की धारा ७ के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है। जल्द ही उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा।

**एसीबी की मुहिम लगातार जारी** - एसीबी सूत्रों के अनुसार, प्रदेश में भ्रष्टाचार के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा। भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है, ताकि सरकारी तंत्र को पारदर्शी और जवाबदेह बनाया जा सके।

### भारतीय वायु सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित

**कोरबा अम्बिकावाणी** - भारतीय वायुसेना में भर्ती हेतु कार्यालय भोपाल द्वारा छत्तीसगढ़ के अविवाहित पुरूष एवं महिला आवेदकों से अग्निवीर वायु वर्ष २०२६ हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं।

भारतीय वायुसेना में अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है जो ३१ जुलाई २०२५ रात्रि ११.०० बजे तक खुली रहेगी। इसके लिए ऑनलाईन फार्म एवं विस्तृत जानकारी भारतीय वायुसेना के वेबसाईट www.agnipath-vayu.cdac.in पर उपलब्ध है। ऐसे आवेदक जिनका जन्म ०२ जुलाई २००५ एवं ०२ जनवरी २००९ के बीच हुआ है और जो १०+ २ या समकक्ष परीक्षा विज्ञान समूह जैसे - गणित भौतिकी एवं अंग्रेजी में किसी मान्यता प्राप्त केन्द्रीय राज्य या केन्द्र शासित राज्य बोर्ड से न्यूनतम ५० प्रतिशत अंकों के साथ जिसमें अंग्रेजी विषय में ५० प्रतिशत अंक हो। २ वर्षीय डिप्लोमा कोर्स इंजीनियरिंग जैसे इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाईल, कम्प्यूटर साइंस, इस्ट्रूमेंटेशन टेक्नोलॉजी, इंफोरमेशन टेक्नोलॉजी इत्यादि। मान्यता प्राप्त बोर्ड अथवा राज्य, केन्द्र शासित राज्य से ५० प्रतिशत अंकों के साथ तथा जिसमें इंटरमिडिएट/मैट्रिकुलेशन में अंग्रेजी विषय में ५० प्रतिशत अंक हो/ २ वर्षीय व्यावसायिक कोर्स हो तथा जो छत्तीसगढ़ का निवासी है। ऑनलाईन पंजीयन कर सकते हैं।

### एम.एड. सत्र 2025-27 हेतु अंतिम चयन एवं प्रतीक्षा सूची जारी

**रायपुर।** शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.) में सत्र 2025-27 के लिए एम.एड. (विभागीय/सीधी भर्ती) अभ्यर्थियों की अंतिम चयन सूची एवं अंतिम प्रतीक्षा सूची जारी कर दी गई है। यह सूची शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय की वेबसाइट तथा राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की वेबसाइट पर देखी जा सकती है। चयन सूची एवं प्रतीक्षा सूची से सम्बंधित दावा-आपत्ति दिनांक 15 जुलाई 2025 से 21 जुलाई 2025 तक प्रस्तुत की जा सकती है। निर्धारित तिथि के बाद किसी भी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।

# जान जोखिम में डालकर नदी पार करने मजबूर ग्रामीण और छात्र

**कोरबा के पितनी नदी पर अब तक नहीं बना पुल, 1.78 करोड़ की लागत वाला प्रस्ताव फाइलों में अटका**



**कोरबा अम्बिकावाणी** - कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम उतरदा-रेलडबरी के ग्रामीण आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। यहां पितनी नदी पर पुल नहीं होने के कारण ग्रामीणों और विद्यालयीन छात्रों को हर दिन जान जोखिम में डालकर नदी पार करनी पड़ रही है। बारिश के दिनों में यह जोखिम और भी बढ़ जाता है।

नदी पार करने के लिए ग्रामीणों के पास दो ही विकल्प हैं—या तो वे लगभग १५ किलोमीटर का लंबा चक्कर लगाकर गांव तक पहुंचे, या फिर नदी के तेज बहाव के बीच से होकर गुजरें। विशेषकर स्कूली बच्चे अपने बैग और यूनिफॉर्म को बचाते हुए किसी तरह नदी पार करते हैं। कई बार पानी अधिक होने पर छात्रों को विद्यालय से छुट्टी लेनी पड़ती है, जबकि कुछ छात्र गीले कपड़ों में ही स्कूल पहुंचते हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की मांग पर यहां लगभग ३० मीटर लंबे पुल का प्रस्ताव तैयार किया गया है, जिसकी अनुमानित लागत १ करोड़ ७८ लाख रुपए है। इस कार्य के लिए लोक निर्माण विभाग को निर्माण एजेंसी नियुक्त किया गया है, लेकिन अभी तक निविदा प्रक्रिया प्रारंभ नहीं की गई है। इधर, प्रशासन ने बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों को सतर्क किया है, लेकिन बच्चों के भविष्य की चिंता में अभिभावक उन्हें जोखिम के बावजूद विद्यालय भेजने को मजबूर हैं। यह मार्ग न केवल छात्रों, बल्कि आसपास के गांवों के हजारों ग्रामीणों के रोजाना आवागमन का प्रमुख जरिया है।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि इस पुल की निविदा प्रक्रिया जल्द शुरू कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका को रोका जा सके।

## एलएचबी कोच के ब्रेक सिस्टम की जांच अब होगी और भी आसान

**रायपुर।** फेल्युर इंडिकेशन ब्रेक एप्लीकेशन एफआईबीए डिवाइस, जो कि आधुनिक एलएचबी कोचों में लगाया जाता है, एक अत्यंत महत्वपूर्ण सुरक्षा उपकरण है। इसका मुख्य उद्देश्य ब्रेक सिस्टम में किसी भी असामान्यता की सूचना देना होता है, जिससे यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इस डिवाइस का सटीक और प्रभावी परीक्षण आवश्यक है, किंतु अब तक इसका परीक्षण एक श्रमसाध्य और समय लेने वाली प्रक्रिया रही है। किसी भी डिफेक्टिव या ओवरहॉल किए गए एफआईबीए डिवाइस का परीक्षण करने के लिए कोच से इसे खोलना पड़ता है, जिसमें लगभग 1 से 2 घंटे का समय लगता है और 2 से 3 कर्मचारियों की आवश्यकता होती है।

इन्हीं चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कोचिंग डिपो, दुर्ग द्वारा ३एफआईबीए डिवाइस टेस्टिंग गैजेट३ का इन-हाउस निर्माण किया गया है। यह अभिनव गैजेट अप्रयुक्त व रिलीज्ड सामग्रियों का उपयोग करके तैयार किया गया है और इसकी कुल लागत केवल 7000 है। इसका सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह गैजेट पूरी तरह से पोर्टेबल है और इसे पिट लाइन,आईओएच शेड, सिक लाइन, ओईएम लाइन जैसे किसी भी स्थान पर वायवीय आपूर्ति (न्यूमैटिक सप्लाई) के साथ आसानी से उपयोग में लाया जा सकता है। इसकी मदद से मात्र एक कर्मचारी भी डिवाइस का परीक्षण सुगमता से कर सकता है। इस गैजेट में प्रेशर वेसल (क्षमता 21 लीटर), तीन-पथ आइसोलेटिंग कॉक, ब्रेक इंडिकेटर, डुप्लेक्स चेक वाल्व, विभिन्न आकार के बॉल वॉल्व, बीपी एवं एफपी प्रेशर गेज, विभिन्न माप की स्टेनलेस स्टील पाइपें आदि प्रमुख उपकरण शामिल हैं। यह तकनीकी नवाचार भारतीय रेलवे के आत्मनिर्भरता और नवाचार के विजन का सशक्त उदाहरण है, जिसका उद्देश्य स्थानीय स्तर पर तकनीकी समाधान विकसित कर सुरक्षित, आधुनिक एवं कुशल रेलवे प्रणाली की दिशा में सतत प्रयास करना है।

## स्मृति पुस्तकालय योजना की हुई शुरूआत, पहले दिन दानदाताओं ने खुलकर किया दान मिली 804 से अधिक पुस्तकें

**रायपुर।** अच्छी किताबें पढ? के बाद हम सभी चाहते हैं कि जो विद्या हमने इससे सीखी है उसे दूसरों तक भी पहुंचाएं और इसके लिए पुस्तकालयों को किताबें देने से बेहतर कुछ नहीं जहां किताबों के प्रेमी आते हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय हमेशा पठन-पाठन को बढ़ावा देने का जतन करते हैं और उनके निदेर्शानुसार जिला प्रशासन रायपुर द्वारा पुस्तकालय उत्कर्ष योजना की शुरूआत की गई है इस योजना के तहत लोग प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित किताबें, साहित्यिक किताबें एवं अन्य जानकारीपरक किताबें दान कर सकेंगे ताकि इसका लाभ बड़ी आबादी को मिल सके। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के मार्गदर्शन में पुस्तकालय उत्कर्ष योजना की शुरूआत आज रेडक्रास सभाकक्ष में की गई। जिसका उद्देश्य जरूरतमंद विद्यार्थियों का उनके पाठयक्रम व प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु आवश्यक पुस्तकें व साहित्य प्रेमी लोगों के लिए हेतु पुस्तके उपलब्ध कराना तथा समाज के सभी वर्ग में पठन अभिरूची का विकास कराना है। आयोजित इस कार्यक्रम में 33 दानदाताओं ने 804 पुस्तकें दान में दी। इनमे विद्यार्थियों द्वारा दी गई स्कूली किताबें शामिल हैं तो योजना प्रकाशन द्वारा 1.50 लाख रूपए की हाल ही में प्रकाशित हुई किताबें दी गई। साथ ही राहुल कुमार सिंह और सेवानिवृत इंजीनियर श्री राम टेके द्वारा पुरातत्व पर आधारित स्वयं की लिखी हुई किताबे दान की। वहीं रोल बोल फांउडेंशन ने लैपटाप दिया।

## कलेक्टर ने किया बाल सुधार गृह और प्रधानमंत्री आवास दादर खुर्द का निरीक्षण- बाल सुधार गृह को पूर्ण कर महिला एवं बाल विकास विभाग को हैंड ओव्हर करने के दिए निर्देश

**पीएम आवास योजना अन्तर्गत आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों का सूची बनाने और बरसात के बाद शिफटिंग के दिये निर्देश**



**कोरबा अम्बिकावाणी** - कलेक्टर अजीत वसंत ने आज बाल सुधार गृह कोहड़िया और प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत दादर खुर्द में बने मकान का निरीक्षण किया। उन्होंने निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय को निर्देशित किया कि बाल सुधार गृह के एक ब्लाक को १५ दिवस के भीतर एवं शेष तीन ब्लाक को एक माह के भीतर पूर्ण कर महिला एवं बाल विकास विभाग को हैंड ओव्हर करें। कलेक्टर ने बाल सुधार गृह में भवन तक पूर्व में पहुंच मार्ग नहीं होने की बात सामने आने के पश्चात पहुंच मार्ग बनाने के निर्देश दिये थे। निरीक्षण के दौरान उन्होने निगम आयुक्त से सड़क से भवन तक बनाये गये पहुंच मार्ग की भी जानकारी ली।

कलेक्टर ने ग्राम दादर खुर्द में प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत निर्मित मकानों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देशित किया कि योजना के तहत आवास आवंटियों को बरसात के पश्चात शिफ्टिंग किया जाना सुनिश्चित किया जाये। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जो आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति हैं और पैसा जमा नहीं कर सकते हैं, उनकी सूची बना ली जाये। ताकि ऐसे जरूरतमंद आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों पर आवास आबंटन के संबंध में विचार किया जा सके। इस दौरान निगम के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## आईटीआई करतला में प्रवेश हेतु आनलाइन आवेदन 23 जुलाई तक

**कोरबा अम्बिकावाणी** - शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था करतला जिला कोरबा में संचालित एकवर्षीय पाठ्यक्रम व्यवसाय- कोपा, मेकेनिक डीजल और वेल्डर तथा द्विवर्षीय पाठ्यक्रम व्यवसाय विद्युतकार एवं फिटर में रिक्त स्थानों में प्रवेश के लिए २३ जुलाई २०२५ तक आवेदन किया जा सकता है। प्रवेश हेतु इच्छुक आवेदक संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण द्वारा जारी विभागीय वेबसाइट- cgiti.admissions.nic.in पर जाकर आनॅलाईन आवेदन कर सकते है। संस्था के अधीक्षक से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व के आवेदक जो अगली चरण में शामिल होना चाहते हैं उन्हें अपने लागिन आईडी एवं पासवर्ड से लागिन कर अपनी प्रोफाइल संस्था/व्यवसाय के प्राथमिकता क्रम का चयन पुनः किया जाना अनिवार्य होगा। अन्यथा उन्हें अगले चरण में शामिल नहीं किया जायेगा।


**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा०प्र०क्र०-/............/अ-6/2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका श्रीमती सीता देवी पत्नि श्री चिरंजीलाल अग्रवाल, जाति बोस्टन, निवासी सदर रोड़, अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा तदाशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, कि आवेदिका द्वारा अनावेदक जयदास जी आ० श्री सिकन्दर दास, जाति खत्री निवासी नगर बाबूपारा, अम्बिकापुर के स्वामित्व व अधिपत्य की नगर अम्बिकापुर, शीट नं. 08 मोहल्ला- अग्रसेन वार्ड स्थित नजूल प्लॉट नं. 2827/2 रकबा 0.015 हे० भूमि को पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 06.03.1984 के माध्यम से क्रय किया गया है।

अतः उक्त पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर उक्त क्रयशुदा भूमि के नजूल अभिलेख में आवेदिका द्वारा स्वयं का नाम दर्ज कराने हेतु पंजीकृत विक्रय पत्र की छायाप्रति, मयदस्तावेज सहित आवेदन पत्र, अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 30/07/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07/07/2025 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर



**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा०प्र०क्र०-/............/अ-6/2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, राकेश कुमार बंसल पिता श्री राम अग्रवाल, उम्र-49 वर्ष, जाति अग्रवाल, निवासी जयस्तंभ चौक, अग्रसेन वार्ड अ०पुर जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा तदाशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, कि अनावेदक दिनेश कुमार बंसल आ० श्री राम अग्रवाल के द्वारा स्वयं के स्वामित्व व अधिपत्य की नगर अम्बिकापुर, शीट नं. 09 मोहल्ला - बाबूपारा स्थित नजूल प्लॉट नं. 3467/4866/298 में से रकबा 24×50 =1200 वर्गफीट भूमि का पंजीकृत दान पत्र दिनांक 12.06.2025 का निष्पादन आवेदक के पक्ष में किया गया है।

अतः उक्त पंजीकृत दान पत्र के आधार पर उक्त दानशुदा भूमि के नजूल अभिलेख में आवेदक द्वारा स्वयं का नाम दर्ज कराने हेतु पंजीकृत दान पत्र की छायाप्रति, मयदस्तावेज सहित आवेदन पत्र, अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 30/07/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07/07/2025 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर



**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा०प्र०क्र०-/............/अ-6/2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक सुशील बंसल पिता श्री राम अग्रवाल, उम्र-56 वर्ष, जाति अग्रवाल, निवासी जयस्तंभ चौक, अग्रसेन वार्ड अ०पुर जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा तदाशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, कि अनावेदक दिनेश कुमार बंसल आ० श्री राम अग्रवाल के द्वारा स्वयं के स्वामित्व व अधिपत्य की नगर अम्बिकापुर, शीट नं. 09 मोहल्ला- बाबूपारा स्थित नजूल प्लॉट नं. 3467/4866/298 में से रकबा 23×50 =1150 वर्गफीट भूमि का पंजीकृत दान पत्र दिनांक 12.06.2025 का निष्पादन आवेदक के पक्ष में किया गया है।

अतः उक्त पंजीकृत दान पत्र के आधार पर उक्त दानशुदा भूमि के नजूल अभिलेख में आवेदक द्वारा स्वयं का नाम दर्ज कराने हेतु पंजीकृत दान पत्र की छायाप्रति, मयदस्तावेज सहित आवेदन पत्र, अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 30/07/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07/07/2025 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0................./अ-2/2024-25

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कमरूजमा पिता असरफ अली जाति मुसलमान निवासी श्रीगढ़ तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम श्रीगढ़ तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) खसरा नंबर 102/15, रकबा 0.012 हे० भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र, रजिस्ट्री की प्रति, आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 31/07/2025 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.), अम्बिकापुर



**ईश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र अभिषेक प्रजापति का नाम उसके आधार परिचय पत्र क्रमांक 8249 7078 6129 में त्रुटिवश अभिषेक प्रजापति की जगह अभि प्रजापति अंकित हो गया है, जिसे मैं सुधार करना चाहता हूं तथा त्रुटि पूर्ण नाम अभि प्रजापति के स्थान पर आधार परिचय पत्र में अभिषेक प्रजापति अंकित कराना चाहता हूं।

अतः सर्वसाधारण आज के बाद मेरे पुत्र को अभि प्रजापति के स्थान पर सही नाम अभिषेक प्रजापति के रूप में जाने एवं समझे।

**ईश्तहार दाता**
मोहर साय प्रजापति
पिता स्व.अमीर साय
जाति-कुम्हार
निवासी-ग्राम चकेरी
थाना तहसील उदयपुर
जिला सरगुजा छत्तीसगढ़



**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम ऋषभ कुमार रावत (RAISHABH KUMAR RAVAT) पिता श्री ईश्वर लाल (ISHWAR LAL) अपना पुराना नाम को बदल कर नया नाम ऋषभ कुमार रावत (RISHABH KUMAR RAWAT) पिता श्री ईश्वर लाल (ISHWAR LAL), निवासी- मकान नं० 810 बी 17 वार्ड न0 68 सुलाखे गली चनगोराभाठा रायपुर छ०ग० 492013 रख लिया हूं।

अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजो में नया नाम ऋषभ कुमार रावत (RISHABH KUMAR RAWAT) पिता श्री ईश्वर लाल (ISHWAR LAL) से जाना एवं पहचाना जाय।

**शपथकर्ता**
ऋषभ कुमार रावत
(RISHABH KUMAR RAWAT)
मकान नं० 810 बी 17 वार्ड नं० 68 सुलाखे गली चनगोराभाठा रायपुर छ०ग० 492013



**न्यायालय तहसीलदार सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./1312/ब-121/2024
सूरजपुर 16/07/2025

**ईश्तहार**

आवेदक का नाम मानिक चन्द प्रजापति आ. स्व. किसुन राम जाति कुम्हार निवासी ग्राम रामनगर प.ह.नं. 19 तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर छ.ग. ने अपने माता स्व. रामदुलारी का मृत्यु दिनांक 10/08/2024 का मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 30/07/2025 को समय 11.00 बजे इस न्यायालय में अपना स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। तद्नुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/07/2025 को जारी किया गया।

तहसीलदार
सूरजपुर
जिला सूरजपुर

> किसी चीज को समझने के लिए ज्ञान की आवश्यकता होती है किन्तु उसे महसूस करने के लिए अनुभव की आवश्यकता होती है।
> 0 ब्रम्हकुमारी

संपादकीय

## आत्मनिर्भरता देश की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण

*अधिकतर उपकरण जो हम पहले आयात करते थे, अब देश में ही बनाए जा रहे हैं। अधिकारियों को बाहरी ऑडिट या सलाहकारों पर निर्भर रहने की बजाय आत्मावलोकन द्वारा आंतरिक सुधार करने की सलाह भी दी। बीते साल वैश्विक सैन्य व्यय के तकरीबन पौने तीन लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर पर पहुंचने की चर्चा करते हुए रक्षा मंत्री ने इसे स्वदेशी रक्षा उद्योग के लिए अपार अवसर बताया। इस संबोधन में अनिश्चितता व शांति के समय को भ्रम बताने के पीछे की उनकी रणनीति चुनौती के तौर पर समझी जा सकती है। बेशक, मुल्क के आंतरिक व सीमापार से होने वाले हमलों पर गोपनीयता बरतना हितकारी है मगर ऐसे किसी भी संकट के प्रति सरकार को सेना को सतर्क भी रखना होगा। मेक इन इंडिया के लॉन्च के बाद यानी 2014-15 से 2023-24 तक भारत का रक्षा उत्पादन 1.27 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। रक्षा मंत्रालय ने 2024-25 में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के 193 अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं। हालांकि इनमें से 92त्न घरेलू रक्षा उद्योग को दिए गए। रक्षा उपकरणों पर आत्मनिर्भरता देश की सुरक्षा के लिए महत्त्वपूर्ण है, बल्कि यह उन महाशक्तियों के लिए भी चुनौती है, जिनका इस क्षेत्र में एकक्षत्र राज रहा है। रक्षा क्षेत्र में देश की आत्मनिर्भरता के चलते अब 65त्न रक्षा उपकरण घरेलू स्तर पर निर्मित हो रहे हैं। चूंकि रक्षा मंत्रालय की ऑडिट रिपोर्ट्स सार्वजनिक पटल पर उपलब्ध नहीं होतीं इसलिए सरकार व सैन्याधिकारियों का जिम्मा है कि अपनी समीक्षा स्वयं करें। हालांकि लंबे समय से रक्षा विभाग की मीडिया नीति को लेकर विवाद रहा है। गोपनीय या संवेदनशील रिपोर्ट के अतिरिक्त अन्य लेखा परीक्षक सूचनाओं के आधार पर नियम बनाए जा सकते हैं ताकि किसी भी तरह की लापरवाही या गड़बड़ियों से रक्षा विशेषज्ञों, संबंधित विश्लेषकों आदि को प्रचारित/प्रसारित किए बगैर विचार का मौका प्राप्त हो। आंतरिक समीक्षा के बावजूद पारदर्शिता देश और देशवासियों के हित में कम आवश्यक नहीं कही जा सकती।*

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत को अपेक्षाकृत शांत अवधि के दौरान भी अनिश्चितता के लिए तैयार रहना चाहिए। शांति के समय को भ्रम बताते हुए 'ऑपरेशन सिंदूरइ के दौरान सशस्त्र बलों के पराक्रम की भी उन्होंने सराहना की। सिंह ने रक्षा लेखा विभाग के अपने संबोधन में कहा कि विश्व हमारे रक्षा क्षेत्र को सम्मान की दृष्टि से देख रहा है।

# समाज परिवर्तन का केंद्रबिंदु शताब्दी वर्ष

अवधेश कुमार

*बैठक में सरसंघचालक, सरकार्यवाह एवं सहसर्यकार्यवाह सहित केंद्रीय पदाधिकारियों, सभी प्रांत प्रचारक, सह प्रांत प्रचारक, सभी क्षेत्र प्रचारक, सह क्षेत्र प्रचारक के साथ 32 संघ प्रेरित विविध संगठनों के अखिल भारतीय संगठन मंत्री शामिल हों तो इसका महत्त्व समझ में अपने-आप आ जाता है। यानी संघ और इससे जुड़े संगठनों का संपूर्ण संघ प्रतिनिधि नेतृत्व की वहां उपस्थिति केवल मिलने-जुलने के लिए तो नहीं हो सकती।*

संघ का गहराई से अध्ययन करने वाले या निकट से उसकी गतिविधियों पर निष्पक्ष दृष्टि रखने वाले जानते हैं कि बैठकों के सभी सत्र के विषय एवं प्रारु प निर्धारित होते हैं। विरोधियों के तीखे तेवरों के विपरीत बैठक हमेशा शांत संतुलित व्यवस्थित माहौल में संपन्न होता है। इसमें सामान्य दलीय राजनीति पर विचार के लिए गुंजाइश नहीं होती है। जितनी जानकारी है भाजपा अध्यक्ष के चुनाव को लेकर बाहर की उत्कंठा के विपरीत यह चर्चा में भी नहीं आया। संघ के वर्ष में कुछ निश्चित आयोजन हैं, जिनमें प्रांत प्रचारक बैठक भी शामिल है।

जैसा हम जानते हैं इस वर्ष विजयादशमी यानी 2 अक्टूबर से संघ शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा है। पिछले काफी समय से आगामी 2 अक्टूबर से लेकर 2 अक्टूबर 2026 तक इसके आयोजनों और कार्यक्रमों को लेकर गंभीर चर्चा हमारे सामने आते रहे हैं। स्वाभाविक ही इस समय की अधिकतर बैठकों का केंद्रबिंदु शताब्दी वर्ष ही होगा। जितनी जानकारी है संघ अन्य संगठनों या राजनीतिक दलों की तरह शताब्दी वर्ष पर कोई एक बड़ा आयोजन करने की जगह इसका उपयोग संगठन विस्तार, हिन्दुत्व केंद्रित विचार को अधिकतम लोगों तक पहुंचाने तथा समाज परिवर्तन की दृष्टि से कार्यक्रमों के आयोजनों के लिए कर रहा है।

संघ ने शताब्दी वर्ष में समाज परिवर्तन की दृष्टि से पांच परिवर्तन का विचार रखा है, जिसमें सामाजिक समरसता, परिवार यानी कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, स्व का बोध और नागरिक कर्तव्य शामिल है। दरअसल, मोहन भागवत ने 2021 में समाज परिवर्तन की दृष्टि से ये पांच विषय सामने रखे थे और संघ इस पर काम कर रहा है। इससे संबंधित अलग-अलग सामाजिक सद्भाव सम्मेलन युवाओं का परिवारों का तथा इसी दृष्टि से संवाद आदि के सतत कार्यक्रम हैं। स्वाभाविक ही प्रांत प्रचारक बैठक में कहां-कहां कितने और कौन से कार्यक्रम हो सकते हैं तथा उनमें अपेक्षित संख्या की कितनी संभावना होगी, व्यवस्था कैसे हो रही है आदि विषय बिंदूवार चर्चा में आए। बैठक से निकलकर सभी प्रांत और क्षेत्र प्रचारक कार्यक्रमों की पूर्व तैयारी की दृष्टि से बैठकें, एकत्रीकरण आरंभ कर देंगे।

इनकी गहराई से समीक्षा करें तो साफ हो जाएगा कि समाज और सत्ता में व्याप्त विद्रूपताओं की निंदा, आलोचना, विरोध से परे समाज की सहभागिता से सकारात्मक परिवर्तन का उद्देश्य ही इसके पीछे है। जाति भेद से परे हटकर सामाजिक समरसता के अंतर्गत समाज में सद्भाव बढ़े, परिवारों की पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली बने, हममें स्व-बोध यानी अपने राष्ट्र की महान विरासत, महान सभ्यता-संस्कृति-धर्म-अध्यात्म, फोटो में व्याप्त समाज संगठन उपलब्धियां आदि के प्रति गौरव व्याप्त हो, कुटुंब यानी परिवार के सभी सदस्यों-संबंधियों में आत्मीयता व संस्कारों की वृद्धि हो तथा लोग नागरिक के नाते अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक हो जाएं तो धीरे-धीरे संपूर्ण समाज और देश की स्थिति कितनी सकारात्मक, सहकारी और सशक्त होगी इसकी कल्पना आसानी से की जा सकती है।

पहले से इन विषयों पर चर्चा हो रही है, उनके साहित्य आदि प्रकाशित हैं, बैठकों में भी इन पर मंथन हो रहा है और प्रांत प्रचारक बैठक में संगठन के स्तर पर इसे आगे बढ़ाने की योजना तय हो गई है इसलिए कार्यक्रम भी संपन्न होंगे। वि में ऐसा कोई संगठन नहीं होगा जो जितना तय करें सब कुछ उसी के अनुरूप हो जाए और त्वरित लक्ष्यों की प्राप्ति भी। इसलिए यह नहीं कह सकते कि सब कुछ कल्पना के अनुरूप भी हो जाएगा और सारे लक्ष्य भी प्राप्त हो जाएंगे किंतु उस दिशा में कुछ हद तक सफलता मिलेगी यह निश्चित है। जितनी संख्या में व्यक्तियों के अंदर पांच परिवर्तन के लिए भाव जाएंगे वह अपने स्तर पर कुछ-न-कुछ करेंगे और समाज के स्तर पर जगह-जगह इन सबके सुखद परिणाम आते रहेंगे। वास्तव में संघ शताब्दी वर्ष की योजना ऐसा नहीं है जिन पर एक वर्ष तक काम किया और फिर।

यह सतत आगे बढ़ते रहने के कार्यक्रम हैं। फिर जिन लोगों से सब ज्ञान के दौरान संपर्क होगा उनके आगे शाखों प्रशिक्षकों आदि की दृष्टि से भी उपयोग की योजनाएं हैं। यानी जो जुड़ें वह छूट नहीं इसकी कोशिश भी होगी। त्वरित परिवर्तन आंदोलन ऑन या उसी अनुरूप की छोटी बड़ी क्रांतियां से होती है किंतु अस्थाई और सतत परिवर्तन और प्राप्तियों के लिए अनवरत ऐसे ही समाज के अंदर स्वतः अभियान संचालित होते रहना आवश्यक होता है। संघ की यही कार्यशैली दिखती है। चूंकि स्थापना के कुछ समय बाद से ही संघ की नियमित हर वर्ष प्रशिक्षण वर्ग आयोजित होते हैं, इसलिए उसे स्वयंसेवक और कार्यकर्ता के रूप में युवा वर्ग उपलब्ध होते हैं।

बैठक है तो इस बीच देश और दुनिया की घटनाएं भी चर्चा में अवश्य आएंगी। पहलगाम हमले से लेकर 'ऑपरेशन सिंदूरइ के दौरान के स्थानीय अनुभवों तथा लोगों की प्रतिक्रियाओं की इससे ज्यादा अधिकृत जानकारी किसी संगठन को नहीं प्राप्त हो सकती। निश्चय ही इस फीडबैक से भविष्य में ऐसी चुनौतियों से निपटने को लेकर समाज व संगठन के साथ सरकार के लिए भी कुछ दिशा मिलेगी। इस वर्ष प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में सांस्कृतिक पुनर्जागरण का विराट स्वरूप प्रदर्शित हुआ। उससे बने वातावरण को सनातन आध्यात्मिक मूल्यों के साथ हिन्दू समाज की एकता के सुदृढ़ीकरण की दृष्टि से क्या हो रहा, है क्या कर सकते हैं निश्चय ही ये महत्त्वपूर्ण विषय हैं और उसके बाद से आयोजित हर बैठक में इसकी चर्चा हो रही है। डिजिटल माध्यम के नकारात्मक उपयोग से समाज में बढ़ रही समस्याओं का समाधान कैसे हो इस पर भी चर्चा होने की सूचना है।

(लेख में विचार निजी हैं)

# पवित्रता का मुखौटा पहन भ्रष्टाचार छिपाना अब आम बात

आर.के. जैन

*जब एक देश की स्वास्थ्य व्यवस्था और उसकी नींव मानी जाने वाली मेडिकल शिक्षा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाए तो यह केवल एक घोटाला नहीं, बल्कि लाखों लोगों के भरोसे और भविष्य पर सीधा हमला है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने हाल में सनसनीखेज खुलासे के साथ स्वास्थ्य मंत्रालय, राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) और निजी मेडिकल कॉलेजों के बीच गहरे भ्रष्टाचार के जाल को उजागर किया है। 34 लोगों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी ऐसी सच्चाई सामने लाई है, जो न केवल मेडिकल शिक्षा की विसनीयता, बल्कि स्वास्थ्य तंत्र के प्रति जनता का विश्वास भी हिलाती है।*

यह घोटाला स्वास्थ्य मंत्रालय के गलियारों से शुरू होता है, जहां अधिकारियों ने बिचौलियों और निजी मेडिकल कॉलेजों के साथ मिल कर ऐसा तंत्र बनाया जो नियमों को तोड ?-मरोड ? का पर्याय बन गया।

गोपनीय दस्तावेज की चोरी, निरीक्षण कार्यक्रम लीक होना, और मूल्यांकनकताओं की जानकारी कॉलेजों तक पहुंचना-सब सुनियोजित साजिश का हिस्सा था। इस सेटिंग ने मेडिकल कॉलेजों को वह मौका दिया जिसके जरिए वे निरीक्षण प्रक्रिया को धोखे में बदल सके। कॉलेजों ने इस अवसर का पूरा फायदा उठाया। फर्जी संकाय की नियुक्ति, काल्पनिक मरीजों को भर्ती दिखाना और बायोमेट्रिक उपस्थिति पण्राली में हेरफेर जैसे हथकंडे अपनाए गए। यह सब रित के खेल का हिस्सा था, जहां लाखों रुपये हवाला के जरिए लेन-देन किए गए। यह धन न केवल व्यक्तिगत लाभ, बल्कि सामाजिक-धार्मिक गतिविधियों के नाम पर भी इस्तेमाल हुआ। खुलासा सवाल उठाता है कि क्या पवित्रता का मुखौटा पहन कर भ्रष्टाचार को छिपाना अब आम बात हो गई है? मेडिकल शिक्षा का उद्देश्य कुशल और नैतिक डॉक्टर तैयार करना है, जो स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करें लेकिन जब यह प्रक्रिया ही भ्रष्टाचार से ग्रस्त हो तो पढ़ कर निकलने वाले डॉक्टरों की गुणवत्ता पर सवाल उठना लाजिमी है। यह घोटाला मेडिकल शिक्षा की वैश्विक साख पर गहरा प्रहार करता है। भारत, जो चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए वैश्विक स्तर पर जाना जाता है, ऐसे घोटालों के कारण विसनीयता खो रहा है। उन लाखों छात्रों का क्या जो भारी-भरकम फीस चुका कर इन कॉलेजों में पढ़ते हैं? क्या उनकी मेहनत और सपने भ्रष्ट तंत्र की भेंट चढ़ जाएंगे?

यह घोटाला मेडिकल शिक्षा तक सीमित नहीं है। इसके सामाजिक-आर्थिक प्रभाव भी गंभीर हैं। निजी मेडिकल कॉलेजों का व्यावसायीकरण पहले ही शिक्षा को विलासिता बना चुका है। मेधावी लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए मेडिकल शिक्षा का सपना और दूर हो जाता है। हवाला के जरिए रित का लेन-देन अर्थव्यवस्था को खोखला करता है। यह धन, जो जनकल्याण के लिए उपयोग हो सकता था, भ्रष्टाचार के काले गलियारों में गायब हो रहा है। धार्मिक-सामाजिक कायरे के नाम पर इसका इस्तेमाल न केवल नैतिकता पर सवाल उठाता है, बल्कि समाज के प्रति गहरे विश्वासघात को भी दशार्ता है। यह घोटाला एनएमसी की कार्यपण्राली पर भी सवाल उठाता है।

एनएमसी को भ्रष्टाचार-मुक्त और पारदर्शी व्यवस्था लाने के लिए बनाया गया था, लेकिन इस घोटाले ने तमाम दावों की पोल खोल दी। स्पष्ट है कि नियामक ढांचे में गहरी खामियां हैं। निरीक्षण प्रक्रिया को डिजिटल और स्वचालित करना, स्वतंत्र ऑडिट अनिवार्य करना, और भ्रष्टाचार में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करना कुछ ऐसे कदम हैं, जो इस तंत्र को मजबूत कर सकते हैं। यह सरकार की ही जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हमारा भी दायित्व है कि हम शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों को भ्रष्टाचार से मुक्त करने की दिशा में प्रयास करें।

यह घोटाला एक कड़वी सच्चाई सामने लाता है कि हमारी व्यवस्था में भ्रष्टाचार की जड़ें कितनी गहरी हैं, लेकिन यह अवसर भी है-सुधार का अवसर, जवाबदेही का अवसर और ऐसी व्यवस्था बनाने का अवसर, जो नैतिकता और पारदर्शिता पर टिकी हो। सीबीआई की कार्रवाई एक शुरूआत है, लेकिन यह तभी सार्थक होगी जब इसके परिणामस्वरूप ठोस बदलाव आएं। हमें सुनिश्चित करना होगा कि मेडिकल शिक्षा का हर स्तर-प्रवेश से लेकर मान्यता तक-पारदर्शी और जवाबदेह हो।

यह न केवल उन छात्रों के लिए जरूरी है, जो अपने सपनों को साकार करने के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं, बल्कि उन करोड़ों मरीजों के लिए भी जरूरी हैं, जिनका जीवन इन डॉक्टरों के हाथों में होता है। यह घोटाला चेतावनी है। बताता है कि हमारी व्यवस्था की कमजोरियों ने हमारे विश्वास से ठगी की है, और हमारे भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। हमारी मेडिकल शिक्षा को भ्रष्टाचार के इस काले साये से मुक्त कराना होगा। बेशक, यह लंबी लड़ाई है, लेकिन अगर हम एकजुट होकर भ्रष्ट तंत्र के खिलाफ खड़े हों, तो हम एक ऐसी व्यवस्था बना सकते हैं, जो न केवल कुशल डॉक्टर तैयार करेगी बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को भी निभाएगी। आइए, इस घोटाले को सबक बनाएं और एक नये, पारदर्शी और नैतिक भारत की नींव रखें।

## नई चोट, नए जख्म

इक्विटी बाजार में गिरावट से घरेलू आय और उपभोग में भी गिरावट आ सकती है, जिसका असर आर्थिक विकास पर पड़ेगा। स्पष्टतः यह निवेशक आधार के अधिक व्यापक होने की कीमत है। इससे भारत का आर्थिक दुश्चक्र और संगीन हो रहा है।

अमेरिका के टैरिफ वॉर से पहले से ही कमजोर भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था पर नए जख्म लग रहे हैं। इसकी एक मिसाल औषधि उद्योग है, जहां अनेक दवा कारखानों के बंद होने का अंदेशा गहरा गया है।

रुबिक्स डेटा एजेंसी के आकलन के मुताबिक अमेरिका में ऊंची शुल्क दर से यहां उत्पादन लागत बढ़ जाएगी, जिससे अमेरिकी बाजार में भारतीय दवाइयां मुकाबले में पिछड़ने लगेंगी।

इसकी सबसे तीखी मार जेनेरिक फॉमूर्लेशन, एक्टिव फॉर्मास्यूटिकल इंग्रेडिएंटेस, और कॉन्ट्रैक्ट रिसर्च, डेवपमेंट एंड मैनुफैक्चरिंग संगठन पर पड ? की आशंका है। इस बीच टैरिफ वॉर से शेयर बाजार में उथल-पुथल बढ़ी है। वैसे ही विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) भारतीय बाजारों से पैसा निकाल रहे थे, लेकिन ट्रंप काल में ये रफ्तार और तेज हो गई है।


सितंबर के बाद से ये निवेशक 27 बिलियन डॉलर से अधिक रकम निकाल चुके हैं। ब्लूमबर्ग इंटेलिजेंस के आंकड़ों के मुताबिक 2008 की वैश्विक मंदी के बाद से भारतीय बाजार में यह एफआईआई की सबसे बड़ी बिकवाली है। इसका सीधा असर मध्य वर्गीय परिवारों में महसूस किया जा रहा है। कोरोना काल के बाद शेयर बाजारों में आई उछाल ने करोड़ों लोगों को वित्तीय संपत्तियों में निवेश के लिए प्रेरित किया।

दस करोड़ से अधिक नए निवेशकों ने शेयर बाजार में प्रवेश किया। अपनी बचत- और कुछ लोगों ने तो कर्ज तक लेकर इस कारोबार में पैसा लगाया। शेयरों की बढ़ती कीमत ने उनमें समृद्धि की नई आस जगाई थी। लेकिन अब अचानक इस पर तुषारापात हुआ है। लोगों की बनी रकम हवा में गायब हो रही है। अब तक बाजार से लगभग एक लाख करोड़ रुपये हवा हो गए हैं।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के एक विशेषज्ञ ने आगाह किया है कि इक्विटी बाजार में गिरावट से घरेलू आय और उपभोग में भी गिरावट आ सकती है, जिसका असर आर्थिक विकास पर पड़ेगा।

स्पष्टतः यह निवेशक आधार के अधिक व्यापक होने की कीमत है। तो कुल मिला कर भारत का आर्थिक दुश्चक्र संगीन हो रहा है। वित्तीय संपत्तियों में उछाल जमीनी अर्थव्यवस्था का प्रतिबिंब तो नहीं थी, मगर उसमें गिरावट से वास्तिवक अर्थव्यवस्था पर भी ग्रहण अधिक अंधकारमय होता दिख रहा है

## अम्बिकावाणी-वर्गपहेली 1375



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 1947 को इन्होनें भारत के उपप्रधानमंत्री का कार्यभार संभाला था (8)
7. महिला ईसाई पादरी (2)
8. गले की नली, कंठ, आहार नली (3)
9. हिंदी साहित्य का एक अलंकार जिसमें एक ही शब्द दो या अधिक बार आता है और इसका प्रत्येक बार भिन्न अर्थ होता है (3)
11. कर्नाटक का यह जिला स्वर्ण खानों के लिए प्रसिद्ध है (3)
12. जूते का निचना हिस्सा (2)
13. चंद्रमा, मंयक (2)
15. जो जल्दी न मिल सके, दुर्लभ (3)
17. नफीरी (4)
20. एक बार सांस लेने का समय, खींच, कश (2)
22. राजी करना, प्रसन्न करना, समझाना-बुझाना (3)
23. यह भारत की पहली सवाक् (बोलती) फिल्म थी (1931)(3)
26. कुपित दृष्टि के प्रभाव में आना, भेंट उपहार, सौगात (4)

**ऊपर से नीचे**

1. उत्तराधिकारी पत्र, बिल (6)
2. अपुष्ट समाचार, उड़ती हुई खबर (3)
3. प्रतीति, अहसास, बोध (2)
4. अग्र, आदिम, अव्वल नंबर (3)
5. दर्जी, वेशकार, सूचिक (3)
6. भाग्य को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
10. यह मलेशिया देश का पुराना नाम है (3)
11. प्रयत्न, चेष्टा (3)
14. परिवर्तन करना, मुकरना, उपांतरण करना (4)
18. मर्मज्ञ (4)
19. विविध, अनेक प्रकार के, मातामह (2)
21. मेर यार मेरी (2)
23. अग्नि (2)
24. हाव-भाव, नाजोअदा, प्रतिज्ञा, गौरव (2)

**वर्ग पहेली 1374 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नी | ल | म | सं | जी | व | रे | ड्डी |
| ति | ल | क | | ना | | ज्ञ | |
| | क | बे | ल | | बे | गा | ना |
| आ | | ल | ह | ज्ञा | | री | वा |
| ला | भ | | र | ज | र | | कि |
| प | र | दा | दा | | खि | ला | क |
| | पा | | र | | या | म | |
| र | ई | स | | भू | | | |

## एकदा


### एक और जज्बाती मुद्दा



स्टालिन की पहल के साथ लेफ्ट शासित केरल, कांग्रेस शासित कर्नाटक एवं तेलंगाना, आम आदमी पार्टी शासित पंजाब, और उड़ीसा की विपक्षी पार्टी बीजू जनता दल भी जुड़ गए हैं। पश्चिम बंगाल की टीएमसी भी कई मुद्दों पर उनके साथ है। भाषा, परिसीमन, और नई शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत राज्यों की स्वायत्तता के कथित हनन की शिकायत को जोड़ कर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन केंद्र के खिलाफ विपक्षी लामबंदी करने में सफल होते दिख रहे हैं। मकसद बेशक अगले चुनावों के मद्देनजर सियासी गोलबंदी है, फिर भी भाषा जैसे जज्बाती प्रश्नों में छिपी शक्ति को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। धर्म और जाति केंद्रित गोलबंदी की राजनीति ने देश को पहले ही भटका रखा है। अब भाषा और प्रादेशिक पहचान के मुद्दों पर बढ़ रहे तनाव से एक और गंभीर चुनौती खड़ी होती दिख रही है। स्टालिन की पहल के साथ लेफ्ट शासित केरल, कांग्रेस शासित कर्नाटक एवं तेलंगाना, आम आदमी पार्टी शासित पंजाब, और उड़ीसा की विपक्षी पार्टी बीजू जनता दल भी जुड़ गए हैं। पश्चिम बंगाल में सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस भी कई मुद्दों पर उनके साथ है। 22 मार्च को चेन्नई में आयोजित विपक्षी बैठक में इस लामबंदी का अगला एजेंडा जाहिर होगा। बहरहाल, यह साफ है कि केंद्र में सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी ने सत्ता के केंद्रीकरण एवं अपने वैचारिक एजेंडे को लागू करने का जो उत्साह दिखाया है उस पर कई सियासी हलकों में विपरीत प्रतिक्रिया उभर रही है।

## राशिफल

**ग्रह स्थिति-** सूर्य-वृषभ, चंद्र-मीन, मंगल-वृषभ, बुध-मेष, गुरु-कन्या, शुक्र-मीन



## चौघड़िया

09:03 से 10:43 तक-चंचल
10:43 से 12:23 तक- लाभ
12:23 से 14.04 तक- अमृत
20:24 से 21.44 तक- लाभ

मेष राशिः आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आपका मन भावनात्मक तौर पर अधिक मजबूत रहेगा। आज आप अपने किसी सहकर्मी या मित्र की सहायता कर सकते हैं जिससे आपके मन को बहुत संतुष्टि मिलेगी।

वृष राशिः आज का दिन आपके लिए खास रहेगा। व्यापार को बढ़ाने के लिए आप कोई नया काम भी कर सकते हैं, जिसमें आपको धन का लाभ होगा। आज आपके बॉस आपसे प्रसन्न रहेंगे तथा वह आपके काम को देखकर आपकी पदोन्नति कर सकते हैं।

मिथुन राशिः आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आप का मन आज किसी बात को लेकर बहुत अधिक प्रसन्न रहेगा। आध्यात्मिकता से अपने मन को बहुत अधिक शांत रखने की कोशिश करेंगे। आज आप किसी व्यर्थ के काम को करने से बचें। जीवनसाथी के साथ चल रही अनबन आज समाप्त हो जाएगी,

कर्क राशिः आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। आज आप बिजनेस में किसी भी प्रकार का फेर बदल ना करें। आज आप ऑफिस में मन लगाकर काम करेंगे, आपके प्रमोशन के चांसेस बढ़ सकते हैं।

सिंह राशिः आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आपको आज समाज में मान सम्मान मिलेगा, जिससे आपका मन बहुत ही संतुष्ट रहेगा। आपका मन धार्मिक कार्यक्रमों में लगा रहेगा। आप किसी मंदिर में दान पुण्य का सामान बांट सकते हैं।

कन्या राशिः आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपको व्यापार में अचानक से बड़ा धन लाभ होगा, परिवार में खुशियां आएंगी। शादीशुदा रिश्तों में सामंजस्य बना रहेगा, आप लोग शॉपिंग करने जा सकते हैं।

तुला राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। जो लोग ऑटोमोबाइल के सेक्टर से जुड़े हैं, आज उनको बढिया धन लाभ होगा। आज आपके वे सारे काम पूरे होंगें, जिनके लिए आप इतनी मेहनत कर रहें हैं। आपको किसी प्रकार की बड़ी उपलब्धि प्राप्त हो सकती है,


वृश्चिक राशिः आज का दिन फेवरेबल रहेगा। आज आप किसी स्टार्टअप को शुरू करने की योजना बना सकते है, जिसमें पेरेंट्स का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यरत व्यक्तियों के लिए दिन थोड़ा सा हेक्टिक भरा हो सकता है क्योंकि नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है।

धनु राशिः आज का दिन आपके लिए लाभप्रद रहेगा। आज कपड़े के व्यापारियों को धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगें, भौतिक सुख की प्राप्ति होगी। आज आप बाजार खरीददारी करने जाएं तो सबसे पहले सामान की लिस्ट बना लें, जिससे व्यर्थ की चीजों को आप उठाकर न लें आयें। संतान पक्ष से आज आपको शुभ समाचार मिलने के योग बने हुए हैं,

मकर राशिः आज का दिन आपके लिए ठीक ठाक रहने वाला है। आज इलेक्ट्रोनिक सामान का बिजनेस करने वालों को बढ़िया लाभ होगा। परिवार में आपके कामों को देखते हुए आपकी प्रसिद्धि बहुत अधिक बढ़ सकती हैं।

कुम्भ राशिः आज का दिन आपके लिए अनुकूल बना रहेगा। आज आप किसी नए काम की शुरूआत करने का मन बना सकते हैं। आज आपको संतान के ऊपर गर्व करने का अवसर मिलेगा, आस झ्र पास के लोग भी तारीफ करेंगे। यदि आप कोई मकान, दुकान इत्यादि खरीदना चाहते हैं,

मीन राशिः आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपके कामों की वाहवाही होगी और आपको आपकी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। आज आप पैसों के मामलें में लेन झ्र देन करते समय थोड़ी सावधानी बरतें।



# सेहत का रिपोर्ट कार्ड हैं आपकी आंखें, गंभीर बीमारियों के शुरुआती लक्षणों की ऐसे करें पहचान

क्या आप जानती हैं कि शरीर में चल रही किसी भी गड़बड़ी का सीधा मैसेज आपकी आंखे देती हैं...आंखों का पीलापन, आंखों में सूजन या आंखों का लाल होना समेत कई ऐसे संकेत हैं, जिन्हें आपको नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

हम सभी सेहतमंद रहना चाहते हैं और बीमारियों से दूर रहने की भरसक कोशिश करते हैं। लेकिन, फिर भी जिंदगी में किसी न किसी मोड़ पर किसी न किसी बीमारी से हमारा सामना हो जाता है। छोटे-मोटे इंफेक्शन या बीमारिया आमतौर पर कभी न कभी सभी को घेरती हैं और सही इलाज के साथ इन्हें आसानी से हराया जा सकता है। लेकिन, कई बार ऐसा होता है कि डॉक्टर के पास पहुंचने तक हमारी बीमारी बढ़ चुकी होती है और फिर इलाज में काफी मुश्किल आती है। असल में ऐसा बीमारी के शुरुआत लक्षणों को पहचान न पाने के कारण होता है। हमारी स्किन, आंखे, पसीना, पेशाब और पॉटी में नजर आ रहे संकेत शरीर में चल रही गड़बड़ी का इशारा करते हैं और अगर हम उन्हें सही समय पर पहचान लें, तो आने वाली वक्त की बड़ी मुश्किल से बचा जा सकता है। आंखों का पीलापन, आंखों में सूजन या आंखों का लाल होना समेत कई ऐसे संकेत हैं, जिन्हें आपको नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। इन संकेतों के बारे में एक्सपर्ट से समझते हैं।

अगर आपकी आंखे अक्सर ड्राई हो जाती है, आपकी अक्सर आंखों में रूखापन महसूस होता है, तो यह शरीर में विटामिन-ए की कमी का संकेत हो सकता है।

आंखों के नीचे सूजन महसूस होना या सुबह उठकर अगर आपको आंखे सूजी हुई लगती हैं, तो यह थायराइड के कारण हो सकता है।

आंखों के पीलेपन को आपको बिल्कुल नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। यह आमतौर पर लिवर से जुड़ी बीमारी जैसे पीलिया का संकेत हो सकता है।

आंखों में लालिमा आमतौर पर बीपी के बढ़े होने यानी हाइपरटेंशन का संकेत होना चाहिए। अगर आपकी आंखे लाल हो रही हैं, तो बीपी की जांच जरूर करवाएं।

जिन लोगों की आंखों के नीचे काले घेरे नजर आएं, उनके शरीर में खून की कमी हो सकती है। एनीमिया की स्थिति में आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स हो जाते हैं।

धुंधला नजर आना डायबिटीज का एक शुरुआती लक्षण हो सकता है। ऐसा महसूस होने पर डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

आंखों में खुजली या जलन आमतौर पर किसी एलर्जी की वजह से होती है। अगर आपकी आंख बार-बार फड़क रही है, तो यह शरीर में मैग्नीशियम की कमी का संकेत हो सकता है।

रात में दिखाई देने में मुश्किल होना शरीर में विटामिन-ए की कमी का संकेत है।

आंखों में नजर आ रहे इन संकेतों के जरिए आप आसानी से शरीर में चल रही गड़बड़ी को पहचान सकती हैं।

क्या आप हाथ-पैरों में झुनझुनी या सुन्नपन से परेशान हैं और उन्हें हिलाने-डुलाने में असहजता होती है? आपको पता है कि अक्सर परेशान करने वाली यह समस्या, सिर्फ गलत तरीके से बैठने या लेटने से नहीं होती है, बल्कि शरीर में किसी खास पोषक तत्वों की कमी का संकेत हो सकता है।



# क्या आपको पता है कि हाथ और पैरों में झुनझुनी क्यों होती है?

क्या आपके हाथ और पैरों में कभी झुनझुनी या सुइयां चुभने जैसा एहसास होता है? ऐसा लगता है जैसे आपका हाथ या पैर सो गया हो। कई बार ऐसा तब हो सकता है, जब आप लंबे समय तक एक ही पोजीशन में बैठे या लेटे हों। लेकिन, अगर आपको यह एहसास बार-बार या नॉर्मल से ज्यादा महसूस होता है, तो ऐसा किसी गंभीर बीमारी के कारण भी हो सकता है। क्या आप जानती हैं कि ऐसा शरीर में विटामिन्स की कमी से भी होता है। आइए जानते हैं कि कौन से विटामिन्स की कमी से हाथों और पैरों में झुनझुनी या सुन्नपन होता है।

## हाथ और पैरों में झुनझुनी क्यों होती है?

हाथ और पैरों में होने वाली झुनझुनी को डॉक्टरी भाषा में पैरेस्थीसिया कहते हैं। यह किसी भी ऐसी असामान्य सनसनी के लिए इस्तेमाल होने वाला मेडिकल शब्द है, जो तब होती है जब आपकी नसें दब जाती हैं या डैमेज हो जाती हैं। इसमें दर्द भी हो सकता है जैसे कि जलन या चुभन या यह सिर्फ सुन्नपन जैसा महसूस हो सकता है। पैरेस्थीसिया की समस्या परमानेंट नहीं होती है और अपने आप ठीक भी हो जाती है। जैसा कि हम आपको बता चुके हैं कि ऐसा तब होता है, जब नस किसी कारण से दबने लगती है, जैसे कि जब आप ज्यादा देर तक एक ही पोजीशन में लेटे या बैठे रहते हैं। लेकिन, यदि यह समस्या बार-बार होती रहती है या ज्यादा बार होने लगती है, तो यह लंबे समय तक रहने वाली पैरेस्थीसिया का लक्षण हो सकता है।

## पैरेस्थीसिया के कारण

- पैरेस्थीसिया की समस्या नसों में किसी गड़बड़ी का संकेत हो सकती है।
- नर्वस सिस्टम संबंधी समस्याएं जैसे कि गिलियन-बैरे सिंड्रोम या रीढ़ की हड्डी से जुड़ी समस्याए।
- इंफेक्शन, जैसे HIV, हर्पीस या कैम्पिलोबैक्टर जेजुनी।
- चोट या ट्रॉमा, जिससे आस-पास की नसें डैमेज हो जाती हैं।
- डायबिटीज, जिसमें हाई ब्लड शुगर के कारण पेरिफेरल न्यूरोपैथी की समस्या हो सकती है।
- हाथ-पैरों में झुनझुनी किस विटामिन और मिनरल्स की कमी से होती है?

हाथों और पैरों में झुनझुनी पैदा करने वाली विटामिन की कमी कई कारणों से हो सकती है। कुछ महिलाओं को अपने भोजन से पर्याप्त विटामिन नहीं मिल पाता है। वहीं, कुछ महिलाओं की आंतें किसी खास विटामिन को ठीक से सोख नहीं पाती हैं। ज्यादातर महिलाओं में विटामिन बी कॉम्प्लेक्स की कमी इन लक्षणों का कारण बनती है।

## विटामिन- बी6




इसमें विटामिन- बी6 की अहम भूमिका होती है, क्योंकि बी6 की बहुत ज्यादा या बहुत कम दोनों ही मात्रा पैरेस्थीसिया का कारण बन सकती हैं। आमतौर पर झुनझुनी आपके पैरों से शुरू होती है और फिर पैरों से ऊपर की ओर बढ़ती हुई आपके हाथों तक पहुंच जाती है। इससे कुछ महिलाओं को जलन की शिकायत भी होती है। शिशुओं में, B6 की कमी से मिर्गी के दौरे भी पड़ सकते हैं।

## विटामिन-बी6 की कमी के कारण

विटामिन-बी6 का कम सेवन और कुपोषण। यह ज्यादा अल्कोहल लेने वालों में आम होती है। इसके अलावा, ऐसी महिलाओं में भी होती है, जो डायलिसिस पर हैं। विटामिन-बी6 की कमी का इलाज सप्लीमेंट्स से किया जाता है। इसके लेवल के ठीक होने से लक्षणों में भी सुधार होने लगता है।

## विटामिन-बी12




विटामिन-बी 6 की तरह बी12 के कम लेवल से हाथों और पैरों दोनों में एक ही समय में झुनझुनी हो सकती है। साथ ही, आपको कमजोरी और देखने में परेशानी जैसी अन्य न्यूरोलॉजिकल नर्वस सिस्टम संबंधी समस्याएं भी हो सकती हैं। बी12 नए ब्लड सेल्स बनाने के लिए भी जरूरी है, इसके कम लेवल से एनीमिया की समस्या (ब्लड की कमी) हो सकती है। इससे आपको कमजोरी और थकान भी महसूस हो सकती है। विटामिन-बी12 मांसाहारी फूड्स जैसे लिवर, अंडे, चिकन में पाया जाता है।

## बायोटिन

बायोटिन, जो कि एक तरह का विटामिन-बी है। यह हेल्थ को बनाए रखने में जरूरी भूमिका निभाता है। बायोटिन की कमी से हाथों और पैरों में झुनझुनी के अलावा कई और लक्षण हो सकते हैं, जिनमें बालों का पतला होना और बालों का झड़ना, त्वचा पर दाने और इंफेक्शन आदि शामिल हैं। साथ ही, ज्यादा गंभीर होने पर दौरे भी पड़ सकते हैं।

## सोते समय हाथ और पैरों में झुनझुनी किस विटामिन की कमी से होती है?



अगर आप उठते हैं और पाती हैं कि आपके हाथ या पैर सुन्न है या उनमे झुनझुनी हो रही है, तो इसका मतलब यह हो सकता है कि आप ऐसी पोजीशन में सोए थे, जिससे नस दब गई थी। यह किसी विटामिन या मिनरल की कमी का पहला संकेत भी हो सकता है। ऊपर बताई गई कोई भी कमी, जो आपको दिन के समय झुनझुनी का अनुभव कराती है, वह सोते समय भी हो सकती है। लेकिन, आपको विटामिन की कमी से होने वाली झुनझुनी का एहसास सुबह उठते ही ज्यादा होता है, इससे पहले कि आप दिन भर की एक्टिविटी में बिजी हो जाएं। अगर यह झुनझुनी दूर नहीं हो रही है और इससे आप लंबे समय से परेशान हैं, तो आपको डॉक्टर से बात करनी चाहिए ताकि आपको पता लगे कि आपमें पोषण संबंधी कमी तो नहीं है। ऐसा किसी गंभीर बीमारी की वजह से भी हो सकता है।



# शरीर में चल रही गड़बड़ी का सीधा मैसेज देती है हमारी स्किन

**क्या आपको पता है कि हमारी त्वचा, शरीर में पनप रही कई बीमारियों का रिपोर्ट कार्ड होती है। स्किन पर नजर आ रहे संकेतों से आप कई हेल्थ कंडीशन्स और न्यूट्रिशन्स की कमी की पहचान कर सकती हैं।**

एक्सपर्ट का कहना है कि आपकी स्किन, शरीर में चल रही गड़बड़ का रिपोर्ट कार्ड होती है। त्वचा पर एक्ने होना, स्किन का ड्राई होना या पीला होना समेत कई ऐसी चीजें हैं, जो आपकी सेहत के बारे में आपकी कुछ कहती हैं और इन संकेतों को आपको नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। आपकी स्किन किस तरह शरीर का आईना होती है।

- स्किन पर एक्ने आना, अचानक से रूखा होना या डार्क पैचेज आना सिर्फ स्किन से जुड़ी दिक्कतें नहीं हैं। इनका आपकी हेल्थ से भी सीधा रिश्ता है।
- अगर आपको एक्ने हो रहे हैं, खासकर जॉ लाइन के पास एक्ने अधिक होने लगे हैं, तो हाई एंड्रोजन्स का संकेत है।
- अगर स्किन रूखी हो रही है, तो मुमकिन है कि थायराइड फंक्शन कमजोर है। आपको हाइपोथायराइड की शिकायत हो सकती है।
- आंखों का या चेहरे या पीला नजर आना, लिवर के सही से काम न करने का संकेत हो सकता है। इसे बिल्कुल नजरअंदाज न करें।
- अगर आपकी बगल की त्वचा का रंग बहुत अधिक गहरा हो रहा है, तो यह इंसुलिन रेजिस्टेंस की वजह से हो सकता है। आपको ब्लड शुगर लेवल का ध्यान रखना चाहिए।
- स्किन पर लाल चकत्ते पढ़ना, एग्जिमा के कारण हो सकता है। अगर अचानक से आपकी स्किन पर झुर्रियां नजर आ रही हैं, तो यह शरीर में कोलेजन की कमी की वजह से हो सकता है।
- आंखों के आस-पास पीले रंग के धब्बे या उभार, शरीर में कोलेस्ट्रॉल के बढ़ने का संकेत हो सकता है।
- अगर आपकी आंखों के नीचे सूजन है, तो यह किडनी की दिक्कत या वॉटर रिटेंशन की वजह से हो सकता है।
- स्किन पर नजर आने वाले स्ट्रेच मार्क्स की वजह हार्मोनल इंबैलेंस हो सकती है। खासकर, कोर्टिसोल के बढ़ने पर ऐसा होता है।



**जब भी हम एक हेल्दी लाइफस्टाइल की तरफ बढ़ते है तो मॉर्निंग रूटीन में डिटॉक्स ड्रिंक को जरूर शामिल करते हैं। डिटॉक्स ड्रिंक में हम जीरे के पानी से लेकर अजवाइन के पानी का सेवन करते हैं। ये दोनों ही ऐसे डिटॉक्स ड्रिंक हैं, जो हेल्थ के लिए काफी अच्छे माने जाते हैं। इन ड्रिंक्स से ना केवल वजन कम करने में मदद मिलती है, बल्कि ये पाचन को भी बेहतर बनाते हैं। अब सवाल यह उठता है कि इन दोनों में से किस ड्रिंक को डेली रूटीन का हिस्सा बनाया जाए।**

# जीरा या अजवाइन, खाली पेट किस पानी का सेवन करें?

अधिकतर लोग इस बात को लेकर काफी कन्फ्यूज रहते है कि उन्हे सुबह उठकर खाली पेट जीरे का पानी पीना चाहिए या फिर अजवाइन का पानी। यू तो दोनो ही डिटॉक्स ड्रिंक सेहत के लिए लाभकारी है, लेकिन आपके लिए कौन सा अच्छा रहेगा, यह आपकी बॉडी और हेल्थ गोल्स पर निर्भर करेगा।

## जीरे के पानी के फायदे

- यह पाचन में मदद करता है। जीरे का पानी एंज़ाइम्स और बाइल जूस को एक्टिव करता है, जिससे गैस व एसिडिटी की शिकायत कम होती है।
- जीरे का पानी मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करता है, जिससे वज़न कम करने में मदद मिलती है। साथ ही साथ, यह फिट ब्रेकडाउन में भी हेल्प करता है।
- जीरे का पानी शुगर कंट्रोल करता है और इंसुलिन सेंसिटिविटी को भी बेहतर बनाता है।
- अगर आपको पीसीओडी या थायरॉइड की समस्या है तो जीरे का पानी पीना काफी फायदेमंद है।
- जीरे का पानी आयरन से भरपूर होता है। यही वजह है कि महिलाओं के लिए जीरे का पानी खासा फायदेमंद माना गया है।

## अजवाइन पानी के फायदे

- अजवाइन का पानी भी सेहत के लिए बहुत अधिक फायदेमंद है।
- अगर आपको अक्सर गैस व एसिडिटी की शिकायत रहती है तो ऐसे में अजवाइन के पानी से फायदा मिलता है। यह पेट की हवा को बाहर निकालने के साथ-साथ ब्लोटिंग कम करता है और तुरंत आराम देता है।
- अजवाइन का पानी बैड बैक्टीरिया से लड़ता है और टॉक्सिन्स हटाता है।



- अजवाइन का पानी पीरियड्स के दौरान होने वाल क्रैम्प्स और दर्द से आराम पहुंचाता है।
- यह पेट के कीड़े और वर्म्स को हटाता है, जिससे बॉडी लाइट डिटॉक्स होती है।

## किसका करें सेवन

जीरा पानी और अजवाइन पानी दोनो ही सेहत के लिए काफी अच्छे है। आप अपने हेल्थ गोल्स के अनुसार इसका सेवन कर सकते हैं। मसलन- अगर आपको गैस, अपच या ब्लोटिंग की शिकायत है या फिर आपको वज़न कम करना हो या अगर आप पीसीओडी, थायरॉइड या अनियमित पीरियड्स की प्रॉब्लम से जूझ रही है तो ऐसे में जीरे के पानी का सेवन करें। वहीं, एसिडिटी, कब्ज़ या पेट में भारीपन लगने पर या फिर बार-बार गैस या पेट दर्द की समस्या होने पर अजवाइन का पानी लिया जा सकता है।

## अग्निशमन सेवा के लिए 3500 लीटर क्षमता वाले मल्टी टेंडर की खरीदी हेतु निविदा आमंत्रित

**कोरिया** - जिला सेनानी कार्यालय, नगर सेना, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं कोरिया से मिली जानकारी अनुसार द्वारा ३५०० लीटर क्षमता वाले मल्टी टेंडर (फायर वाहन) की आपूर्ति हेतु निमार्ताओं और उनके अधिकृत विक्रेताओं से सीलबंद निविदाएँ आमंत्रित की गई हैं। जारी निविदा के अनुसार, इच्छुक निमार्ता अथवा उनके अधिकृत विक्रेता ०३ अगस्त २०२५ तक कार्यालयीन समय में ५०० रुपये में नकद भुगतान कर निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं। निविदा आवेदन के साथ वैध आयकर प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि ०४ अगस्त २०२५, दोपहर २ बजे निर्धारित की गई है। प्राप्त निविदाओं को ०४ अगस्त की शाम ४ बजे जिला सेनानी कार्यालय, बैकुण्ठपुर-कोरिया में खोला जाएगा। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक संस्थाएं फोन नंबर ०७८३६-२९९११२ अथवा ईमेल के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं।

### न्यूज गैलरी

## रिटायर्ड महिला कॉलरी कर्मी के खाते से साढ़े 7 लाख पार




**मनेंद्रगढ़ (अम्बिकावाणी समाचार)।** जिले के खोंगापानी क्षेत्र की एसईसीएल सेवानिवृत्त बुजुर्ग महिला के साथ बैंकिंग फ्रॉड का मामला सामने आया है। वार्ड नंबर 7 बुद्धू सिंह दफाई खोंगापानी निवासी शिमला बाई पति स्व. जयलाल ने मनेंद्रगढ़ पुलिस अधीक्षक को शिकायती आवेदन सौंपते हुए बताया कि उनके बैंक खाते से 7 लाख 50 हजार रूपए की मोटी रकम धोखाधड़ी कर निकाल ली गई है। पीड़िता ने बताया कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा खोंगापानी में उनका बचत खाता संचालित है। किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उनके बैंक खाते में रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर को फोन से निकालकर उससे यूपीआई बनाकर उनके बचत खाते से 17 जून से 1 जुलाई 2025 तक 14 किश्तों में 7 लाख 50 हजार रूपए निकाल लिए गए हैं। शिमला बाई ने कहा कि वह एक असहाय महिला है और पेंशन की राशि से ही अपना गुजर-बसर करती हैं। यह रकम उनकी पूरी जीवनभर की जमा पूंजी थी, जिसे धोखेबाजों ने छलपूर्वक ठग लिया। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मामले की त्वरित जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई किए जाने और उनकी खून-पसीने की कमाई को वापस दिलाए जाने की गुहार लगाई है।

# यहां खरीदा गया जेम पोर्टल से एक टीवी 10 लाख का....

## विक्रेता फर्म कोरिया जिले के बैकुंठपुर की ...जग घोटाला के बाद स्मार्ट पढ़ाई के नाम पर स्मार्ट टीवी घोटाला ... बाजार में यह डेढ़ लाख तक आसानी से उपलब्ध ...जग घोटाले के बाद कमिश्नर अजाक विभाग में 5 स्मार्ट टीवी 50 लाख का ...

**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के आदिवासी विकास विभाग से बड़ी खबर निकल कर आई है। जहां एक एक टीवी ९,९९,५०० रु की दर से ५ नग टीवी ४९,९७,५०० रु में खरीदी का मामला खूब सुर्खियां बटोर रहा है। इसके पहले जग खरीदी का मामला खूब सुर्खियों में रहा। सोसल मीडिया में यह खूब वायरल हो रहा है जग के बाद स्मार्ट टीवी खरीदी घोटाला सामने आ गया है। आदिवासी विकास विभाग में स्मार्ट टीवी जिससे स्मार्ट तरीके से पढ़ाई कराया जाना है। स्मार्ट पढ़ाई के लिए ५ नग सॉलिटेयर ८६ इंच डिस्प्ले इंटरएक्टिव पैनल विथ सीपीयू की खरीदी का मामला सामने आने से विभाग में हड़कंप मच गया है।

दस्तावेजों से जाहिर होता है कि टीवी खरीदी जेम पोर्टल में माध्यम से खरीदी गई है। इसमें एक सॉलिटेयर ८६ इंच डिस्प्ले इंटरएक्टिव पैनल विथ सीपीयू ३ ईयर वारंटी के साथ ५ नग की खरीदी की गई। और यह स्मार्ट पढ़ाई के नाम पर खरीदी गई। जिसमे प्रत्येक की कीमत ९,९९,५०० रु की दर से ५ नग ४९, ९७, ५०० रु की खरीदी हुई।




Contract NO: GEMC-511687746054841 Status of the Contract: Fullfillment in Progress

Organization Type: State Government
Ministry: CHHATTISGARH
Department: Schedule Caste(SC) & Schedule Tribe(ST) Development Department Chhattisgarh
Organization Name: N/A
Office Zone: Indravati Bhawan Block4 Ground Floor Nava Raipur

Buyer Designation: Assistant Commissioner Tribal Department
Buying Mode: Bid/RA
Bid Number: GEM/2024/B/5707328
Contract Date: 02/1/2025 12:52
Total: ₹ 4997500.000

| Product | Brand | Model | Ordered Quantity | Price |
|---|---|---|---|---|
| SOLITAIRE 86 Inch Display Interactive Panel with CPU with warranty 3 Years | | | 5 | ₹ 4997500.000 |



सोसल में मीडिया में सेम उत्पाद सॉलिटेयर ८६ इंच डिस्प्ले इंटरएक्टिव फ्लैट पैनल विथ सीपीयू ३ ईयर वारंटी के साथ दो कोटेशन भी सोसल मीडिया में वायरल हो रहे हैं, जिसमे एक कोटेशन में सॉलिटेयर ८६ इंच डिस्प्ले इंटरएक्टिव फ्लैट पैनल विथ सीपीयू ३ ईयर वारंटी की कीमत १,५९,९९० रु और दूसरे कोटेशन में सेम उत्पाद की कीमत १,४५,००० रु उल्लेखित है। इससे जाहिर है की जिसे ९,९९,५०० रु की दर से खरीदी गई है बाजार १,४५,००० रु से १,५९,९९० रु तक के बीच आसानी से अलग अलग कंपनियों को सेम उत्पाद मिल सकती है और बाजार में उपलब्ध है। और जेम पोर्टल से ९९९५०० रु में खरीदी कर भ्रष्टाचार का एक नया आयाम पैदा किया है। जेम पोर्टल बिल के साथ कोटेशन भी सोसल मीडिया में खूब वायरल हो रही है।

कोरबा कोरिया सरगुजा क्षेत्र के कांग्रेसी इस मुद्दे को हाथो हाथ ले रही है और भाजपा राज में घोटालों को उजागर करते हुए हमला करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। आज देर शाम एक सरगुजा कोरिया जिले के सोसल मीडिया में वायरल हुआ इसके बाद से क्षेत्र में हड़कंप भी मचा हुआ है। इधर कांग्रेस एक के बाद एक उजागर होते घोटाले को लेकर हमला करने से नहीं चूक रहे हैं। देखते ही देखते यह मामला हाई प्रोफाइल बन चुका है।

आदिवासी विकास विभाग कमिश्नर कार्यालय अंबिकापुर सरगुजा के द्वारा खरीदी की गई। बेचने वाली फर्म कोरिया जिले की है। जेम पोर्टल रसीद के अनुसार विक्रेता फर्म Bagalamukhi Enterprises pvt, dinesh soni, Behind durga mandir प्रेमाबाग रोड जामपारा, बैकुंठपुर, कोरिया छत्तीसगढ़ से खरीदी की गई है।

## कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने खेतों में पहुँचकर अन्नदाताओं से की सीधी बात

### खाद-बीज की उपलब्धता, रोपाई की स्थिति और योजनाओं के क्रियान्वयन की ली जमीनी जानकारी



**कोरिया बैकुंठपुर** - जिला कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने आज प्रातः ग्राम खुटरापारा का दौरा कर खेतों में पहुँचकर किसानों से प्रत्यक्ष संवाद किया। उन्होंने किसानों से खाद-बीज की उपलब्धता, धान रोपाई की प्रगति और कृषि योजनाओं के लाभ से जुड़ी जमीनी स्थिति की जानकारी ली। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ डॉ आशुतोष चतुर्वेदी भी उपस्थित थे।

खेत में कार्यरत किसान श्रीमती शांति बाई ने बताया कि वे लगभग ५ एकड़ में धान की खेती कर रही हैं और फिलहाल रोपाई कार्य में लगी हुई हैं। उन्होंने बताया कि इस समय खाद की कोई विशेष समस्या नहीं है, लेकिन अत्यधिक वर्षा के कारण धान बीज को नुकसान अवश्य हुआ है।

कलेक्टर ने मौके पर मौजूद किसानों को फसल विविधीकरण की ओर प्रेरित करते हुए दलहन और तिलहन की खेती को बढ़ावा देने की सलाह दी। इस दौरान ग्रामीणों ने कृषि विभाग की योजनाओं और हितग्राही सामग्री के वितरण में असमानता की शिकायत भी की। कलेक्टर ने कृषि उपसंचालक राजेश भारती को तत्काल मामले की जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने और आवश्यक सामग्री के वितरण की प्रक्रिया को सुधारने के निर्देश दिए।

इससे पहले कलेक्टर जामपारा स्थित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति पहुँचीं, जहां उन्होंने खाद की उपलब्धता की स्थिति की समीक्षा की। सीधे किसानों से चर्चा कर वस्तुस्थिति से अवगत हुई। चर्चा के दौरान उन्होंने समिति प्रबंधक को खाद वितरण की नियमित एंट्री करने और किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने किसानों को बताया कि समिति में अब नैनो डीएपी भी उपलब्ध है, जिसका वितरण शुरू कर दिया गया है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि इसके सही उपयोग की जानकारी कृषि कार्यालय या ग्राम सेवक से प्राप्त कर उचित तरीके से प्रयोग करें। उन्होंने सभी समिति प्रबंधकों को निर्देशित किया कि वे समय पर कार्यालय खोलें, किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनें और शासन की योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू करें।

## बेलबहरा में विशेष कंप्यूटर कोर्स का शुभारंभ, ग्रामीण छात्रों को मिलेगा तकनीकी शिक्षा का लाभ

**मनेंद्रगढ़ (अम्बिकावाणी समाचार)।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बेलबहरा में विशेष कंप्यूटर प्रशिक्षण कोर्स का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को आधुनिक तकनीकी शिक्षा से जोड़कर उन्हें डिजिटल रूप से सशक्त बनाना है, जिससे वे आज के प्रतिस्पर्धी युग में कदम से कदम मिलाकर चल सकें।

यह तीन माह का विशेष कोर्स छात्रों को कंप्यूटर की मूलभूत जानकारियों से लैस करेगा। इसमें एमएस ऑफिस, टाइपिंग, इंटरनेट का उपयोग, प्रेजेंटेशन स्किल्स जैसे विषयों को व्यावहारिक तरीके से सिखाया जाएगा। कार्यक्रम के पहले ही दिन छात्रों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला, जहां 50 से अधिक छात्रों ने प्रशिक्षण में भाग लेकर अपनी तकनीकी शिक्षा के प्रति उत्सुकता जाहिर की। छात्रों को संबोधित करते हुए प्राचार्य बलराज सिंह ने कहा कि आज के दौर में कंप्यूटर और तकनीक का ज्ञान हर क्षेत्र में अपरिहार्य है। हमारा दृढ़ प्रयास है कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी समय के साथ कदम से कदम मिलाकर चल सकें और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हों।



**मारवाड़ी युवा मंच मनेंद्रगढ़ का विशेष योगदान** - इस दूरगामी पहल को संभव बनाने में मारवाड़ी युवा मंच, मनेंद्रगढ़ का विशेष योगदान रहा है। मंच के समाजसेवी दृष्टिकोण और समर्पण से ही यह प्रशिक्षण कोर्स साकार हो सका। इस अवसर पर मंच के प्रतिनिधियों ने बच्चों को तकनीकी शिक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से बताया और उन्हें प्रेरित किया कि वे इस सुनहरे अवसर का भरपूर लाभ उठाएं। मंच के जिन सदस्यों ने इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग दिया उनमें मनीष गोयल, रोहित गोयल, सार्थक अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, कृष गोयल, प्रतीक गोयल, रोहन फरमानिया, सीए आकाश अग्रवाल, आदर्श अग्रवाल, दीपक गोयल, मयंक गोयल, संतोष सिंघल, और राहुल अग्रवाल प्रमुख हैं। विद्यालय प्रबंधन और मारवाड़ी युवा मंच, मनेंद्रगढ़ दोनों का मानना है कि यह कंप्यूटर कोर्स न केवल छात्रों की शैक्षिक दिशा को मजबूती प्रदान करेगा, बल्कि समाज के समग्र विकास में भी मील का पत्थर साबित होगा। इस पहल को क्षेत्रीय समाज में व्यापक सराहना मिल रही है और यह अन्य विद्यालयों को भी इसी तरह की उपयोगी योजनाओं को लागू करने के लिए प्रेरित कर रही है।

## कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी स्कूल पहुँचीं, बच्चों से सुनी कविता और पहाड़ा

### कक्षा में बच्चों को समझाया गणित, शिक्षकों को दी जिम्मेदारी से पढ़ाने की नसीहत



**कोरिया बैकुंठपुर** - जिला कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी अचानक निरीक्षण पर शासकीय प्राथमिक शाला कसरा एवं कंचनपुर पहुँचीं। उन्होंने स्कूल पहुँचते ही बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, स्कूल संचालन और मध्यान्ह भोजन व्यवस्था की जमीनी स्थिति का अवलोकन किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, जिला पंचपत के सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी भी उपस्थित थे।

कलेक्टर जब कक्षा में पहुँचीं तो बच्चों ने सामूहिक रूप से 'गुड मॉर्निंग' कहकर उनका स्वागत किया। कक्षा तीसरी की छात्रा राधिका ने जब अंग्रेजी के ए से जेड तक के अल्फाबेट सुनाए, तो कलेक्टर ने 'वेरी गुड' कहकर उसकी हौसला अफजाई की। वहीं छात्राओं मिनाक्षी और दिव्या ने कविता और पहाड़ा सुनाकर सबका मन मोह लिया। कलेक्टर ने ब्लैक बोर्ड में गणित के सवालों को शिक्षिका की तरह सरल भाषा में समझाया, जिससे बच्चे सहज रूप से सीख सकें। उन्होंने शिक्षकों को निर्देशित किया कि वे समय पर स्कूल खोलें, नियमित कक्षाएं लें और बच्चों को पूर्ण जिम्मेदारी और लगन से पढ़ाएं।

## भारतीय वायु सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित

**कोरबा अम्बिकावाणी** - भारतीय वायुसेना में भर्ती हेतु कार्यालय भोपाल द्वारा छत्तीसगढ़ के अविवाहित पुरूष एवं महिला आवेदकों से अग्निवीर वायु वर्ष २०२६ हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। भारतीय वायुसेना में अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है जो ३१ जुलाई २०२५ रात्रि ११.०० बजे तक खुली रहेगी। इसके लिए ऑनलाईन फार्म एवं विस्तृत जानकारी भारतीय वायुसेना के वेबसाईट पर उपलब्ध है। ऐसे आवेदक जिनका जन्म ०२ जुलाई २००५ एवं ०२ जनवरी २००९ के बीच हुआ है और जो १०+ २ या समकक्ष परीक्षा विज्ञान समूह जैसे - गणित भौतिकी एवं अंग्रेजी में किसी मान्यता प्राप्त केन्द्रीय राज्य या केन्द्र शासित राज्य बोर्ड से न्यूनतम ५० प्रतिशत अंकों के साथ जिसमें अंग्रेजी विषय में ५० प्रतिशत अंक हो। २ वर्षीय डिप्लोमा कोर्स इंजीनियरिंग जैसे इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाईल, कम्प्यूटर साइंस, इस्ट्रूमेंटेशन टेक्नोलॉजी, इंफोरमेशन टेक्नोलॉजी इत्यादि। मान्यता प्राप्त बोर्ड अथवा राज्य, केन्द्र शासित राज्य से ५० प्रतिशत अंकों के साथ तथा जिसमें इंटरमिडिएट/मैट्रिकुलेशन में अंग्रेजी विषय में ५० प्रतिशत अंक हो/ २ वर्षीय व्यावसायिक कोर्स हो तथा जो छत्तीसगढ़ का निवासी है। ऑनलाईन पंजीयन कर सकते हैं।


## झुमका बोट हाउस संचालन हेतु निविदा आमंत्रित

### झुमका जलाशय में हाउस बोट संचालन के लिए दो वर्षों के अनुबंध पर प्रस्ताव आमंत्रित, 13 अगस्त अंतिम तिथि

**कोरिया** - पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक नई पहल करते हुए झुमका वाटर टूरिज्म सोसायटी, बैकुण्ठपुर द्वारा झुमका जलाशय क्षेत्र में एक नग हाउस बोट के संचालन हेतु मुहरबंद प्रथम निविदा आमंत्रित की गई है। यह निविदा दो वर्ष के अनुबंध पर निर्धारित की गई है।

इच्छुक निविदाकार १५ जुलाई २०२५ से १३ अगस्त २०२५ तक १००० रुपये नगद या बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि १३ अगस्त २०२५ दोपहर २ बजे निर्धारित की गई है। प्राप्त निविदाओं को उसी दिन दोपहर ३ बजे खोला जाएगा। हाउस बोट की संख्या ०१ नग है। अमानत राशि ५ लाख रुपये है, मासिक किराया १.५ लाख रुपये (समिति द्वारा निर्धारित) है। निविदा से संबंधित अधिक जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति झुमका वाटर टूरिज्म सोसायटी, बैकुण्ठपुर से संपर्क कर सकते हैं।

## निधन - गणपत राय मित्तल



**बिश्रामपुर** - नगर के मुख्य बाजार निवासी विकास मेंस कलेक्शन एवं विकास इलेक्ट्रॉनिक्स बिश्रामपुर के संचालक के पिता गणपत राय मित्तल का गुरुवार को निधन हो गया। वे ८२ वर्ष के थे। वे लंबे समय से अस्वस्थ्य चल रहे थे, जिनका ईलाज रायपुर के निजी अस्पताल में चल रहा था। उनका अंतिम संस्कार कल १८ जुलाई शुक्रवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अपने पीछे पांच पुत्र मदन लाल मित्तल, बाबुलाल मित्तल, सज्जन मित्तल, विनोद मित्तल, पवन मित्तल समेत भरापुरा परिवार छोड़ गए हैं।

## होटलों में घरेलू गैस का अवैध उपयोग, खाद्य एवं राजस्व विभाग ने की कार्रवाई

**जनकपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** जिले की जनकपुर नगर पंचायत में खाद्य एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा होटल एवं रेस्टोरेंट में घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग को रोकने हेतु विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान घरेलू उपयोग के लिए आरक्षित 14.2 किलोग्राम के 24 नग एवं 3 किलोग्राम का 1 नग गैस सिलेंडर, जो आंशिक रूप से भरे अथवा खाली अवस्था में पाए गए, जिसे जब्त किया गया। यह कार्रवाई नायब तहसीलदार कुंवारपुर, खाद्य निरीक्षक भरतपुर, खाद्य निरीक्षक कोटाडोल एवं स्थानीय कोटवार के संयुक्त दल द्वारा की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार का व्यावसायिक उपयोग नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है और आगे की कार्रवाई द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (आपूर्ति और वितरण विनियमन) आदेश 2000 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत की जाएगी। प्रशासन ने होटल एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को चेतावनी देते हुए कहा है कि घरेलू गैस का अवैध उपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी इसी प्रकार की सघन जांच लगातार की जाएगी।



### न्यायालय तहसीलदार मनेन्द्रगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202507330500031 मामले की श्रेणीः- राजस्व

विषयः- अ-6, सनः- 2024-2025
मनेन्द्रगढ़ प.ह.नं. 00014 (हे.)

पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - श्रीमती सरकार, गौतम सरकार, अल्पना सरकार, ज्योत्सना सरकार, गौरी सरकार, मंटू सरकार, सतीश सरकार, ममिता सरकार, सुमित सरकार, परिमित सरकार।

अनावेदक पक्षकार - गौतम सरकार, अल्पना सरकार, ज्योत्सना सरकार, गौरी सरकार, मंटू सरकार, सतीश सरकार, ममिता सरकार, सुमित सरकार, परिमित सरकार।

//ईश्तहार//

सर्व साधारण जनता ग्राम मनेन्द्रगढ़ प.ह.नं. 14 रा.नि.मं. मनेन्द्रगढ़, तहसील मनेन्द्रगढ़, जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि ग्राम मनेन्द्रगढ़ स्थित भूमि ख.नं. 202/1 रकबा 0.1550 हे., 202/7 रकबा 0.3600 हे., 202/8 रकबा 0.3440 हे., 202/13 रकबा 0.1010 हे., 206/13 रकबा 0.0610 हे., 198/2 रकबा 0.3360 हे. पर नामांतरण प्रक्रिया के समय त्रुटिवश एक सदस्य का नाम प्रविष्ट नहीं होने से नामांतरण प्रक्रिया को पटवारी प्रतिवेदन अनुसार राजस्व न्यायालय से नामांतरण किया जाना उचित होगा। नामांतरण प्रक्रिया के समय त्रुटिवश एक सदस्य का नाम प्रविष्ट नहीं होने से नामांतरण प्रक्रिया को पटवारी प्रतिवेदन अनुसार राजस्व न्यायालय से नामांतरण किया जाना उचित होगा। नामांतरण प्रक्रिया के समय त्रुटिवश एक सदस्य का नाम प्रविष्ट नहीं होने से नामांतरण प्रक्रिया को पटवारी प्रतिवेदन अनुसार राजस्व न्यायालय से नामांतरण किया जाना उचित होगा। उक्त भूमि नामांतरण के संबंध में यदि कोई भी जनता अपना आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना चाहते हैं तो दिनांक 30/07/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति/दावा पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की सील एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15/07/2025 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
मनेन्द्रगढ़
जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)

## Sports Live

### रिल बनाओ पैसे कमाओ, भारत सरकार दे रही 15,000 जितने का मौका, चेक करें डिटेल्स

**नई दिल्ली ,17 जुलाई ।** सरकार ने डिजिटल इंडिया के 10 साल पूरा होने के मौके पर देशवासियों के लिए एक खास कॉन्टेस्ट शुरू किया है। इस कॉन्टेस्ट का नाम है। यह प्रतियोगिता 1 अगस्त तक चलेगी। इस प्रतियोगिता के तहत नागरिकों को हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। इस प्रतियोगिता के तहत आपको अपनी पर्सनल स्टोरी और क्रिएटिव रील्स शेयर करने हैं, जो डिजिटल इंडिया मुहिम से जुड़े हों। आपको ऐसी रील बनानी है, जिसमें ये दिखाना होगा कि डिजिटल इंडिया ने आपके जीवन पर कैसे सकारात्मक प्रभाव डाला है। सरकारी सेवाओं तक ऑनलाइन पहुंच से लेकर डिजिटल एजुकेशन, हेल्थ सर्विस या फाइनेंशियल टूल्स के फायदे तक- हर रील इस बात पर प्रकाश डालेगी कि कैसे टेक्नोलॉजी ने देश भर के नागरिकों को सशक्त बनाया है। केंद्र सरकार ने इस प्रतियोगिता के तहत ईनाम भी देगी। टॉप 10 विजेताओं को 15-15 हजार रुपये, उनके बाद 25 विजेताओं को 10-10 हजार रुपये और उनके बाद 50 विजेताओं को 5-5 हजार रुपये का ईनाम दिया जाएगा।


# वेस्टइंडीज का धाकड़ बल्लेबाज आंद्रे रसेल इंटरनेशनल क्रिकेट को कहने जा रहा है अलविदा



**नईदिल्ली ,17 जुलाई।** वेस्टइंडीज क्रिकेट फैंस के लिए एक बड़ी खबर उस वक्त सामने आई, जब उनके क्रिकेट बोर्ड ने टीम के महान ऑलराउंडर आंद्रे रसेल पर एक पोस्ट करके थैंक्यू लिखा. जिससे क्रिकेट वर्ल्ड में ये खबर आग की तरह फैल गई की आंद्रे रसेल अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने जा रहे हैं. हालांकि अभी तक रसेल ने आधिकारिक रूप से इसकी घोषणा नहीं की है. वेस्टइंडीज फैंस के लिए ये बुरी खबर निकोलस पूरन के रिटायरमेंट के ठीक बाद और भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप से ठीक सात महीने पहले आई है. बता दें कि रसेल को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार (21 जुलाई) से शुरू होने वाली 5 मैचों की टी20 सीरीज के लिए वेस्टइंडीज टीम में शामिल किया गया है, लेकिन ईएसपीएनक्रिकइंफो ने अपनी एक रिपोर्ट ने खुलासा किया कि वह केवल पहले दो मैच ही खेलेंगे और उसके बाद संन्यास ले लेंगे. श्रृंखला के पहले दो मैच जमैका के सबीना पार्क में खेले जाएंगे, जो रसेल का घरेलू मैदान है. ये मैच 21 और 23 जुलाई को खेले जाएंगे. जिससे उन्हें अपने घरेलू मैदान पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने का मौका मिलेगा. क्रिकेट वेस्टइंडीज ने भी एक्स पर रसेल के 15 फोटो पोस्ट करके लिखा, ₹शुक्रिया, ड्रे रस! 15 साल तक आपने वेस्टइंडीज के लिए पूरे दिल, जुनून और गर्व के साथ खेला. दो बार के टी20 विश्व कप चैंपियन से लेकर मैदान के अंदर और बाहर आपकी शानदार क्षमता तक, आपका प्रभाव और शानदार योगदान हमेशा हमारे दिलों में रहेगा. इस पोस्ट ने कन्फर्म कर दिया की रसेल इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कहने जा रहे हैं. रसेल ने वेस्टइंडीज के लिए कुल 15 साल खेले. उन्होंने कहा, शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता कि इसका क्या मतलब था. वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व करना मेरे जीवन की सबसे गौरवपूर्ण उपलब्धियों में से एक रहा है. जब मैं बच्चा था, तो मुझे इस मुकाम तक पहुंचने की उम्मीद नहीं थी, लेकिन जैसे-जैसे आप खेलना शुरू करते हैं और इस खेल से प्यार करने लगते हैं, आपको एहसास होता है कि आप क्या हासिल कर सकते हैं. इसने मुझे और बेहतर बनने के लिए प्रेरित किया क्योंकि मैं मैरून रंगों में अपनी छाप छोड ?ा चाहता था और दूसरों के लिए प्रेरणा बनना चाहता था. उन्होंने आगे कहा, मुझे वेस्टइंडीज के लिए खेलना बहुत पसंद है और मुझे अपने परिवार और दोस्तों के सामने घर पर खेलना बहुत पसंद है जहां मुझे अपनी प्रतिभा दिखाने और और भी बेहतरीन प्रदर्शन करने का मौका मिलता है. मैं अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का अंत शानदार तरीके से करना चाहता हूं और कैरिबियन से आने वाली अगली पीढ़ी के क्रिकेटरों के लिए एक आदर्श बनना चाहता हूं. बता दें कि रसेल 2012 और 2016 में टी20 विश्व कप जीतने वाली विंडीज टीम का हिस्सा थे और उन्होंने कुल 84 मैच खेले हैं. इस दौरान, रसेल ने टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 1078 रन बनाए हैं और 61 विकेट लिए हैं. रसेल ने 2010 में वेस्टइंडीज के लिए एक टेस्ट मैच खेला था और 70 एकदिवसीय मैचों में हिस्सा लिया था, जहां उन्होंने 1034 रन बनाए और 70 विकेट लिए. शाई होप (कप्तान), ज्वेल एंड्रयू, जेडिया ब्लेड्स, रोस्टन चेज, मैथ्यू फोर्ड, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, अकील होसेन, अल्जारी जोसेफ, ब्रैंडन किंग, एविन लुईस, गुडाकेश मोटी, रोवमैन पॉवेल, आंद्रे रसेल, शेरफेन रदरफोर्ड और रोमारियो शेफर्ड.

## छोटी खबरें

### न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को दूसरे टी20 में हराया, टिम रॉबिन्सन ने खेली विस्फोटक पारी



**नई दिल्ली,17 जुलाई।** न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम और दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के बीच जिम्बाब्वे टी20 ट्राई सीरीज का दूसरा मैच हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेला गया. इस मैच में न्यूजीलैंड की टीम ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका की टीम को 21 रनों से हरा दिया है. इस मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए टिम रॉबिन्सन को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला. इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 175 रन बनाए. दक्षिण अफ्रीका की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 18.2 ओवर में 152 रनों पर ढेर हो गई और 21 रनों से मैच गंवा बैठी. ये ट्राई सीरीज में दक्षिण अफ्रीका की पहली हार है जबकि न्यूजीलैंड की पहली जीत है.

इस मैच में 176 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की ओर से डेवाल्ड ब्रेविस ने सबसे ज्यादा रन बनाए. उन्होंने 18 बॉल में 1 चौके और 3 छक्कों के साथ 35 रनों की पारी खेली. उनके अलावा जॉर्ज लिंडे ने 20 बॉल में 1 चौके और 2 छक्कों के साथ 30 रनों की पारी खेली. टीम के लिए लुआन-ड्रे प्रीटोरियस ने 27 रनों का योगदान दिया. न्यूजीलैंड की ओर से मैट हेनरी और जैकब डफी ने 3-3 जबकि ईश सोढ़ी ने 2 विकेट चटकाए. इससे पहले न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 175 रनों का स्कोर बनाया. इस दौरान कीवी टीम के लिए टिम रॉबिन्सन ने धमाकेदार अर्धशतकीय पारी खेली. टिम ने 3 नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 57 बॉल में 4 चौके और 3 छक्कों की मदद से 75 रनों की आतिशी पारी खेली. इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 131.57 का रहा. वहीं, बेवॉन जैकब्स ने भी 30 बॉल में 44 रनों की पारी खेली. इस दौरान उन्होंने 1 चौका और 3 छक्के लगाए. अफ्रीका के लिए क्वेना मफाका ने 2 विकेट चटकाए जबकि लुंगी एनगिडी, गेराल्ड कोएत्जी और सेनुरन मुथुसामी को 1-1 विकेट मिला. इस टी20 ट्राई सीरीज का पहला मैच जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के बीच हुआ था, जहां प्रोजियाज टीम को जीत मिली थी.

### लक्ष्य सेन और सात्विक-चिराग की जोड़ी जापान ओपन से हुई बाहर, अब अनुपमा पर टिका सारा दारोमदार

**नई दिल्ली,17 जुलाई।** भारतीय बैडमिंटन फैंस को तगड़ा झटका लगा है. जापान ओपन से भारत के स्टार शटलर लक्ष्य सेन और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी तथा चिराग शेट्टी की जोड़ी दूसरे दौर के अपने-अपने मैचों में हारकर बाहर हो गई है. इससे पहले बुधवार को पहले राउंड का अपना मैच हारकर पीवी सिंधु भी बाहर हो गई थीं.अब बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 बैडमिंटन टूनार्मेंट, जापान ओपन में केवल एकमात्र भारतीय शटलर अनुपमा उपाध्याय ही बची हैं. गुरुवार को लक्ष्य सेन को अपने प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में जापान के कोडाई नाराओका से सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा. नाराओका ने लक्ष्य सेन को 19-21, 11-21 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली जबकि लक्ष्य को टूनार्मेंट से बाहर करा रास्ता दिखा दिया. इससे पहले बुधवार को लक्ष्य सेन ने चीन के वांग झेंग जिंग को 21-11, 21-18 से हराकर दूसरे राउंड में जगह बनाई थी. इसके अलावा जापान ओपन मेंस डबल्स में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी को चीन की जोड़ी लियांग वेई केंग और वांग चांग के हाथों सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ गया. इसके साथ ही भारतीय जोड़ी का सफर खत्म हो गया जबकि चीनी जोड़ी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई. सात्विक-चिराग को वेई केंग और चांग के हाथों 22-24, 14-21 से हार मिली. सात्विक और चिराग ने बुधवार को दक्षिण कोरिया के कांग मिन ह्युक और की डोंग जू को 42 मिनट में 21-18, 21-10 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया.


# बांग्लादेश ने टी20 में रचा इतिहास, श्रीलंका की धरती पर हासिल की बड़ी उपलब्धि




**नईदिल्ली ,17 जुलाई।** बांग्लादेश ने श्रीलंका दौरे का समापन शानदार तरीके किया. टेस्ट सीरीज 1-0 और वनडे सीरीज 2-1 से गंवाने के बाद बांग्लादेश ने टी20 सीरीज जीतकर इतिहास रच दिया. तीसरे और आखिरी टी20 मैच में बांग्लादेश ने मेजबान श्रीलंका को 8 विकेट से मात दी. 133 रनों के लक्ष्य को मेहमान टीम ने 21 गेंद और 8 विकेट शेष रहते हासिल कर लिया. इसके साथ 3 मैचों की ये सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली.

खास बात ये है कि यह बांग्लादेश की श्रीलंका के खिलाफ पहली टी20 सीरीज जीत है. पहले मैच बुरी तरह से हारने के बावजूद बांग्लादेश ने शानदार वापसी की और सीरीज अपने नाम करने में कामयाब रहा. सीरीज में शानदार खेल का प्रदर्शन करने वाले बांग्लादेशी कप्तान लिटन दास को प्लेयर ऑफ दि सीरीज और मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले मेहदी हसन को प्लेयर ऑफ दि मैच का अवॉर्ड दिया गया. तनजीद हसन तमीम ने नाबाद 47 गेंदों पर 73 रनों की पारी खेली जिसमें केवल एक चौका और 6 छक्के शामिल थे. इसके अलावा मेहदी हसन धीमी पिच पर, अपनी शानदार स्पिन गेंदबाजी से श्रीलंका के पतन के सूत्रधार रहे. उन्होंने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 11 रन देकर 4 विकेट लिए और मेजबान टीम के शुरूआती विकेट गिरने के बाद मध्य क्रम को तहस-नहस कर दिया. मैच की बात करें तो टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरूआत काफी खराब रही और 5 ओवर में उन्होंने अपने 4 विकेट खो दिए. पथुम निसांका ने 39 गेंदों पर 46 रनों की संयमित पारी खेलकर पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन 15वें ओवर तक श्रीलंका का स्कोर 6 विकेट पर 94 रन हो गया. दासुन शनाका ने आखिरी ओवर में 22 रनों सहित 25 गेंदों पर नाबाद 35 रनों की पारी खेली, जिससे उनका स्कोर 7 विकेट पर 132 रन तक पहुंच गया, लेकिन यह एक अच्छा टोटल नहीं था. 133 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश ने पारी की पहली ही गेंद पर विकेट गंवा दिया. उसके बावजूद मेहमान टीम ने लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया. तनजीद ने अपनी पावर-हिटिंग और टाइमिंग का शानदार प्रदर्शन करते हुए, केवल 47 गेंदों पर छह छक्कों सहित नाबाद 73 रनों की पारी खेली. कप्तान लिटन दास ने उनका अच्छा साथ दिया, जिन्होंने नौवें ओवर में आउट होने से पहले 32 रन बनाए. इसके बाद तौहीद हृदयॉय तनजीद के साथ आए और दोनों ने 59 रनों की अटूट साझेदारी करके मेहमान टीम को 16.3 ओवर में आसानी से जीत दिला दी.

## बार्सिलोना ने मेसी की नंबर 10 जर्सी 18 वर्षीय खिलाड़ी को सौंपी, 2031 तक मचाएंगा धमाल




**नईदिल्ली ,17 जुलाई।** स्पेन के 18 वर्षीय फुटबॉलर लामिन यामल इन दिनों काफी सुर्खियों में हैं, उनके इस चर्चे की वजह उनका ग्राउंड पर खेल नहीं बल्कि दिग्गज खिलाड़ी लियोनल मेसी के जर्सी नंबर 10 को हासिल करना है. दरअसल बार्सिलोना के सनसनीखेज युवा खिलाड़ी लामिन यामल को आधिकारिक तौर पर क्लब की प्रतिष्ठित नंबर 10 जर्सी सौंप दी है, जिसे कभी दिग्गज लियोनेल मेसी पहना करते थे. इसके अलावा क्लब ने उनका अनुबंध 2031 तक बढ़ा दिया है.

लामिन यामल ने यह जर्सी अंसु फाति से ली है, जो हाल ही में एक सीजन के लिए क्लब में शामिल हुए थे. इसके साथ यमल, मेसी, रोनाल्डिन्हो, रिवाल्डो, रोमारियो और डिएगो माराडोना के बाद, क्लब में नंबर 10 जर्सी पहनने वाले दिग्गज खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं. इससे पहले यमाल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करके इस खबर को चर्चा में ला दिया था. पोस्ट में जर्सी नंबर 10 में माराडोना, रोनाल्डिन्हो और मेसी की तस्वीरें थीं. जिसने प्रशंसकों में अटकलों को जन्म दिया था. जिसकी अब पुष्टि हो गई है.

## ---------------------------- व्यापार----------------------------

# अमेरिकी शेयरों में जमकर पैसा लगा रहे भारतीय, इन कंपनियों में कर रहे सबसे ज्यादा निवेश




**नई दिल्ली ,17 जुलाई ।** घरेलू शेयर बाजार के साथ-साथ अमेरिकी बाजार में भी भारतीय जमकर पैसा ला रहे हैं। घरेलू निवेशकों ने सबसे ज्यादा ट्रेड यूएस की चिप कंपनी एनवीडिया में किया है, जिसने हाल ही में चार ट्रिलियन डॉलर की मार्केटकैप की उपलब्धि हासिल की है। यह जानकारी बुधवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई।

वेस्टेड फाइनेंस की 'ग्लोबल इन्वेस्टिंग बिहेवियर रिपोर्टइ के मुताबिक, अप्रैल-जून की अवधि में भारतीयों की ओर से अमेरिकी शेयरों में एनवीडिया को सबसे ज्यादा ट्रेड किया गया। कुल बाय वॉल्यूम में इसकी हिस्सेदारी 6.4 प्रतिशत थी, जबकि सेल वॉल्यूम में इसकी हिस्सेदारी 8.3 प्रतिशत थी।रिपोर्ट में बताया गया कि सबसे ज्यादा नेट इनफ्लो गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट में दर्ज किया गया। यूनिक निवेशकों में 113 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसके अलावा भारतीयों ने अन्य दिग्गज अमेरिकी कंपनियों जैसे टेस्ला, एडवांस्ड माइक्रो डिवाइस (एएमडी) और एप्पल आदि में भी निवेश किया है। इसके अतिरिक्त, अन्य अमेरिकी कंपनी डुओलिंगो में निवेशकों की संख्या में 2,255 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जबकि यूनाइटेडहेल्थ ग्रुप और नोवो नॉर्डिस्क जैसी स्वास्थ्य सेवा की दिग्गज कंपनियों के निवेशक आधार में 500 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि देखी गई। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में खुदरा निवेशकों ने अमेरिकी टैरिफ के झटके और एसएंडपी 500 में उतार-चढ़ाव के बीच दूसरी तिमाही में वैश्विक निवेश दोगुना कर दिया। वेस्टेड प्लेटफॉर्म पर खरीदारी की मात्रा में तिमाही-दर-तिमाही 20.47 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियों (एयूएम) में तिमाही-दर-तिमाही 35.4 प्रतिशत और साल-दर-साल 140 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वर्ष की दूसरी तिमाही में ईटीएफ में भी अच्छी तेजी देखी गई। रिपोर्ट में कहा गया, निवेशकों ने इन्वेस्को नैस्डैक 100 ईटीएफ (क्यूक्यूक्यूएम), आईशेयर्स सेमीकंडक्टर ईटीएफ (एसओएक्सएक्स), और वैनगार्ड एसएंडपी 500 ईटीएफ (वीओओ) जैसे फंडों के माध्यम से विविधीकरण की ओर रुख किया, जिससे निवेशकों की संख्या में क्रमशः 131 प्रतिशत, 101 प्रतिशत और 47 प्रतिशत की वृद्धि हुई। रिपोर्ट के अनुसार, जैसे-जैसे अमेरिकी डॉलर कमजोर हुआ और केंद्रीय बैंक की नीतियां अलग-अलग हुई हैं, भारतीय निवेशकों ने ईटीएफ के माध्यम से यूरोप, चीन और ब्राजील में निवेश अवसर खोजे हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि भारतीय निवेशक केवल समाचारों की सुर्खियों पर प्रतिक्रिया देने के बजाय दृढ़ विश्वास से प्रेरित पोर्टफोलियो बना रहे हैं क्योंकि स्वास्थ्य सेवा, सेमीकंडक्टर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसे उद्योग मुख्यधारा में आ रहे हैं और वैश्विक एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) गति पकड़ रहे हैं।

## शादी-ब्याह वालों के लिए बड़ी राहत, सोना-चांदी के दाम औंधे मुंह गिरे; फटाफट चेक करें नए रेट

**नई दिल्ली ,17 जुलाई ।** सोना और चांदी के दाम लगातार दूसरे दिन कम हो गए हैं। दोनों ही कीमती धातुओं की कीमत में बुधवार के कारोबारी दिन भी गिरावट देखने को मिली है। 24 कैरेट के सोने की कीमतों में 400 रुपए से ज्यादा की गिरावट आई है। वहीं, चांदी की कीमत भी लगभग 800 रुपए कम हो गई है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम 416 रुपए कम होकर 97,500 रुपए हो गया है, जो कि पहले 97,916 रुपए था। इसी तरह 22 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम भी 381 रुपए कम होकर 89,310 रुपए हो गया है, जो कि मंगलवार को 89,691 रुपए दर्ज किया गया था। 18 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम भी 312 रुपए कम होकर 73,125 रुपए हो गया है, जो कि पिछले कारोबारी दिन 73,437 रुपए दर्ज किया गया था। चांदी का दाम 797 रुपए कम होकर 1,11,200 रुपए प्रति किलो हो गया है, जो कि पहले 1,11,997 रुपए प्रति किलो था। वायदा बाजार में सोने और चांदी की कीमत में तेजी दर्ज की जा रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने के 5 अगस्त 2025 के कॉन्ट्रैक्ट की कीमत 0.21 प्रतिशत बढ़कर 97,415 रुपए और चांदी के 5 सितंबर 2025 के कॉन्ट्रैक्ट की कीमत 0.29 प्रतिशत बढ़कर 1,11,805 रुपए थी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोने और चांदी की कीमत में तेजी देखी जा रही है। कॉमैक्स पर सोना करीब 0.27 प्रतिशत बढ़कर 3,345.60 डॉलर प्रति औंस और चांदी 0.34 प्रतिशत बढ़कर 38.24 डॉलर प्रति औंस पर थी। कार्स्टन मेन्के के प्रमुख अर्थशास्त्री जूलियस बेयर ने कहा, गोल्ड कंसोलिडेशन में फंस गया है, जिससे हालिया तेजी को फिर से शुरू करने का कोई संकेत नहीं मिल रहा है।

# भारतीय शेयर बाजार सपाट खुला, फार्मा शेयरों में तेजी




**मुंबई ,17 जुलाई ।** भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के कारोबारी सत्र में सपाट खुला। शुरूआती कारोबार में सुबह 9:39 पर सेंसेक्स 60 अंक या 0.07 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 82,574 और निफ्टी 21 अंक या 0.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,191 पर था। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी सपाट कारोबार हो रहा है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 56 अंक या 0.09 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 59,564 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 9 अंक की मामूली तेजी के साथ 19,149 पर था। सेक्टोरल आधार पर ऑटो, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी, मीडिया, एनर्जी और कमोडिटीज इंडेक्स हरे निशान में थे। आईटी, पीएसयू बैंक और फाइनेंशियल सर्विसेज लाल निशान में थे। सेंसेक्स पैक में सन फार्मा, एमएंडएम, टाटा मोटर्स, बीईएल, एनटीपीसी, ट्रेंट, एनटीपीसी, एक्सिस बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक टॉप गेनर्स थे। इटरनल (जोमैटो), टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फिनसर्व, इन्फोसिस, एशियन पेंट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईटीसी टॉप लूजर्स थे। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार डॉ. वी.के. विजयकुमार ने कहा, बाजार के कंसोलिडेशन के दायरे से बाहर निकलने का कोई संकेत नहीं है जिसमें वह पिछले दो महीनों से फंसा हुआ है। भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते को भी बाजार ने कम महत्व दिया है, जिससे इस दायरे को निर्णायक रूप से तोड ? वाली तीव्र तेजी की कोई गुंजाइश नहीं बची है।

उन्होंने आगे कहा, टैरिफ दर का 20 प्रतिशत से काफी कम होने जैसा एक सकारात्मक और आश्चर्यजनक कारक ही बाजार को तेजी गति दे सकता है। इस कारण व्यापार और टैरिफ के मोर्चे पर होने वाले घटनाक्रमों पर नजर रखें।

ज्यादातर एशियाई शेयर बाजार स्थिर से लेकर निचले स्तर पर कारोबार कर रहे थे। टोक्यो, शंघाई, बैंकॉक और जकार्ता हरे निशान में थे। हांगकांग और सियोल लाल निशान में थे। सकारात्मक बाजार धारणा के चलते बुधवार को अमेरिकी बाजार हरे निशान में बंद हुआ। संस्थागत मोर्चे पर, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने अपना निवेश कम करना जारी रखा और 16 जुलाई को 1,858 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इसके विपरीत, घरेलू संस्थागत निवेशक (डीआईआई) लगातार आठवें सत्र में लगातार खरीदार बने रहे और 1,223 करोड़ रुपए का निवेश करके वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच बाजार को महत्वपूर्ण समर्थन दिया।

## एम्स हॉस्पिटल प्रबंधन ने 41 लाख 66 हजार 20 रुपए का धनादेश निगम जोन 8 राजस्व विभाग को किया अदा

**रायपुर।** एम्स हॉस्पिटल प्रबंधन को वर्तमान वित्त वर्ष 2025-26 का सम्पतिकर, जलकर, यूजर चार्ज, समेकित कर, सभी निगम करों का 41 लाख 66 हजार 20 रुपए का डिमांड नोटिस नगर निगम जोन 8 जोन कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल के निर्देश पर जोन 8 जोन राजस्व विभाग की टीम के कर्मचारियों द्वारा सहायक राजस्व अधिकारी श्री महादेव रक्सेल के नेतृत्व में दिया गया था। डिमांड नोटिस मिलने पर तत्काल एम्स हॉस्पिटल प्रबंधन द्वारा निगम जोन 8 राजस्व विभाग को वर्तमान वित्त वर्ष 2025-26 का सम्पतिकर, जलकर, समेकित कर, यूजर चार्ज राशि रुपए 41 लाख 66 हजार 20 रुपए का धनादेश प्रदत्त कर सम्पूर्ण निगम करों की अदायगी कर दी है।

**न्यूज गैलरी**

## नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर पुहपुटरा में सम्पन्न



**लखनपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** पुरंजय हेल्थ एंड एजुकेशन डेवलपमेन्ट फाउंडेशन द्वारा दिनांक १७/०७/२०२५ दिन गुरुवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ब्लॉक के पूहपुटरा पंचायत के सोना बाई संग्रहालय में आयोजित किया गया। शिविर में नेत्र जाँच, क्क. क्क. जाँच, शुगर जाँच, सिकलिंग जाँच एवं अन्य स्वास्थ्य चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध कराई गयी जिसका लाभ भारी संख्या में पुहपुटरा पंचायत एवं आस पास के गांव से आये हुए ग्रामीणों को उपलब्ध कराया गया।

पुरंजय फाउंडेशन के पदाधिकारियों द्वारा लोगों को गंभीर बीमारी के ईलाज हेतु शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली योजनाओं की जानकारी प्रदान की गयी इसी के साथ हीं यह भी आश्वासन दिया गया की लोगों को बीमारी के दौरान संस्थान द्वारा उचित मार्गदर्शन प्रदान करने का प्रयास किया जायेगा और आगे भी इस प्रकार से शिविर का आयोजन कर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाती रहेंगी। शिविर के आयोजन में ग्राम वासियों के साथ सरपंच श्री गोविन्द राम, सचिव श्री जयपाल साहू, मितानिन नीरा राजवाड़े, उषा राजवाड़े प्रभारी डॉक्टर श्री मारुती प्रताप सिंह, श्रीमती अंजला कुजूर नेत्र जाँच सहायक अधिकारी, श्री अरविन्द कुमार आर. एच. ओ., सुषमा श्रीवास्तव आर. एच. ओ., श्रीमती दमयंती सोनी सुपरवाइजर ,श्री युवराज सिन्हा, संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल के जन संपर्क अधिकारी श्री संजय विश्वकर्मा का विशेष योगदान रहा। शिविर में फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रेजल विश्वकर्मा, श्री सुरेश पाण्डेय जी, श्री विश्वजीत एवं श्री संजय शर्मा उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में इन्होंने विशेष योगदान प्रदान किया।

## बस्तर के बच्चों का स्वर्णिम भविष्य सुनिश्चित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध - साय

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से छत्तीसगढ़ विधानसभा में नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत राजधानी रायपुर के शैक्षणिक भ्रमण पर आए सुकमा जिले की सुदूरवर्ती पाँच ग्राम पंचायतों के बच्चों ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री श्री साय ने बच्चों से आत्मीय संवाद करते हुए उनका हालचाल जाना और राजधानी रायपुर में उनका आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने कहा कि बस्तर के बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बनाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी सहित सभी मूलभूत सुविधाएँ बस्तर के कोने-कोने तक पहुँचाने हेतु कृतसंकल्पित है।

मुख्यमंत्री ने बच्चों से सौहार्दपूर्ण बातचीत करते हुए कहा कि इस शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से आपको राजधानी रायपुर को निकट से देखने-समझने का अवसर मिला है। इसी तरह राज्य सरकार बस्तर क्षेत्र में भी तीव्र गति से विकास कर रही है। उन्होंने बताया कि सुदूर अंचलों में अब सुरक्षाबलों के कैंप स्थापित हो रहे हैं, और जहां-जहां ये कैंप पहुँचते हैं, वहाँ चौतरफा विकास के द्वार खुलते हैं। अब अधिकांश स्थानों पर शासकीय राशन दुकानों की स्थापना हो चुकी है और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक पहुँच रहा है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि निकट भविष्य में बस्तर पूरी तरह से नक्सलमुक्त क्षेत्र होगा।

मुख्यमंत्री ने बच्चों से मुस्कराते हुए पूछा – ₹बस्तर के शेर बच्चों ने रायपुर के जंगल सफारी में शेर देखा या नहीं?₹ इस मजाकिया अंदाज पर बच्चों सहित उपस्थित सभी लोग ठहाके लगाकर हँस पड़े। साय ने कहा कि राज्य सरकार आत्मनिर्भर बस्तर की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। बस्तर के लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए उन्हें दुग्ध उत्पादन से भी जोड़ा जा रहा है। सरकार शिक्षा के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सुनिश्चित कर रही है, ताकि क्षेत्र के बच्चों का भविष्य सुरक्षित और समृद्ध हो सके। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, वन मंत्री श्री केदार कश्यप, विधायकगण श्री ईश्वर साहू एवं श्री सुशांत शुक्ला भी उपस्थित थे।

## नेता प्रतिपक्ष ने विधानसभा में मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त कर रच दिया इतिहास



**रायपुर।** संसदीय इतिहास में छत्तीसगढ़ विधानसभा मानसून सत्र का तीसरा दिन दर्ज हो गया। हुआ यूं कि बिजली की दरों में वृद्धि को लेकर विपक्ष ने स्थगन प्रस्ताव लाया था लेकिन जो अस्वीकार हो गया और उसके बाद नेता प्रतिपक्ष डा. चरणदास महंत ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद दिया। छत्तीसगढ़ विधानसभा के मॉनसून सत्र का तीसरा दिन विपक्ष का स्थगन प्रस्ताव अस्वीकार्य हो गया। स्थगन प्रस्ताव अस्वीकार्य होने के बाद भी नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री के द्वारा विषय को गंभीरता से लेने पर उनके प्रति आभार जताया। नेता प्रतिपक्ष के द्वारा मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किए जाने पर सत्तापक्ष ने जोरदार मेजें थपथपाई। स्थगन प्रस्ताव अस्वीकार्य होने के बावजूद भी विपक्ष द्वारा किसी भी प्रकार का सदन में कोई हंगामा नहीं किया गया। छत्तीसगढ़ विधानसभा और अन्य संसदीय केंद्रों के इतिहास में ऐसा पहला ही अवसर देखने में आया जब स्थगन प्रस्ताव पर नेता प्रतिपक्ष ने ऑन रिकॉर्ड मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया हो।

# ग्राम पंचायतों की सक्रियता और स्वप्रेरित जनभागीदारी से हो रहे जल संरक्षण के प्रयास प्रशंसनीय : मुख्यमंत्री

**00 मुख्यमंत्री ने मोर गांव मोर पानी अभियान पर आधारित पुस्तिका का किया विमोचन**



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज विधानसभा परिसर स्थित अपने कक्ष में मोर गांव मोर पानी महाअभियान पर आधारित पुस्तिका का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पंचायती राज दिवस के अवसर पर प्रारंभ किए गए इस विशेष अभियान ने जल संरक्षण और संवर्धन के क्षेत्र में अभूतपूर्व चेतना उत्पन्न की है। विमोचन कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, प्रमुख सचिव पंचायत श्रीमती निहारिका बारीक, विशेष सचिव श्री तारण प्रकाश सिन्हा सहित अनेक अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम पंचायतों की सक्रियता और जनता की स्वप्रेरित भागीदारी के चलते यह अभियान अब एक जनआंदोलन का रूप ले चुका है। लोग स्वेच्छा से जल संरक्षण जैसे पुनीत कार्यों से जुड़ रहे हैं, जो सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन का स्पष्ट संकेत है। उन्होंने कहा कि पुस्तिका में राज्य की विभिन्न पंचायतों द्वारा जल संरक्षण के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों और नवाचारों को संकलित किया गया है, जो अन्य पंचायतों के लिए प्रेरणास्रोत बनेंगे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि अभियान के अंतर्गत सूचना, शिक्षा और संचार गतिविधियों के माध्यम से जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। प्रदेश की 11,000 से अधिक ग्राम पंचायत भवनों की दीवारों पर भूजल स्तर अंकित किया गया है, जिससे लोगों में जल के महत्व को लेकर व्यावहारिक चेतना जागृत हुई है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों की भूमिका जल संरक्षण को जन-भागीदारी से जोड? में महत्वपूर्ण रही है, और यह चेतना आने वाले समय में और भी व्यापक स्वरूप लेगी।

उल्लेखनीय है कि मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत रैली, दीवार लेखन जैसे माध्यमों से व्यापक स्तर पर जनसामान्य को जल संरक्षण के प्रति संवेदनशील और जागरूक किया गया है। 626 क्लस्टर्स में आयोजित प्रशिक्षणों के माध्यम से 56,000 से अधिक प्रतिभागियों को जल प्रबंधन और संरक्षण के लिए तैयार किया गया है। अभियान में जीआईएस तकनीक का उपयोग कर जल संरक्षण कार्यों की प्रभावी योजना बनाई जा रही है, जबकि जलदूत ऐप के माध्यम से खुले कुओं का जल स्तर मापा जा रहा है। इसके अतिरिक्त, परकोलेशन टैंक, अर्दन डैम, डिफंक्ट बोरवेल रिचार्ज स्ट्रक्चर जैसे संरचनात्मक उपायों के माध्यम से जल पुनर्भरण और संरक्षण के स्थायी प्रयास किए जा रहे हैं। ग्राम पंचायतों के यह प्रयास छत्तीसगढ़ को जल संरक्षण के राष्ट्रीय मॉडल के रूप में स्थापित करेंगे।

## अंबेडकर अस्पताल में 161 में से 50 मशीन खराब, 26 नई मशीनें खरीदने की प्रक्रिया चल रही




**रायपुर।** राज्य के सबसे बड़े अस्पताल अंबेडकर अस्पताल में 161 में से 50 मशीन खराब हो चुकी है और इतना ही नहीं 20 करोड़ की पैट स्कैन मशीन भी बिना उपयोग के खराब हो गई है जिनमें से 11 मशीनों को सुधारा जा चुका है और शेष मशीनों को ठीक करने की कोशिश की जा रही है। इसके साथ ही 26 नई मशीनें खरीदने की प्रक्रिया चल रही है इसके लिए 70 करोड़ रुपए दिए गए हैं। यह जानकारी स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बुधवार को कांग्रेस सदस्य श्रीमती शेषराज हरबंस के द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में दिए। श्रीमती शेषराज हरबंस ने मंत्री से जानना चाहा कि 50 मशीनें खराब पड़ी है, नई मशीनें नहीं खरीदने के क्या कारण हैं? स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि बिगड़ी मशीनों में 11 को सुधारा गया है। उन्होंने कहा 26 नई मशीनें खरीदने की प्रक्रिया चल रही है। इसके लिए 70 करोड़ रुपए दिए गए हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने एक पूरक प्रश्न के जवाब में बताया कि पैट स्कैन मशीन को 20 करोड़ की लागत से खरीदी गई थी। पिछली सरकार ने मशीन चालू करने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाए। उन्होंने कहा कि मशीन चालू नहीं होने पर खराब हो गई है,चूंकि पाट्र्स विदेश से आते हैं इसलिए किसी भी तरह चालू करने की कोशिश चल रही है। मंत्री के जवाब के बाद कांग्रेस विधायकों ने कहा कि राजधानी के सबसे बड़े अस्पताल की हालत अगर यह है, तो दूर-दराज के क्षेत्रों की स्वास्थ्य व्यवस्था का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। इस पूरे मामले में पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने कहा कि मध्य भारत का सबसे अच्छा कैंसर संस्थान बन सके इसलिए पैट और गामा एक्सरे मशीन खरीदी गई थी। सरकार बदलने के बाद इसका भुगतान किया गया। उन्होंने कहा कि अनियमितता हुई है, तो इसकी जांच होनी चाहिए।

## मुख्यमंत्री से राज्य पुलिस सेवा अधिकारियों ने की सौजन्य भेंट

**00 मंत्रिपरिषद द्वारा वरिष्ठ प्रवर श्रेणी वेतनमान दिए जाने के निर्णय हेतु व्यक्त किया आभार**



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से विधानसभा स्थित कार्यालय में राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों ने सौजन्य भेंट कर मंत्रिपरिषद की बैठक में वर्ष 2005 से 2009 बैच तक के अर्हकारी सेवा अवधि पूर्ण कर चुके अधिकारियों को वरिष्ठ प्रवर श्रेणी वेतनमान प्रदान किए जाने के निर्णय हेतु आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा भी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि 11 जुलाई 2025 को आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य पुलिस सेवा संवर्ग के समुचित प्रबंधन हेतु 30 सांख्येतर पदों का सृजन करते हुए वरिष्ठ प्रवर श्रेणी वेतनमान प्रदान करने का निर्णय लिया गया। यह निर्णय उन अधिकारियों के लिए लिया गया है जिन्होंने सेवा में निर्धारित अर्हता अवधि पूर्ण कर ली है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री लखन पटले, कीर्तन राठौर, अनंत साहू, डॉ. संगीता माहेलकर एवं श्रीमती प्रज्ञा मेश्राम उपस्थित थीं।

## एसईसीएल में लैब का जिम्मा संभाल रही महिलाएं



**बिश्रामपुर –** एसईसीएल ने महिला सशक्तिकरण और तकनीकी नेतृत्व को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए केंद्रीय उत्खनन कर्मशाला गेवरा स्थित सीबीएम लैब को पूर्णतः महिलाओं द्वारा संचालित प्रयोगशाला के रूप में आरंभ किया।

लैब का उद्घाटन एसईसीएल सीएमडी हरीश दुहन द्वारा निदेशक (तकनीकी - संचालन सह योजना/परियोजना) एन. फ्रैंकलिन जयकुमार तथा निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार की उपस्थिति में किया गया।

**ये है सीबीएम लैब और इसके लाभ –** सीबीएम लैब खनन कार्यों में प्रयुक्त भारी मशीनों और वाहनों के रखरखाव में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह लैब मशीनों से लिए गए लुब्रिकेंट ऑयल के नमूनों का विश्लेषण कर यह निर्धारित करती है कि उपकरणों की आंतरिक स्थिति कैसी है, किस हिस्से में घिसाव हो रहा है या कौन-सा पुर्जा संभावित रूप से खराब हो सकता है। सीबीएम लैब में मशीनों से लिए गए तेल के नमूनों पर चार प्रमुख प्रकार के परीक्षण किए जाते हैं। इनमें एलीमेंटल एनालिसिस, काइनेमैटिक विस्कोसिटी, केमिकल प्रॉपर्टीज विश्लेषण एवं पार्टिकल काउंट शामिल हैं।

इन सभी परीक्षणों से यह सुनिश्चित किया जाता है कि मशीनों में समय रहते संभावित खराबी की पहचान हो सके, जिससे अचानक ब्रेकडाउन की संभावना कम होती है। इससे अनावश्यक मरम्मत से बचा जा सकता है, उत्पादन कार्यों में रुकावटें कम होती हैं, संचालन लागत घटती है और खराबी के मूल कारणों की पहचान कर दीर्घकालिक समाधान संभव हो पाते हैं।

एसईसीएल द्वारा उठाया गया यह कदम तकनीकी क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के साथ-साथ खनन उपकरणों की स्थिति की नियमित निगरानी एवं रखरखाव को भी मजबूत बनाएगा, जिससे खनन संचालन अधिक सुरक्षित, कुशल और लागत प्रभावी बन सकेगा।

कार्यक्रम के दौरान सीएमडी हरीश दुहन एवं निदेशकगणों ने सीबीएम लैब का निरीक्षण किया तथा प्रयोगशाला प्रभारी बबीता पटवाल, सहायक प्रबंधक (उत्खनन) एवं टीम की सभी महिला कर्मियों से भेंट कर उनका हौंसला बढ़ाया। उन्होंने टीम को भविष्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु मार्गदर्शन भी प्रदान किया।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय महाप्रबंधक गेवरा एके त्यागी, क्षेत्रीय महाप्रबंधक, दीपका संजय मिश्रा, क्षेत्रीय महाप्रबंधक कोरबा आरके गुप्ता, वर्क्स मैनेजर, सीईडबल्यूएस गेवरा एके सिंह, समस्त जेसीसी, कल्याण, सुरक्षा समिति के सदस्य, एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शिक्षा का जीवन मे महत्वपूर्ण योगदान होता है, इसी से मिलती है उपलब्धि- शारदा वर्मा

**00 नैतिक शिक्षा सामान्य शिक्षा के साथ अनिवार्य होना चाहिए-अजय तिवारी**

**00 लक्ष्मीनारायण कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम**



**रायपुर।** लक्ष्मीनारायण कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय गुरुकुल परिसर में मंगलवार को शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में भारतीय प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत्त अधिकारी श्रीमती शारदा वर्मा मुख्य अथिति के रूप में उपस्थित होकर विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की। शिक्षा का जीवन मे महत्वपूर्ण योगदान होता है इसी से आप हर उपलब्धि को हासिल कर सकती हैं। उन्होने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया तथा कापी, पेन वितरण कर मिष्ठान से मुंह मीठा करके प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री अजय तिवारी ने स्वागत भाषण देते हुए विद्यालय की स्थापना से आज तक के उपलब्धि भरे सफर की जानकारी दी।

रायपुर शहर में कन्याओं की शिक्षा के लिए समर्पित भातखण्डे ललितकला शिक्षा समिति द्वारा संचालित विभिन्न संस्थाओं एवम उनकी उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला। नैतिक शिक्षा सामान्य शिक्षा के साथ अनिवार्य होना चाहिये जिससे एक दूसरे के प्रति सम्मान की भावना जागृत हो। कार्यक्रम में गुरुकुल महिला महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर श्रीमती संध्या गुप्ता, कमलादेवी संगीत महाविद्यालय से श्री उज्जवल सिंह ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित होकर मुख्य अतिथि एवम नवप्रवेशी बालिकाओं का स्वागत किया। विद्यालय पालक समिति के अध्यक्ष श्री हेमकरन देवांगन उपाध्यक्ष श्री ईंधन कलिहारी भी उपस्थित थे। प्राचार्या श्रीमती मनीषा गहोई द्वारा शाला प्रतिवेदन के साथ अतिथियों का स्वागत किया गया। शाल श्रीफल प्रतीक चिन्ह भेंटकर अतिथियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में भातखण्डे ललितकला समिति की सचिव श्रीमती शोभा खंडेलवाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती संध्या दुबे ने किया।


■ स्वामी, मुद्रक प्रकाशक- महेन्द्र सिंह टुटेजा, नरेन्द्र सिंह टुटेजा द्वारा टुटेजा मीडिया पब्लिकेशन, नमनाकला, अम्बिकापुर, सरगुजा (छत्तीसगढ़) से मुद्रित एवं प्रकाशित, 0 प्रधान संपादक-महेन्द्र सिंह टुटेजा,Mo. 8223000155, 94252 56303, 98261 83780 ■ RNI No. 50247/89 ■ Postal Regn No./ छ.ग./रायगढ़/009/2016 से 2018 ■ Email- ambikavanisurguja@gmail.com

KJ
स्थापना - 1928
मानक पथप्रदर्शक
100% Hallmark Jewellery
कंचन ज्वेलर्स
स्वर्ण एवं रजत आभूषणों का विशाल संग्रह
सदर रोड, अम्बिकापुर, सरगुजा (छत्तीसगढ़)
फोन - 07774-222309

सरगुजा संभाग

# अम्बिकावाणी

■ सरगुजा ■ कोरिया ■ सूरजपुर ■ बलरामपुर ■ जशपुर



धन कमाना बुरा नहीं है धन का दुरूपयोग करना बुरा है।

जिला प्रशासन की सक्रियता से आयुष्मान कार्ड योजना का बेहतर क्रियान्वयन- 10



जर्जर छात्रावास भवन में भविष्य गढ़ रहे आदिवासी छात्र...- 12

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में नगर निगम अंबिकापुर को मिला सुपर स्वच्छ लीग अवॉर्ड

## 50 हजार से 3 लाख आबादी वाले शहरों में सुपर स्वच्छ लीग में अंबिकापुर रहा प्रथम,पुनः 5-स्टार का नगर निगम अम्बिकापुर को मिला दर्जा

**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**

छत्तीसगढ़ के नगर निगम पालिका अम्बिकापुर को स्वच्छता के क्षेत्र में एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला है। भारत सरकार आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण २०२४ के अंतर्गत ५० हजार से ३ लाख की जनसंख्या वर्ग में नगर निगम पालिका अम्बिकापुर को च्सुपर स्वच्छ लीगज्ज में देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

इस उपलब्धि के लिए आज विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित भव्य पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने अंबिकापुर नगर निगम को सम्मानित किया। अम्बिकापुर की ओर से यह पुरस्कार अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री श्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरुण साव, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत एवं नगर निगम आयुक्त श्री डी.एन. कश्यप संयुक्त रूप से उपस्थित रहे।

इस सम्मान समारोह के अवसर पर सभापति श्री हरमिंदर सिंह टिन्नी, एमआईसी सदस्य श्रीमती श्वेता गुप्ता, कार्यपालन अभियंता संतोष रवि, एसबीएम नोडल अधिकारी रितेश सैनी, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक अवधेश पांडेय, सहायक अभियंता दुष्यंत बजाज एवं प्रशांत खुल्लर, साथ ही स्वच्छता अभियान से जुड़ी स्वच्छता दीदी शशिकला सिन्हा एवं ज्ञानलता कुजूर भी उपस्थित थे।

सुपर स्वच्छ लीग भारत सरकार द्वारा उन शहरों के लिए आरंभ की गई एक विशेष लीग है, जो पिछले वर्षों में स्वच्छ सर्वेक्षण में निरंतर असाधारण प्रदर्शन करते आए हैं। यह लीग स्वच्छता मानकों,



जनभागीदारी, कचरा प्रबंधन, और सतत सफाई व्यवस्था में श्रेष्ठता प्राप्त शहरों को मान्यता प्रदान करती है।

स्वच्छ सर्वेक्षण २०२४ में अतिरिक्त मानदंडों के आधार पर अम्बिकापुर नगर निगम का मूल्यांकन किया गया। इस मूल्यांकन में अम्बिकापुर ने अपनी श्रेणी में शीर्ष स्थान हासिल किया है। साथ ही, अम्बिकापुर नगर को गार्बेज फ्री सिटी अभियान के अंतर्गत पुनः ५-स्टार रेटिंग भी प्राप्त हुई है, जो स्वच्छता के क्षेत्र में निरंतर उच्च प्रदर्शन का प्रमाण है।

गौरतलब है कि सुपर स्वच्छ लीग में शहरों की रैंकिंग नहीं की जाती, बल्कि प्रदर्शन के आधार पर चयन किया जाता है। आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण में इस विशेष लीग में बने रहने के लिए नगर निकायों को कम से कम ८५ प्रतिशत स्कोर हासिल करना होता है और शीर्ष २० शहरों में स्थान बनाए रखना आवश्यक है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि अंबिकापुर की यह सफलता पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है।

यह पुरस्कार आम नागरिकों की सहभागिता और स्वच्छता कर्मियों की मेहनत का परिणाम है। नगरीय प्रशासन मंत्री ने भी नगर निगम की टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ के अन्य नगर निकायों को भी प्रेरणा देगी। इस अवसर पर महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने कहा कि अम्बिकापुर की जनता, नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी और स्वच्छता टीम की सतत मेहनत का ही परिणाम है कि आज हमारा शहर राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित हुआ है। यह हम सभी के लिए गर्व और प्रेरणा का क्षण है। कलेक्टर श्री विलास भोसकर ने नगर निगम अम्बिकापुर को सुपर स्वच्छ लीगच्च में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा ,यह सम्मान नगर निगम की टीम, स्वच्छता दीदियों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। नगर निगम आयुक्त श्री कश्यप ने कहा कि अम्बिकापुर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की आधुनिक व्यवस्था, प्लास्टिक प्रतिबंध, स्वच्छता जागरूकता और पर्यावरणीय संतुलन पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। अम्बिकापुर की यह राष्ट्रीय उपलब्धि अब छत्तीसगढ़ के अन्य नगर निकायों के लिए एक मॉडल के रूप में देखा जा रही है। अम्बिकापुर की यह उपलब्धि न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि देशभर के शहरों के लिए स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता और नवाचार का प्रेरणास्त्रोत बन चुकी है।

### लगातार कायम रहा अंबिकापुर का जलवा

स्वच्छ सर्वेक्षण २०१९ में दो लाख की जनसंख्या में देश में प्रथम एवं ओवरआल कैटेगरी में पूरे देश में दूसरे स्थान में था, वहीं इसे ५ स्टार रेटिंग से पुरस्कृत किया गया था. स्वच्छ सर्वेक्षण २०२० में १ लाख से १० लाख के जनसंख्या के शहरों में अंबिकापुर अव्वल रहा. स्वच्छ सर्वेक्षण २०२१ में १ से ३ लाख में प्रथम एवं देश में पांचवा तथा स्वच्छ सर्वेक्षण २०२२ में १ से ३ लाख में दूसरे एवं देश में पांचवां स्थान हासिल किया था। वर्ष २०२२ में नगर निगम को स्वच्छता सर्वेक्षण में देश में चौथा स्थान हासिल हुआ था और फाइव स्टार रैंकिंग की श्रेणी में शामिल था जबकि वर्ष २०२३ में नगर निगम को भारी नुकसान उठाना पड़ा और निगम दो स्टार की गिरावट के साथ ३ स्टार रैंकिंग में पहुंच गया जबकि देश में नेशनल रैंकिंग में निगम २७वें नम्बर पर आ गया था. लेकिन इस बार देश के बड़े निकायों की रैंकिंग वाली सूची से ऊपर उठकर सुपर स्वच्छ लीग श्रेणी में शामिल कर लिया गया है।

# नक्सलियों की वेशभूषा में की थी 2 लाख से ज्यादा की लूट, गिरोह का सरगना 3 साल बाद बिहार से गिरफ्तार

**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**

। जनवरी २०२२ में बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के चलगली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मानपुर में हथियारबंद नकाबपोशों द्वारा २.२० लाख रुपए की लूटपाट की गई थी। साढ़े ३ साल बाद वारदात का मास्टरमाइंड आगर साय उर्फ सुनील को पुलिस ने बिहार के रोहतास जिला अंतर्गत डेहरी ऑन सोन से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी नाम बदलकर एक दुकान में काम कर रहा था। वह खुद को पलामू झारखंड निवासी बताकर पहचान छिपाए हुए था।




गौरतलब है कि कमलेश गुप्ता ने १३ जनवरी २०२२ को थाना चलगली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि १२ जनवरी की रात ९ से १० बजे के बीच ५-६ हथियारबंद नकाबपोशों ने खुद को नक्सली बताकर उसके घर में धावा बोला और परिवार को जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करते हुए २.२० लाख रुपए के जेवर व नगदी लूट लिए।

मामला गंभीर था और पुलिस ने तुरंत अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा ३९५, १२०(बी) एवं २५, २७ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया था। वारदात में शामिल ७ आरोपियों को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। इनमें प्रवीण खेस्स उर्फ नेपाली, संजय चक्रधारी, लालबाबू उर्फ सोनू, रामबरत अगरिया, सुन्दरलाल साहू, मुखलाल यादव और विष्णु गुप्ता शामिल थे। सभी को जेल भेज दिया था।

लेकिन मास्टरमाइंड आगर साय लगातार फरार चल रहा था।

एसपी वैभव बैंकर एवं आईजी दीपक झा के निर्देश पर थाना प्रभारी चलगली निरीक्षक बृजलाल भारद्वाज के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। साइबर सेल बलरामपुर की सहायता से पुलिस टीम झारखंड और बिहार में लगातार दबिश देती रही। लंबे प्रयासों के बाद आरोपी को बिहार के डेहरी ऑन सोन से पकड़ा गया, जहां वह नाम बदलकर काम कर रहा था. पूछताछ में आरोपी ने नक्सली वेशभूषा धारण कर डराने-धमकाने और लूट की वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की। पुलिस ने उसके पास से घटना में प्रयुक्त भरमार बंदूक भी जब्त किया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी चलगली बृजलाल भारद्वाज, एसआई. सुबल सिंह, प्रधान आरक्षक नागेन्द्र पांडेय, आरक्षक संजय जायसवाल, राजकिशोर पैकरा एवं राजकुमार मरकाम शामिल रहे।

### 4 थानों में दर्ज थे अन्य अपराध

आगर साय के खिलाफ थाना कुसमी में मारपीट, जबरन वसूली, आपराधिक षड्यंत्र, थाना रामचन्द्रपुर में हत्या का प्रयास, विस्फोटक अधिनियम, थाना रघुनाथनगर में अपहरण व डकैती, थाना चांदनी बिहारपुर जिला सूरजपुर में जबरन वसूली, राज्य विशेष जन सुरक्षा अधिनियम के तहत अपराध दर्ज हैं।

# सड़क किनारे पेड़ काटकर रखे डंगाल से टकराई ट्रैक्टर खेत में पलटी, एक की मौत, एक गंभीर

**रामानुजगंज (अम्बिकावाणी समाचार)।**



आज सुबह ९ बजे के करीब देवगई मोड़ के पास राष्ट्रीय राज्य मार्ग में सड़क किनारे पेड़ काटकर रखे गए डंगाल से ट्रैक्टर के टक्कर के बाद ट्रैक्टर सड़क के किनारे खेत में पलटने से ट्रैक्टर चला रहे युवक एवं उसका साथी दोनों दब गए स्थानीय लोगों के द्वारा तत्काल दोनों को बाहर निकल गया व इलाज के लिए बलरामपुर से अंबिकापुर ले जाने के दौरान रास्ते में एक युवक की मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तामेश्वरनगर हवाई पट्टी के समीप रहने वाले तिरु माझी की पिता दशरथ उम्र १९ वर्ष अपने मित्र पिंटू उम्र २० के साथ बलरामपुर की ओर से अपने ट्रैक्टर में केजबिल पुराना लगवा कर वापस अपने गांव जा रहा था इसी दौरान सुबह ९ बजे के करीब राष्ट्रीय राज्य मार्ग के किनारे पेड़ों को काटकर डंगाल को रख दिया गया है जिससे ट्रैक्टर की टक्कर हुई एवं ट्रैक्टर आगे जाकर पलट गया जिससे दोनों दब गए दोनों को स्थानीय लोगों के द्वारा तत्काल बाहर निकल गया एवं जिला अस्पताल भेजा गया जहां से तिरु की स्थिति काफी गंभीर देखते हुए रेफर कर दिया गया था रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। दूसरे की स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ. सोनल गार्डिया
MBBS, MS ( General Surgeon )
जनरल एवं लैप्रोस्कॉपिक सर्जन
सुविधाएं -
* पित्त की थैली की पथरी
* गुर्दे की पथरी
* प्रोस्टेट की समस्या
* अपेन्डिक्स, हार्निया
* लीवर से संबंधित बीमारियां
* बवासीर (फिशर एवं फिस्टुला)
* भूख न लगना, गैस की समस्या
* ऑतों से संबंधित समस्याऐं
* शरीर में गांठे
* दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन
* पेट संबंधी सभी प्रकार की बीमारियां

अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
[illegible]
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जांच की सुविधा उपलब्ध

# 19 वर्षीय कॉलेज के छात्र ने लगाई फांसी, मौत

**रामानुजगंज (अम्बिकावाणी समाचार)।**

पिता अपने पुत्र के पहले सुबह उठकर अपने लूना में बर्तन लेकर बेचे चल जाते थे ताकि बेटे की पढ़ाई लिखाई एवं परवरिश अच्छे से हो सके पिता अपने पुत्र के लिए अच्छा से अच्छा कपड़ा, जूता चप्पल जरूरत की सभी सामान यहां तक की पढ़ाई लिखाई में कोई कमी नहीं की पिता के द्वारा घर लेंटर का इसलिए बनाया गया कि बेटा को यह न लगे कि खपड़े की घर में रहते हैं। जिस पुत्र के लिए पिता रात दिन मेहनत कर रहा है उसी पुत्र ने बिना कुछ सोचे समझे बिना कोई बड़ी बात के घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया गया घटना से पूरा परिवार सदमे में है घटना मंगलवार की है। घटना का आज



तीसरा दिन है परंतु माता-पिता के आंसू रुक नहीं रहे हैं वे सदमे से उबर नहीं पा रहे हैं आखिर में हम लोगों ने क्या कमी की बेटा ने ऐसा किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम नावाडीह के मुरली गुप्ता के पुत्र अंकेश गुप्ता उम्र १९ वर्ष जो रामानुजगंज कॉलेज में पढ़ाई कर रहा था। अंकेश की मां अपना इलाज कराने डाल्टनगंज गई थी।पिता के साथ वह घर में था पिता सुबह बोले कि मैं खेत की तरफ जा रहा हूं ,तुम खाना बनाकर रखना। पिता जब १ घंटे के बाद आए तो अपने पुत्र को खोजने लगे। देखे की जूता एवं चप्पल तो दिख रहा है परंतु बेटा आखिर किधर गया। इसके बाद उन्होंने उसके मोबाइल पर फोन लगवाया। घंटी बजने लगी मोबाइल पास में ही था। पिता व्याकुल होकर अपने पुत्र को खोजने लगे। अचानक उनकी नजर छत की ओर गई तो बेटा लटका मिला। देखकर उनका कलेजा फट गया। उनको कुछ समझ में नहीं आया कि कुछ देर पहले हंसी-खुशी बात हुई थी आखिर में १ घंटे के अंदर ऐसा क्या हुआ कि मेरा बेटा फांसी लगा लिया। अपने इकलौते बेटे को खोने के गम को माता-पिता भूल नहीं पा रहे हैं मंगलवार से जो आंसू की धारा बह रही है वह रुक नहीं रही है।

### बीमार पड़ने पर दूर-दूर लेकर गए थे इलाज कराने

अंकेश जब बीमार पड़ा था तो पिता व्याकुल हो गए थे उसको इलाज करने के लिए काफी दूर-दूर ले गए थे बीमारी ठीक नहीं हो रहा था अंततः अपने पुत्र को ठीक करा कर ही वापस लाए थे। दोबारा ही जब वह बीमार पड़ा था तो उसका बेहतर इलाज करा कर उसे ठीक कराए थे। उन्होंने अपने बेटे को छूट दी थी कि तुमको जो पढ़ाई करना है करो तुमको कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। माँ जब अपने पुत्र को डांटती थी तो पिता अपनी पत्नी को डांटते थे इसको बहुत ज्यादा मत टोक करो इसको अपने मन से करने दो हमारा बेटा अच्छा करेगा। पर उन्हें क्या मालूम था कि बेटा ऐसा कर देगा।

### कुछ दिनों में यह चौथी घटना

फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कुछ दिनों की यह चौथी घटना है आखिरकार युवा क्यों छोटी-छोटी बातों में इतना गुस्सा हो जा रहे हैं या हताश, निराश हो जा रहे हैं कि उन्हें आत्महत्या करना पड़ रहा है समाज को अब जगने की आवश्यकता है ताकि आने वाले समय में दोबारा ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो।

## अग्निवीर वायु भर्ती वर्ष 2026 हेतु 31 जुलाई तक

अम्बिकापुर । उपसंचालक रोजगार ने बताया कि भारतीय वायु सेना अग्निपथ योजना के अंतर्गत अग्निवीर वायु भर्ती वर्ष २०२६ हेतु अधिसूचना जारी कर दी गई है। जन्म ०२ जुलाई २००५ से ०२ जनवरी २००९ के बीच (दोनों तिथियां सम्मिलित) आवेदन कर सकते हैं। आवेदक ऑनलाईन पोर्टल साइट /३१ जुलाई २०२५ को रात ११:०० बजे तक आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक आवेदक अपने नजदीकी लोक सेवा केंन्द्र में जाकर आवेदन कर सकते हैं।

## टीचर्स एसोसिएशन ने नवपदस्थ संयुक्त संचालक संजय गुप्ता एवं डीईओ डॉ दिनेश झा का किया स्वागत

**अम्बिकापुर- (अम्बिकावाणी समाचार)।**

प्रांतीय उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह की अगुवाई में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन सरगुजा जिला के पदाधिकारियों ने नवपदस्थ सरगुजा संभाग के संयुक्त संचालक (शिक्षा) श्री संजय गुप्ता एवं जिला शिक्षा अधिकारी सरगुजा श्री डॉ दिनेश झा जी से सौजन्य मुलाकात कर पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। श्री संजय गुप्ता ने संघ के पदाधिकारियों से परिचय कर विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा किया ।उन्होंने बताया कि हम सभी शिक्षा जगत से जुड़े हुए एक परिवार



की तरह है और किसी भी समस्या का समाधान हम आपस मे मिलजुलकर करेंगे । शासन के आदेशों निदेशों का पालन करना हम सबकी जिम्मेदारी है। वहीं सरगुजा के नए डीईओ श्री झा जी ने संघ को आश्वस्त किया कि मेरे कार्यकाल में कोई भी कार्य लंबित नहीं रहेगा । शिक्षकों की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ त्वरित निराकरण किया जाएगा. जिले में बेहतर शैक्षिक वातावरण हेतु टीम भावना से मिलकर कार्य करेंगे.

अधिकारी द्वय के स्वागत करने वालों में संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी हरेंद्र सिंह,प्रांतीय पदाधिकारी भरत सिंह, जिलाध्यक्ष कमलेश सिंह,मुकेश मुदलियार, अजय श्रीवास्तव, अरविंद सिंह,काजेश घोष , रामबिहारी गुप्ता, नाजिम खान,प्रशांत चतुवेर्दी, रणबीर सिंह चौहान, जवाहर खलखो, लखन राजवाड़े, सुशील मिश्रा, अमित सोनी, राकेश पांडेय, रमेश याज्ञिक,योअल लकड़ा,महेश यादव, सत्यप्रकाश गुप्ता,ओम प्रकाश शाक्य , मदन गोपाल सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# तीस से पैंतीस की संख्या में हथियार बंद बदमाशों ने मध्यरात्रि में बलरामपुर खदान मे बोला धावा

## हथियार अड़ा,कर्मी का मोबाइल व घड़ी लुट डकैती स्टाइल में लाखों का केबल ले भागे



**बिश्रामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
एसईसीएल बिश्रामपुर में चोरों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा सीएम के ओएसडी के घर हुई चोरी के तीन दिन बाद अब बलरामपुर खदान में चोरों ने बड़ी घटना को अंजाम दे दिया।बुधवार की रात तीस से पैंतीस की संख्या में खदान में घुसे हथियार बंद नकाबपोश चोरों ने खदान के कर्मियों को हथियार का भय दिखा धमका कर खदान में मशीन को पॉवर सप्लाई देने बिछाई गई लाखों की ट्रेलिंग केबल काट ले गए हैं।घटना के बाद आज खदान के सब एरिया मैनेजर,सुरक्षा अधिकारी,मैनेजर थाने पहुंच पुलिस को मामले से अवगत कराया है।साथ ही खदान में लगी सीसी टीवी के फुटेज भी पुलिस को उपलब्ध कराए हैं।बिश्रामपुर पुलिस सुरक्षाकर्मी उजीत राम की रिपोर्ट पर अज्ञात केबल चोरों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

बताया गया कि कुमदा सहक्षेत्र के बलरामपुर भूमिगत खदान जहां सीटीओ के आभाव में गत एक जुलाई से कोयला उत्पादन बंद पड़ा है। रात्रि पाली में खदान में पंप सहित अन्य कार्य करने वाले मजदूर खदान के भीतर थे।मध्य रात्रि में दो दर्जन से अधिक की संख्या में नकाबपोश केबल चोर खदान के मुंहाडे से खदान के भीतर प्रवेश कर गए यहां काम पर उपस्थित पंप ऑपरेटर घूरन राम का बदमाशों ने घड़ी व मोबाइल लुट लिया फिर ड्यूटी में उपस्थित अन्य कर्मियों को कट्टा गड़ासा,तलवार सब्बल से धमकाते हुए होशियारी नहीं दिखाने एक तरफ बैठ जाने कह खदान के तीन डीप ७४ लेबल में एलएचडी मशीन को पॉवर सप्लाई के लिए लगाए गए ट्रेलिंग केबल काट लिया और फिर खदान से केबल को खुद टांग कर बाहर निकाला और आराम से ले भागे।बदमाशों ने करीब डेढ़ से दो सौ मीटर केबल काटा है जिसकी कीमत साढ़े तीन से चार लाख करीब आंकी गई है।

### किधर से चोर घुसे किसी को नहीं चला पता

वर्तमान में कुमदा सह क्षेत्र की दोनों कुमदा सात आठ और बलरामपुर दस बारह नंबर खदान में कोयला उत्पादन बंद होने से यहां कर्मचारी बैठ कर अथवा आराम कर कंपनी से पूरी हाजरी प्राप्त कर रहे हैं।खदान में कई वर्कर ऐसे भी हैं जो हाजरी लगा घर चले जा रहे हैं।बीती रात घटित घटना के विषय में बताया गया तीस से अधिक की संख्या में जब चोर खदान में प्रवेश किए तो किसी को चोरों के खदान परिसर में प्रवेश करने की भनक तक नहीं लगी और चोर फिर खदान के भीतर भी घुस केबल काट कर आसानी से ले गए।यदि किसी कर्मचारी ने चोरों को खदान में घुसते देखा होता और इसकी सूचना समय पर सुरक्षा अमले को दे दी होती तो वही दो किलोमीटर के दायरे में स्थित कुमदा सात आठ खदान में त्रिपुरा बटालियन के हथियार बंद जवान ड्यूटी रत थे जिन्हें समय पर सूचना मिल जाती तो चोर पकड़ लिए जाते।इतनी बड़ी संख्या में चोरों के खदान में घुसने के बाद मामले की जानकारी समय पर नहीं मिलने से स्पष्ट है कि अधिकारी कर्मचारी या तो खदान में नहीं थे और यदि थे भी तो सभी आराम की मुद्रा में थे।तभी तो चोर खदान से भीतर सैकड़ों क्विंटल भारी भरकम केबल को खदान के भीतर एक किलोमीटर तक टांग कर बाहर लाए और आसानी से ले भाग जाने में सफल हुए।

### सीसीटीवी से क्लियर होगा मामला

बता दें कि खदान परिसर में अलग अलग स्थान पर सीसी टीवी कैमरे लगे हुए हैं । जिसमें चोर खदान परिसर में घुसते और बाहर निकलते दिखाई दे रहे हैं।खदान प्रबंधन ने सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंपा है।सीसी टीवी फुटेज में इस बात की जांच होनी चाहिए कि घटना दिवस को कितने कर्मचारी ड्यूटी पर आए थे और कितने लोगों की हाजरी लगी है।क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि उन्हें रात्रि दो बजकर अठारह मिनट में सूचना मिली है।सूचक ने बताया कि बलरामपुर खदान में तीस पैंतीस की संख्या में चोर घुसे थे और केबल ले गए हैं।बताया यह भी गया कि लगातार चोरी की घटनाओं के बाद बिश्रामपुर पुलिस सतर्कता बरत रही है ,पुलिस की अलग अलग टीम रात्रि गश्त कर रही है यदि चोरों के खदान में अटैक करने की सूचना पुलिस को भी मिली होती तो शायद यह घटना नहीं होती या फिर चोर पकड़ लिए जाते लेकिन लापरवाही से इतनी बड़ी घटना घटित हो गई।थाना क्षेत्र में एक के बाद एक हो रही चोरी से पुलिस परेशान है।सीएम के ओएसडी रवि मिश्रा के घर हुई चोरी में आरोपितों की पता तलाश में पुलिस टीम सरगर्मी से जुटी है तभी बलरामपुर खदान में डकैती की घटना हो गई।जो पुलिस के समक्ष नई चुनौती के समान है।बिश्रामपुर पुलिस मामले में केस दर्ज कर घटना की जांच में जुटी है इस मामले में भी केबल चोरी मामले में पूर्व में पुलिस पकड़ में आए बदमाशों की धरपकड़ जारी है।

### सुरक्षा में हर माह डेढ़ करोड़ से अधिक फूंक रहे लेकिन नहीं रुक रही चोरी

बता दें कि बिश्रामपुर क्षेत्र में बारूद घर मेन मैगजीन के सुरक्षा में सीआईएसफ के जवानों की ड्यूटी लगी हुई है।इसके अतिरिक्त खदानों में चोरी की घटना को रोकने त्रिपुरा के हथियार बंद जवानों की तैनाती की गई है।इसके अतिरिक्त कंपनी के सौ से अधिक खुद के सुरक्षा गार्ड हैं।खदानों में अलग से कर्मियों को बतौर सुरक्षा गार्ड तैनात कर रखा जाता है जिनके रहने ,खाने,वेतन सहित अन्य सुविधा के नाम पर बिश्रामपुर प्रबंधन प्रति माह डेढ़ करोड़ रु फूंकता है बाबजूद खदान क्षेत्रों में कोयला,कबाड़,केबल सहित मशीनी उपकरणों की बड़े पैमाने पर चोरी की खबरें रोज सामने आती है ऐसे में सुरक्षा अमले की उपयोगिता को लेकर लोग सवाल उठा रहे हैं।

# जंगल के अंदर झोपड़ी बना कर रहने वाले ग्रामीण की मौत हुई हाथी के हमले से

प्रतापपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।
ब्लॉक अंतर्गत सुदूर वनांचल क्षेत्र के परमेश्वरपुर गांव निवासी ६५ वर्षीय रामदेव पिता भगना कोड़ाकू की मौत हाथी के हमले में हो गई। यह दुखद घटना उस समय हुई जब वह अपने गांव से करीब दस किलोमीटर दूर घनघोर जंगल में बनी वन परिक्षेत्र घूई के अंतर्गत अपनी झोपड़ी में रहने के लिए जा रहा था। बुधवार दोपहर कुछ ग्रामीणों ने उसका शव झोपड़ी से कुछ मीटर पहले पड़ा देखा और वन विभाग को सूचना दी।



शव की हालत अत्यंत खराब थी और देखने से प्रतीत हो रहा था कि यह घटना दो से तीन दिन पहले की है। माना जा रहा है कि जंगल में विचरण कर रहे हाथियों के दल से रामदेव का सामना हो गया था और उनमें से एक ने हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया।

रामदेव पिछले कई वर्षों से जंगल में अकेले रह रहा था। वह हर शनिवार को अपने गांव राशन लेने आता था और रविवार को वापस जंगल में स्थित झोपड़ी में चला जाता था। इसी क्रम में वह इस बार भी जंगल लौट रहा था कि रास्ते में हाथी से मुठभेड़ हो गई और उसकी जान चली गई।

सबसे बड़ी बात यह थी कि मृतक गांव से १० किलोमीटर घनघोर जंगल के अंदर में एक कुटिया बना कर रहता था जो वन परिक्षेत्र का जंगल है। उसके बावजूद भी वन विभाग को जानकारी मिलने के बाद कि यहां हाथियों से खतरा है वहां से ग्रामीण को नहीं हटाया गया।बताया जा रहा है वह दो दशक से जंगल के अंदर में रहकर पूजा पाठ करता था तथा एक महीना का सामान खरीद कर और अपने घर से चावल दाल ले जाता था कभी-कभी हफ्ता में उसे देखा भी गया है।

**शव को जंगल से लाकर गांव पहुंचाया गया**

ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और शव को जंगल से बाहर लाकर रामदेव के गांव तक लाए। शव की खराब स्थिति के कारण बुधवार को पोस्टमार्टम नहीं हो सका। शव को निगरानी में रखा गया है और गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा। इसी दौरान तत्काल सहायता राशि दिए जाने की भी जानकारी दी गई है।

**ग्रामीणों में दहशत, सुरक्षा की मांग**

इस घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। बताया जा रहा है कि पिछले कई दिनों से हाथियों का दल इस जंगल क्षेत्र में सक्रिय है। ग्रामीणों ने वन विभाग से जंगल में निगरानी बढ़ाने और वन क्षेत्र में रहने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

# जिला प्रशासन की सक्रियता से आयुष्मान कार्ड योजना का बेहतर क्रियान्वयन

**बलरामपुर, (अम्बिकावाणी समाचार)।**
जिले में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं वय वंदना योजना के तहत आयुष्मान कार्ड पंजीयन का कार्य प्रगति पर है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत राशन कार्ड डाटा अनुसार जिले में कुल ७८५७६७ हितग्राही है। जिनमें से वर्तमान में कुल ७१८१२५ हितग्राही का आयुष्मान कार्ड पंजीयन का कार्य पूर्ण हो चुका है। जो कि ९१.३९ प्रतिशत है। शेष हितग्राहियों का पंजीयन का कार्य निरंतर जारी है।



आयुष्मान वय वंदना योजना के तहत जिले के ७० वर्ष या उससे अधिक उम्र के है उनका वय वंदन कार्ड बनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत ए.पी.एल. या बी.पी.एल. राशनकार्ड धारी हो, हितग्राहियों का ई-केवाईसी कराना आवश्यक है। आयुष्मान वय वंदना योजना के तहत राशनकार्ड डाटा अनुसार जिले में लक्ष्य कुल २०३३० हितग्राही का वय वंदना कार्ड पंजीयन कराया जाना है। जिसके लिए कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य मितानिनों के सहयोग से घर-घर जाकर अब तक ११०२६ पंजीयन किया गया है, शेष छूटे हुए हितग्राहियों का पंजीयन का कार्य किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बसंत सिंह ने जिले के सभी पात्र हितग्राहियों से अपील की है कि वे अपने नजदीकी स्वास्थ्य कार्यकर्ता, स्वास्थ्य संस्था या व्ही.एल.ई. से संपर्क कर आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, राशनकार्ड एवं मोबाईल नम्बर ले जाकर अपना आयुष्मान कार्ड एवं वय वंदना कार्ड पंजीयन करवा सकते है।

# क्लब फूट पाव फिरा के बच्चों हेतु 18 जुलाई को होगा निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन

**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध जिला चिकित्सालय अम्बिकापुर में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) अंतर्गत संचालित डीईआईसी (जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र) के द्वारा क्लब फूट पाव फिरा टेढ़े-मेढ़े पैर के बच्चों हेतु निःशुल्क जांच एवं उपचार शिविर का आयोजन १८ जुलाई २०२५ को किया जा रहा है। शिविर मातृत्व शिशु अस्पताल अम्बिकापुर में आयोजित होगा। शिविर में बच्चों को निःशुल्क जूता वितरण एवं उपचार किया जाएगा। शिविर में सरगुजा संभाग के समस्त जिलों से आरबीएसके चिरायु दल द्वारा क्लब फूट पाव फिरा के चिन्हांकित बच्चों को उपचार हेतु लाया जाएगा।

# जॉब कार्ड घोटालाः मृत या अस्तित्वहीन व्यक्ति के नाम पर निकालते रहे मजदूरी की राशि

## बड़वार पंचायत में फजीवाड़ा उजागरः शिकायतों के बाद भी नहीं हुई कार्यवाही, अब कलेक्टर से गुहार

**प्रतापपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
ग्राम पंचायत बड़वार (जनपद पंचायत प्रतापपुर) में मनरेगा योजनांतर्गत भ्रष्टाचार का एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां जॉब कार्ड क्रमांक १६६ में ऐसे व्यक्ति का नाम जोड़कर मजदूरी की राशि आहरित की जाती रही, जिसका ग्राम में कोई अस्तित्व ही नहीं है। शिकायतकर्ता ने बताया कि ₹राम सुदन₹ नामक व्यक्ति का जॉब कार्ड में नाम दर्ज है, जबकि गांव में न तो ऐसा कोई व्यक्ति है और न ही कभी रहा।शिकायतकर्ता के अनुसार, राम सुदन नाम से हाजिरी भरकर, खाता नंबर जोड़कर और हस्ताक्षर दर्शाकर वर्षों तक फर्जी भुगतान लिया जाता रहा। इस संबंध में कई बार संबंधित विभागीय अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन किसी भी स्तर पर कार्यवाही नहीं हुई। अब उन्होंने मामले की पांच प्रमाणित प्रतियां संलग्न करते हुए श्रीमान कलेक्टर सूरजपुर और एसडीओ (रा.), प्रतापपुर को आवेदन सौंपकर दोषियों पर सख्त कार्यवाही की मांग की है।




**पैसे की वसूली के बावजूद कार्रवाई नहीं**

शिकायत में यह भी कहा गया है कि फर्जी नाम से निकाले गए पैसों की वसूली हो चुकी है, लेकिन जिन लोगों ने इस भ्रष्टाचार को अंजाम दिया, उन पर आज तक कोई प्रशासनिक या कानूनी कार्रवाई नहीं की गई। इसीलिए अब पीड़ित ने सीधे जिला प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है।

**जनता में आक्रोश, पारदर्शिता की मांग**

यह मामला सामने आने के बाद ग्रामीणों में भी आक्रोश है। लोग यह सवाल उठा रहे हैं कि जब शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार कर्मचारी और अधिकारियों को बचाया जा रहा है, तो ग्रामीणों का विश्वास शासन-प्रशासन पर कैसे कायम रहेगा?

# तत्कालीन जिपं सीइओ एवं जनपद सीईओ पर एफआईआर दर्ज कराने थाना में दिया गया आवेदन

**अंबिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
सामाजिक कार्यकर्ता व अधिवक्ता डीके सोनी ने नूतन कंवर तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सरगुजा एवं सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पर आरोप लगाते हुए ग्राम पंचायतों में गलत तरीके से बेलिंग मशीन,फटका मशीन, श्रेडिंग मशीन,वजन मशीन बाजार दर से काफी अधिक दर पर नियम विरुद्ध तरीके से क्रय कर फर्जी दस्तावेज तैयार कर शासकीय राशि का गबन करने के संबंध में प्रथम सूचना पत्र दर्ज कराए जाने हेतु शिकायत आवेदन थाना प्रभारी सिटी कोतवाली अंबिकापुर के समक्ष प्रस्तुत किया है।आवेदन में आरोप लगाया गया है कि सरगुजा जिले के ७ जनपद पंचायतों के अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत बेलिंग मशीन, फटका मशीन, श्रेडिंग मशीन व वजन मशीन क्रय करने हेतु प्रस्तावित था तथा प्रत्येक जनपद पंचायतों के एक ग्राम पंचायत में उपरोक्त मशीनों को स्वच्छ भारत मिशन के तहत क्रय किया जाना था। जिसके लिए कार्यालय मिशन संचालक राज्य स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण रायपुर के द्वारा वर्ष २०२२-२३ हेतु नियमित मद से हार्डवेयर मद में व्यय हेतु दिनांक २७.अप्रैल २०२३ को सरगुजा जिले के लिए ८५५ लख रुपए आवंटित किया गया था। कार्यालय मिशन संचालक राज्य स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण रायपुर वर्ष २०२४-२५ हेतु नियमित मद से हार्डवेयर मद में व्यय हेतु दिनांक २२.४.२०२४ एवं २३.८.२०२४ सरगुजा जिले के लिए ४६५.१७ एवं ७४७.५० लख रुपए आवंटित किया गया था।

तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सरगुजा नूतन कंवर के द्वारा दिनांक ८ जनवरी २०२४ को प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के तहत आपूर्ति किए जाने किए गए सामग्रियों जिसमें बेलिंग मशीन, फटका मशीन,श्रेडिंग मशीन,वजन मशीन शामिल है के भुगतान हेतु शाखा प्रबंधक आइसीआइसीआइ बैंक रायपुर को पत्र भेजकर सभी जनपदों के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत के खाते में राशि ट्रांसफर किया गया कुल राशि ८९,६०,०००/- रुपए का भुगतान किया गया।



तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सरगुजा नूतन कंवर के द्वारा दिनांक २९.९.२०२३ को प्रशासनिक स्वीकृति आदेश क्रमांक ४०३० के माध्यम से क्रियान्वयन एजेंसी जनपद पंचायत सीईओ उदयपुर को नियुक्त किया गया जिसमें काफी नियम एवं शर्तों का उल्लेख किया गया इसी प्रकार पत्र क्रमांक ४०७० के माध्यम से जनपद पंचायत सीईओ लखनपुर, पत्र क्रमांक ४०१६ के माध्यम से जनपद पंचायत सीतापुर, पत्र क्रमांक ४०१४ के माध्यम से जनपद पंचायत बतौली, पत्र क्रमांक ४०१२ के माध्यम से जनपद पंचायत लुण्ड्रा एवं पत्र क्रमांक ५३७८ के माध्यम से जनपद पंचायत अंबिकापुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को क्रियान्वयन एजेंसी नियुक्त किया गया तथा उक्त क्रय नियम में काफी शर्तों एवं नियमों का उल्लेख किया गया। तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सरगुजा अंबिकापुर के द्वारा जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी ग्राम पंचायतों से जिला पंचायत सरगुजा में प्लास्टिक अवशिष्ट प्रबंधक सामग्री क्रय के संबंध में देयक भुगतान हेतु पत्र लिखवाया गया एवं उसका फॉर्मेट सभी जनपद सीईओ को प्रदान किया गया तथा यह बोला गया कि ग्राम पंचायत के सरपंच , सचिवों से उक्त फॉर्मेट में पत्र दिलाकर राशि की मांग की जाए। सरगुजा जिले के सभी जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत में जो सामग्री बेलिंग मशीन, फटका मशीन, श्रेडिंग मशीन व वजन मशीन दिए गए हैं उसका आज दिनांक तक कोई भी उपयोग नहीं हुआ है तथा कबाड़ के रूप में पूरी सामग्री परिवर्तित हो रही है एवं श्री नूतन कंवर के लापरवाही एवं मोटी कमीशन के कारण शासन को लाखों रुपए की क्षति उठाना पड़ा है उपरोक्त सामग्रियों कंडम स्थिति में पड़े हैं।

आरोप है कि नूतन कंवर के द्वारा जनपद सीईओ के माध्यम से जेम पोर्टल से उपरोक्त सामग्रियों का खरीदी करने हेतु आदेश कराया था जबकि जिस अवधि में उपरोक्त सामग्री बेलिंग मशीन, फटका मशीन, श्रेडिंग मशीन व वजन मशीन क्रय की गई उक्त अवधि में जेम पोर्टल शासन के द्वारा प्रतिबंधित किया गया था और उस जेम पोर्टल से कोई भी सामग्री को

क्रय नहीं किया जा सकता लेकिन शासन के आदेश और निर्देश के विपरीत जाकर नूतन कंवर के द्वारा सुनियोजित तरीके से जनपद सीईओ और ठेकेदार/सप्लायर से मिली भगत का शासकीय राशि का दुरुपयोग करने के उद्देश्य एवं शासकीय राशि का गबन करने हेतु उपरोक्त सामग्री क्रय की गई।

सबसे आश्चर्य वाली बात यह है कि उपरोक्त जेम पोर्टल के कॉन्ट्रैक्ट अनुबंध में जिन सामग्रियों के आदेशकर्ता खरीददार का विवरण दिया गया है उसमें सीईओ जनपद पंचायत अंबिकापुर का उल्लेख किया गया है और उसमें जो मोबाइल नंबर ९८२६११७६७६ अंकित किया गया है वह निलेश कुमार जायसवाल पीओ का नंबर है लेकिन उसी जेम कॉन्ट्रैक्ट अनुबंध में भुगतान प्राधिकारी का विवरण में भुगतान करने वाले अधिकारी का नाम सीईओ जनपद लुण्ड्रा का उल्लेख किया गया है जिससे यह प्रमाणित है कि उक्त खरीदी में कूटरचना भी श्री नूतन कंवर के सभी जनपद सीईओ एवं सप्लायर से मिले भगत कर किया गया है।

उपरोक्त संबंध में कोतवाली अंबिकापुर में सभी अधिकारियों व सप्लायरों के विरुद्ध प्रथम सूचना पत्र दर्ज करने हेतु मय दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

बलरामपुर, विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का आयोजन ११ से १८ जुलाई २०२५ तक किया जा रहा है। जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा को लेकर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगो के मध्य प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर जनसंख्या नियंत्रण को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत स्थाई परिवार नियोजन के साथ-साथ अस्थाई परिवार नियोजन के संसाधनों की सुविधा को लेकर लोगों को जागरूक कर परिवार नियोजन अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

19 वर्षीय कॉलेज के छात्र ने लगाई फांसी, मौत पेज 09



# अमानक पार्ट्स विक्रय न करने हेतु दी गई सख्त हिदायत

## सरगुजा पुलिस ने ऑटो पार्ट्स संचालक, कार एसेसिरिज, व्यापारियों की ली बैठक

**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**

सड़क दुर्घटनाओ कों कमी लाने एवं आमनागरिकों के हितो कों संज्ञान मे लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा राजेश कुमार अग्रवाल द्वारा यातायात पुलिस टीम कों ऑटो पार्ट्स एवं कार एसेसिरिज दुकान संचालको की मीटिंग लेकर मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन करने वाले सामग्री विक्रय ना करने एवं ऐसे अमानक सामग्री पर प्रभावी अंकुश लगाने के दिशा निर्देश दिए गए थे, इसी क्रम मे आज दिनांक को यातायात शाखा प्रभारी उप निरीक्षक विजय केवर्त द्वारा शहर के ऑटो पार्ट्स एवं कार एसेसिरिज दुकान संचालको की मीटिंग लेकर मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन करने वाले सामग्री विक्रय न करने की सख्त समझाईस दी गई।

यातायात प्रभारी द्वारा बताया गया कि वर्तमान में देखने में आ रहा है कि मोटर सायकल मे हेडलाईट के अलावा साईड में रंग बिरंगे फैसी लाईट, फौग लाईट लगाया जा रहा है जिससे सामने से आने वाले वाहन चालक को वाहन चलाने के दौरान ध्यान भटकता है जिससे सडक दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है उसी प्रकार मोडिफाई सायलेंसर एवं प्रेशर हार्न के उपयोग से तेज आवाज के कारण बगल से चलने वाला वाहन चालक अचानक तेज आवाज से हडबडा जाता है जिससे उस वाहन चालक के अनियंत्रित



होकर गिरने की संभावना बनी रहती है और सडक दुर्घटना घटित होती है ऐसी सडक दुर्घटनाओं को रोकने हेतु ऐसी सामग्रीयों का विक्रय न हो इस सम्बन्ध मे आप सभी ऑटो पार्ट्स एवं कार एसेसिरिज दुकान संचालको की मीटिंग रखी गई है यातायात पुलिस ऐसे वाहन चालको पर लगातार कार्यवाही कर रही है।

कार एसेसिरिज विक्रय करने वाले संचालको को चार पहिया में काली फिल्म का उपयोग होने से अपराधिक घटनाओं में ऐसे वाहनों का उपयोग किया जाता है इसलिए चार पहिया वाहन में किसी प्रकार का डार्क फिल्म का विक्रय न करें साथ ही पुलिस सायरन, मोनो लाईट का विक्रय न करने समझाईस दी गई, इस दौरा मीटिंग में उपस्थित सभी व्यापारियों द्वारा इस प्रकार के अमानक सामग्री विक्रय नहीं करने अपनी सहमति प्रदान की गई। बैठक मे ऑटो पार्ट्स एवं कार एसेसिरिज दुकान संचालको एवं यातायात शाखा से उप निरीक्षक अभय तिवारी एवं पुलिस अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत बीएलओ एवं सुपरवाइजर का प्रशिक्षण संपन्न

बलरामपुर, । भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेंद्र कटारा के मार्गदर्शन में बूथ लेवल अधिकारियों तथा बीएलओ सुपरवाईजर के विधानसभा स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम ०३ जुलाई से १७ जुलाई के मध्य संपन्न कराने के निर्देश के परिपालन में जिले के विधानसभा रामानुजगंज, सामरी एवं प्रतापपुर अंतर्गत समस्त बूथ लेवल अधिकारी तथा सुपरवाईजर का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न कराया गया।

## व्यापम परीक्षाओं में पारदर्शिता के लिए दिशा-निर्देश जारी

बलरामपुर,। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित परीक्षाओं के निष्पक्ष, पारदर्शितापूर्ण एवं सफलतापूर्वक आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया है। कलेक्टर श्री राजेंद्र कटरा ने छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर (व्यापम) द्वारा आयोजित परीक्षाओं में सभी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

व्यापम द्वारा आयोजित आगामी सभी परीक्षाओं में परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में परीक्षा शुरू होने के कम से कम दो घण्टे पहले परीक्षा केन्द्र में पहुंचने के निर्देश दिए गए है। ताकि प्रवेश के पूर्व सभी अभ्यर्थियों का अनिवार्य रूप से हैण्डहेल्ड मेटल डिटेक्टर तथा मैन्युअल पैड डाउन फ्रिस्किंग समय पर किया जा सके। इसके लिए प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों में ०१-०१ महिला एवं पुरुष पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। जारी किए गए दिशा-निर्देशों के आधार पर महिला अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग महिला पुलिस कर्मी द्वारा परीक्षा केन्द्र में बनाए गये अस्थाई कक्ष में किया जायेगा। परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार परीक्षा शुरू होने के १५ मिनट पहले बंद कर दिया जाएगा। इसके लिए परीक्षार्थी समय का विशेष ध्यान रखेंगे।

परीक्षा में शामिल होने परीक्षार्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े तथा फुटवियर के रूप में चप्पल पहनना अनिवार्य होगा। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण व परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है। परीक्षा प्रारंभ और समाप्ति के आधे घण्टे के भीतर परीक्षा कक्ष से बाहर जाना प्रतिबंधित है।

नोडल अधिकारी एवं अपर कलेक्टर श्री आर. एन. पाण्डेय ने छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा आयोजित परीक्षाओं में शामिल होने वाले जिले के परीक्षार्थियों से व्यापम द्वारा जारी किए गए निदेर्शों के अनुरूप निष्पक्ष एवं पारदर्शितापूर्ण परीक्षा संपन्न कराने में सहयोग करने की अपील की है।

जिला समन्वयक श्री एन. के. देवांगन ने बताया कि प्रवेश पत्र के सभी पृष्ठों का प्रिंट आउट (सिर्फ एक तरफ प्रिंट किया हुआ) लाना अनिवार्य होगा, क्योंकि हर परीक्षा की प्रति परीक्षा केंद्र में जमा होगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र के साथ पहचान पत्र के रूप में मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, आधार कार्ड जिसमें अभ्यर्थी का फोटो हो, उसका एक मूल पहचान पत्र परीक्षा केन्द्र में लाना अनिवार्य होगा।

## शाला प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन, नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का हुआ आत्मीय स्वागत

**अंबिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**

शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अंबिकापुर में आज बड़े हर्षोल्लास के साथ शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का पारंपरिक रूप से तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया। अतिथियों द्वारा उन्हें स्कूल ड्रेस, पाठ्यपुस्तकें और लड्डू वितरित किए गए।कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अभिमन्यु गुप्ता ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में समिति सदस्य विकास पांडेय, रूपेश दुबे एवं संजीव वर्मा उपस्थित रहे। इस आयोजन में विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, अभिभावक एवं छात्रगण भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। अपने संबोधन में अभिमन्यु गुप्ता ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कारों की प्रथम पाठशाला भी है। आज का यह उत्सव हमें याद दिलाता है कि हर नवप्रवेशी




विद्यार्थी हमारे भविष्य का दीपक है। विद्यालय एवं पालकों की संयुक्त जिम्मेदारी है कि इन बच्चों को सर्वांगीण विकास के अवसर मिलें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विकास पांडेय ने कहा कि आज के इस आयोजन में बच्चों के चेहरे पर जो उत्साह है, वही हमारी प्रेरणा है। हम सब मिलकर एक ऐसा वातावरण तैयार करेंगे जहाँ बच्चा न केवल पढ़े बल्कि सीखने की प्रेरणा भी पाए। इस अवसर पर रूपेश दुबे ने कहा कि विद्यालय के प्रथम दिन का स्वागत यदि आत्मीयता और उत्साह के साथ किया जाए, तो बच्चा शिक्षा से जुड़ाव महसूस करता है। हमारा प्रयास है कि विद्यालय में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्य भी प्राप्त हों।

संजीव वर्मा ने कहा कि शिक्षा में नवाचार समय की मांग है। विद्यालय को आधुनिक संसाधनों से युक्त करना एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रोत्साहित करना हमारी प्राथमिकता है, ताकि विद्यार्थी देश का जिम्मेदार नागरिक बन सके।

विद्यालय के प्राचार्य के.के. राय ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, अभिभावकों व छात्र-छात्राओं का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए हम कटिबद्ध हैं।


तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबुपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)

डॉ. अमित जैन
MS, MCH (Neuro Surgery)
मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी रोग विशेषज्ञ

डॉ. रितेश रंजन
MBBS, MS, MCH (Mumbai)
Neonatal & Pediatric Surgeon
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन

डॉ. गौरी शंकर सिंह
MBBS (AFMC) MD (Psychiatry) BHU
मानसिक रोग के लक्षण

डॉ. करण सराफ
किडनी रोग विशेषज्ञ

डॉ. स्नेहिल गोस्वामी
DNB Cardiology
हृदय रोग विशेषज्ञ

तेज डायग्नोस्टिक सेन्टर
1.5 TESLA MRI

20 जुलाई 2025 माह के तीसरे रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें
07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध


◆◆◆---अपना बाजार---◆◆◆


विज्ञापन के लिए जगह रिक्त है

माता राजरानी मेमोरियल ¼MRM½ हॉस्पीटल
RSBY/MSBY (स्मार्ट कार्ड) द्वारा भर्ती एवं इलाज की सुविधा उपलब्ध
स्थान - बाबुपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर,
मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

बच्चों के N.I.C.U. सुविधा
नवजात बच्चों को गहन चिकित्सा कक्ष की सुविधा।
24 घंटे विशेषज्ञों की देख-रेख में वेंटीलेटर, सी-पेप एवं अन्य अत्याधुनिक उपकरणों से युक्त नियोनेटल केयर यूनिट
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर
माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल
पुराना बस स्टैण्ड, बाबुपारा, जोड़ा तालाब के पास अम्बिकापुर
मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

एम.एस. जनरल सर्जन
हॉर्निया, हाईड्रोसिल, एपेण्डीक्स, पाईल्स, पथरी एवं सभी प्रकार की जनरल सर्जरी एवं हर प्रकार के आपरेशन की सुविधा प्रतिदिन
fo'k"k & RSBY & MSBY (स्मार्ट कार्ड) की सुविधा उपलब्ध
-: प्रतिदिन उपलब्धः-
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर
माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल
पुराना बस स्टैण्ड, बाबुपारा, जोड़ा तालाब के पास अम्बिकापुर
मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

“M.S., E.N.T.”
नाक, कान, गला
दूरबीन से प्रतिदिन नाक, कान, गला की जांच की जाती है
रोगों के वरिष्ठ अनुभवी चिकित्सक (अत्याधुनिक उपकरणों की सुविधा) के साथ
प्रतिदिन उपलब्ध
समय-दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक
कान एवम् बहरेपन की सम्पूर्ण जांच की जर्मनी की अत्याधुनिक मशीन द्वारा।
कान की मशीन उत्कृष्ट क्वालिटी एवं दो साल की वारण्टी के साथ अत्यन्त रियायती मूल्यों पर उपलब्ध।
आडियोमेट्री की जांच एवम् सेवाए नियमित उपलब्ध
विशेष- नाक, कान, गले से संबंधित सभी प्रकार के आपरेशन (सर्जरी) की सुविधा स्मार्ट कार्ड द्वारा उपलब्ध।
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर
माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल
पुराना बस स्टैण्ड, बाबुपारा, जोड़ा तालाब के पास अम्बिकापुर
मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

प्रतिदिन फिजिशियन परामर्श
डायबिटिज (शुगर/मधुमेह), हृदय संबंधी समस्त रोग, सभी प्रकार के हार्मोन्स विकार (थाइराईड), समस्त प्रकार के इंफेक्शन (सर्दी, खांसी, बुखार, ब्लड प्रेशर (हायपरटेंशन)), एनीमिया, सिकलिंग, थैलीसीमीया, टी.बी., श्वसन एवं छाती संबंधी समस्त रोग, पाचन एवं पेट, लीवर, किडनी (गुर्दा), सिर, मस्तिष्क एवं नस संबंधी समस्त रोग एवं सभी प्रकार के पुराने रोगों के उपचार हेतु उपलब्ध रहेंगे...
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर
माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल
पुराना बस स्टैण्ड, बाबुपारा, जोड़ा तालाब के पास अम्बिकापुर
मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

सभी बीमारियों के विशेषज्ञ चिकित्सक नियमित उपलब्ध
डॉक्टर्स हाउस
रानी तालाब के सामने, गेहूं बाड़ी के आगे शासकीय अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
मो.-94255-83780, 62626-39090, 62626-39191
फोन 07774222555

पतंजली सेवा केन्द्र
पतंजली के सभी प्रोडक्ट पर 2 से 10 प्रतिशत तक की छूट उपलब्ध
निः शुल्क डॉक्टर (वैद्य) परामर्श सेवा प्रतिदिन उपलब्ध
सुबह 10.00 बजे से रात्रि 8.00 बजे तक
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर, तेज मेडिकल के सामने
सम्पर्क नम्बर- 9425583780, 9522629990
आपसे विनम्र निवेदन है कि जरूरतमंद मरीजों तक इसकी जानकारी देने की कृपा करें।
आपके सहयोग एवं सलाह के लिए हृदय से धन्यवाद।

आधुनिक मशीनों एवम् विश्वसनीय जांच 24 घंटे उपलब्ध
एम.आर.आई
सीटी स्कैन
सोनोग्राफी
टी.एन.टी.
ब्लड बैंक सुविधा (24 घंटे)
ई.ई.जी., ई.सी.जी.
टीकाकरण की सुविधा प्रतिदिन
आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित कम्प्यूटरीकृत पैथोलॉजी लैब
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर
बाबुपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

SRS HOSPITAL
न्यूनतम दर, उच्चतम सेवा
हमारी उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं
• जनरल मेडिसिन, सर्जरी रोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग, नेत्र रोग, एवं बाल हृदय रोग
• सभी प्रकार के सर्जरी की सुविधा आयुष्मान कार्ड द्वारा उपलब्ध है
• 24X7 आपातकालीन सुविधा
• क्रिटिकल केयर एवं ट्रामा केयर
• एडवांस आई. सी. यू. यूनिट
• निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा
• 24X7 फार्मेसी एवं डायग्नोस्टिक सेवाएं उपलब्ध
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा इलाज की सुविधा उपलब्ध
More Information call us +91 96176 05000, +91 70499 85558
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर स्कूल के पास अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ. ग.)

आपके नगर अम्बिकापुर में अब प्रतिदिन विशेषज्ञ उपलब्ध
मानसिक एवं नशामुक्ति विशेषज्ञ
समय-दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
रोग : डिप्रेशन, उदासी, चिंता, घबराहट, सरदर्द, माइग्रेन, मिर्गी, झटका, बेहोशी, कम एकाग्रता, नींद की कमी, असामान्य व्यवहार, पागलपन, शराब व अन्य नशे की लत, गर्दन दर्द, कमर दर्द, नस मासपेशियों में दर्द, बच्चों में चंचलता, मंदबुद्धि आदि से संबंधित बीमारियों के परामर्श एवं उपचार
पता: माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल/ तेज डायग्नोस्टिक से
पुराना बस स्टैण्ड, बाबुपारा, जोड़ा तालाब के पास, अम्बिकापुर मो.नं. 07774-222999, 8224007799, 98261

बेंगलुरु भगदड़ मामला : कर्नाटक सरकार ने आरसीबी को ठहराया जिम्मेदार

**बेंगलुरु ,17 जुलाई (ए)।** एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के सम्मान समारोह के दौरान भगदड़ के मामले में कर्नाटक सरकार ने हाई कोर्ट को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। जांच की स्टेटस रिपोर्ट में इस घटना का दोष आरसीबी मैनेजमेंट पर डाला गया है। कर्नाटक सरकार ने रिपोर्ट में गंभीर खामियों और कुप्रबंधन की ओर इशारा किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कार्यक्रम के आयोजक, डीएनए ने 2009 के सिटी ऑर्डर के अनुसार औपचारिक अनुमति लिए बिना ही पुलिस को 3 जून को विक्ट्री परेड के बारे में सूचित किया। परिणामस्वरूप, पुलिस ने अनुमति देने से इनकार कर दिया। इसके बावजूद, आरसीबी ने सार्वजनिक रूप से कार्यक्रम का प्रचार किया। 4 जून को, उन्होंने सोशल मीडिया पर खुले तौर पर निमंत्रण शेयर किए।

अमानक पार्ट्स विक्रय न करने हेतु दी गई सख्त हिदायत...पेज 11



## हाथियों द्वारा क्षति पहुचाएं गए मामलों के निष्पादन एवं मुआवजा राशि दिलाने की दिशा में सकारात्मक चर्चा

### ०० अवैध खनन रोकने की दिशा में प्रशासनिक व पुलिस अमला स्थापित करें बेहतर समन्वय



**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** कलेक्टर एस.जयवर्धन की अध्यक्षता में आज वन, खनिज, उद्योग, श्रम, एसईसीएल व पर्यावरण विभाग की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में रखी गयी थी। बैठक में डीएफओ पंकज कमल, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती चांदनी कंवर, डिप्टी कलेक्टर सुनिल अग्रवाल, खनिज अधिकारी राहुल गुलाटी, श्रम अधिकारी एलेन मिंज व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने वन विभाग की समीक्षा के दौरान वनमण्डलाधिकारी व उपस्थित वन क्षेत्र पदाधिकारी से हाथी द्वारा क्षति पहुचाएं गए मामलों के निष्पादन एवं मुआवजा राशि दिलाने की दिशा में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्पष्ट किया कि हाथियों से प्रभावित क्षेत्र अंतर्गत पीड़ित परिवार के आवेदनों का संग्रह कर त्वरित गति से मुआवजा दिलाने की दिशा में ससमय कार्रवाई की जाये। इस हेतु उन्होंने प्रभावित परिवरों को होने वाली क्षति का आकलन करने के लिए राजस्व विभाग अमले के साथ समन्वय स्थापित कर क्षतिपूर्ति हेतु प्रकरण तैयार करने के निर्देश दिये ताकि प्रभावित परिवार को शीघ्र से शीघ्र राहत दिलाई जा सके। खनिज विभाग की समीक्षा पर कलेक्टर ने अवैध खनन परिवहन व भण्डारण करने वालों पर खनिज अधिकारी को सक्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये । अवैध खनन रोकने की दिशा में उन्होंने प्रशासनिक व पुलिस अमलों को बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य करने की बात कही ताकि अवैध खनन को लेकर कडा रूख अख्तियार किया जा सके। बैठक में जिला व्यापारी एवं उद्योग केन्द्र द्वारा संचालित प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत जिला क्रियान्वयन समिति द्वारा अनुमोदित आवेदनों की संख्या और वर्तमान में पोर्टल में प्रदर्शिनी की स्थिति की जानकारी ली गई ।इसके साथ ही पीएमएफएमई व पीएमईजीपी योजनांतर्गत स्वीकृत प्रकरणों के संबंध में चर्चा की गई। इसके साथ ही उपस्थित सभी विभागों के योजना के संबंध में अद्यतन जानकारी ली गई और योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए।

## जयपुर की स्वच्छता में बड़ी छलांग : दोनों नगर निगम टॉप-20 में शामिल

**जयपुर ,17 जुलाई (ए)।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की रैंकिंग में जयपुर ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए अपनी छवि को न केवल निखारा है, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर खुद को साबित भी किया है। पहली बार जयपुर के दोनों नगर निगम–ग्रेटर और हेरिटेज–देश के टॉप 20 सबसे स्वच्छ शहरों की सूची में शामिल हुए हैं। ग्रेटर निगम को देशभर में 16वीं और हेरिटेज निगम को 20वीं रैंक मिली है। यह उपलब्धि खास इसलिए भी है क्योंकि 2023 में इन दोनों निगमों की रैंक क्रमशः 173 और 171 थी। इस बार की रैंकिंग में जयपुर ने दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में यह सम्मान पाया है। यह केवल नगर निगम की योजनाओं या कागजी कामयाबी नहीं है, बल्कि जमीन पर हुई मेहनत, तकनीकी नवाचार और जनसहभागिता का नतीजा है।

वहीं, राजस्थान के डूंगरपुर ने छोटी आबादी वाले शहरों की श्रेणी में देशभर में पहला स्थान हासिल कर सभी को चौंका दिया है। उसे 'स्मॉल सिटी सुपर स्वच्छ लीगइ में भी शामिल किया गया है। राज्य स्तर पर डूंगरपुर को सबसे स्वच्छ शहर घोषित किया गया है। उसके बाद जयपुर ग्रेटर को दूसरा और हेरिटेज को तीसरा स्थान दिया गया है। इसके अलावा उदयपुर, सीकर, जैसलमेर, भरतपुर, चूरू, नाथद्वारा, पुष्कर और सांभर जैसे शहर भी राज्य के टॉप-10 स्वच्छ शहरों में शामिल हुए हैं। जयपुर नगर निगम ग्रेटर की सफलता के पीछे ठोस रणनीति और मजबूत क्रियान्वयन रहा है। इस बार निगम ने वेस्ट टू एनर्जी प्लांट और कंस्ट्रक्शन वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट जैसे बड़े और असरदार कदम उठाए। पूर्व निगमायुक्त रुक्मणि रियाड की निगरानी में स्वच्छता अभियान को दिशा दी गई। उनकी अगुवाई में शहर की मुख्य सड़कों से खुले कचरा डिपो हटाने, डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन को व्यवस्थित करने और नाइट स्वीपिंग की शुरूआत जैसे प्रयास किए गए। इन सभी पहलों ने रैंकिंग में सुधार लाने में अहम भूमिका निभाई। केंद्र सरकार द्वारा किए गए इस स्वच्छ सर्वेक्षण में सफाई व्यवस्था, सौंदर्यीकरण, कचरे के निष्पादन, शौचालयों की स्थिति और आमजन में जागरूकता जैसे मापदंडों पर शहरों का आकलन किया गया। पूरे देश से अधिकारी आए और उन्होंने निरीक्षण कर फील्ड पर वास्तविक स्थिति को देखा, जिसके बाद रैंकिंग जारी की गई। जयपुर ने जिस तरह से पिछली रैंकिंग से खुद को सुधारते हुए टॉप 20 में जगह बनाई है, वह केवल एक प्रशंसा नहीं, बल्कि आने वाले समय के लिए एक बड़ी जिम्मेदारी है। यह उपलब्धि शहरवासियों, सफाईकर्मियों, अधिकारियों और नीति निमार्ताओं के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। अब चुनौती है इस रफ्तार को बनाए रखने और आने वाले वर्षों में स्वच्छता के मामले में नंबर-1 बनने की ओर बढ़ने की। डूंगरपुर की सफलता यह भी दिखाती है कि छोटे शहर भी बड़े बदलाव की मिसाल बन सकते हैं। स्वच्छता अब केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि सामाजिक आंदोलन बन चुका है जिसमें हर नागरिक की भागीदारी ही असली रैंकिंग तय करती है।

## महाराष्ट्र विधानसभा में हनीट्रैप मामला गरमाया, कार्रवाई की मांग पर विपक्ष का वॉकआउट

**मुंबई ,17 जुलाई (ए)।** महाराष्ट्र विधानसभा में गुरुवार को तथाकथित हनीट्रैप प्रकरण को लेकर हंगामा मचा है। सरकार पर कार्रवाई न करने और मामले को गंभीरता से न लेने का आरोप लगाते हुए विपक्षी दलों ने विधानसभा से वॉकआउट कर दिया। यह मुद्दा सबसे पहले कांग्रेस नेता नाना पटोले ने उठाया। उन्होंने इस गंभीर मामले की जांच और ठोस कार्रवाई की मांग की थी। पिछले दिन विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने सरकार को निर्देश दिया था कि इस पर उचित कार्रवाई कर सदन को जवाब दिया जाए। नाना पटोले ने गुरुवार को दोबारा मामले को उठाया। उनकी मांग का एनसीपी-एसपी नेता जयंत पाटिल और शिवसेना (उद्धव गुट) के विधायक भास्कर जाधव ने समर्थन दिया।

# जर्जर छात्रावास भवन में भविष्य गढ़ रहे आदिवासी छात्र





**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** जर्जर छात्रावास भवन में आदिवासी छात्र भविष्य गढ़ने को तब विवश है जब इसी छात्रावास से करीब महज सौ मीटर की दूरी पर विधायक का आवास है।जिला मुख्यालय के आदिवासी प्री मैट्रिक बालक छात्रावास की हालत बेहद जर्जर है।इस छात्रावास में ६४ पुराने और ३४ नए छात्र हैं।जहाँ बच्चों

### ◆ परिसर बना तालाब,कमरों में भी घुटनो तक पानी

को हर वर्ष बारिश में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बारिश शुरू होते ही छात्रावास परिसर में पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण घुटने तक पानी भर जाता है।जिसके कारण पूरा परिसर तालाब में तब्दील होकर रह जाता है। छात्रावास के अंदर सोने वाले कमरे में भी पानी भरा रहता है।।कई बार आला अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी पानी निकासी के लिए कोई समुचित उपाय नहीं किये जाने से छात्र हताश है।बताया जाता है कि सबसे पुराने छात्रावास की यह हालत वर्षो से है पर आज तक किसी ने इसकी सुध नही ली है। इस प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास की हालत इतनी जर्जर है की हर पल बच्चों की जिंदगी खतरे में रहती है जिससे छात्रावास के बच्चे डर के माहौल में रहने को विवश है। कमरों में चारों तरफ पानी ही पानी नजर आता है,दीवारों की स्थिति इतनी गंभीर है जगह-जगह दीवारों में दरार, बारिश होने पर छत से टपकता पानी छात्रावास के अंदर बाहर गंदगी का अंबार यह बेहद चिंताजनक है।

**00 वर्षों से कर रहा हूं ध्यानाकर्षित**

छात्रावास अधीक्षक विजय कुमार टोप्पो ने कहा यह भवन बहुत पुराना और जर्जर हो चुका है नए भवन का हमेशा मांग किया जाता रहा है। परंतु अभी तक किसी ने संज्ञान नहीं लिया,कल ही मंडल संयोजक से बात हुई है। वे देखने आने वाले है कब आते है उनका इंतजार है।

## सकारात्मक बदलाव के साथ शत-प्रतिशत परिणाम की प्राप्ति ही हो प्राथमिकता......कलेक्टर

### ०० समीक्षा बैठक में प्राचार्यों को निर्देश



**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** बीते शैक्षणिक वर्ष के परीक्षा परिणाम का करें अवलोकन, वर्तमान शिक्षा सत्र के लिये कैलेण्डर आधारित बेहतर कार्य योजना बनाकर परीक्षा परिणाम में लाये सकारात्मक बदलाव, शत-प्रतिशत परिणाम की प्राप्ति ही, समस्त प्रिन्सिपल व शिक्षक की हो प्राथमिकता, यह बात कलेक्टर एस.जयवर्धन ने आज शिक्षा, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास तथा खेल विभाग की मासिक समीक्षा बैठक में कही। बैठक में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व शिक्षा के स्तर में सुधार को लेकर वृहद चर्चा की गई। विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति, उपचारात्मक कक्षाएं, नियमित गृह कार्य, नियमित टेस्ट व उचित मूल्यांकन पर बिंदुवार चर्चा की गई। शिक्षा विभाग की समीक्षा अंतर्गत सेजेस के पठन-पाठन व प्रबंधन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई । बैठक में जिले में संचालित समस्त १७ सेजेस के प्रिंसिपल, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व सचिव उपस्थित थे। उपस्थित प्रत्येक प्रिन्सिपल से क्रमवार उनके स्कूल के परीक्षा परिणाम प्राप्त किये गए। प्रिन्सिपल, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व सचिव से शाला के बेहतर प्रबंधन हेतु आवश्यक चर्चा किया गया व उपस्थित संबंधितों से सुझाव भी मांगे गये। इसके साथ ही बैठक में मासिक समीक्षा प्रमुख बिन्दु अंतर्गत युक्तियुक्तकरण के तहत शाला एवं शिक्षकों की पदस्थापना, बोर्ड परीक्षा के बेहतर परिणाम हेतु कार्ययोजना, जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश हेतु पंजीयन की स्थिति, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक स्कैनिंग व गणवेश वितरण, स्कूल में जाति, निवास प्रमाण पत्र की अद्यतन स्थिति पर वृहद चर्चा की गई और संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। बैठक मे कलेक्टर द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय व एकलव्य विद्यालय के प्रवेश परीक्षा में प्राथमिक शाला के सभी बच्चों का पंजीयन सुनिश्चित करते हुये उन्हें प्रवेश परीक्षा में उपस्थित सुनिश्चित करने की बात कही ताकि बच्चों प्रतियोगी परीक्षाओं का अनुभव प्राप्त करें साथ ही उनके बेहतर भविष्य के लिए मार्ग प्रशस्त हो। बैठक में कलेक्टर द्वारा क्रमवार सभी विभागों के विभागीय योजनाओं व कार्य की वृहद समीक्षा की गई। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास अंतर्गत एकलव्य विद्यालय व आश्रम छात्रावासों की बिन्दुवार समीक्षा की गई। कलेक्टर ने एकलव्य विद्यालय, आश्रम छात्रावासों के प्रबंधन व्यवस्था सुद्दढ करने की बात कही। मौसमी बीमारियों को देखते हुए उन्होंने एकलव्य विद्यालय व आश्रम छात्रावासों में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करवाने, साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही विद्यार्थियों को मेन्यू के आधार पर नाश्ता व भोजन देने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही बैठक में बारिश के मौसम को देखते हुए सर्पदंश घटना के बचाव हेतु आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। छात्रावास अधीक्षक को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित करने की बात कही। छात्रावास में पर्याप्त रोशनी व बच्चों को भी जागरूक करने की बात कही। मासिक समीक्षा बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती वर्मा, आदिवासी विकास विभाग से सहायक आयुक्त घनश्याम कुमार, खेल अधिकारी श्रीमती आरती पाण्डेय व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## तेंदूपत्ता तोड़ने वाली महिलाओं को मिला सम्मान,सांसद ने पहनाई चरण पादुका



**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** तेंदूपत्ता संग्राहक महिलाओं के मेहनत भरे जीवन में सहारा बनी चरण पादुका योजना का शुभारंभ प्रेमनगर वन परिक्षेत्र के ग्राम तारा में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज रहे, जिन्होंने अपने हाथों से वनवासिनी महिलाओं को पादुका पहनाकर उन्हें सम्मानित किया। यह कार्यक्रम वन विभाग के द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमें तारा, प्रेमनगर, चंदननगर, कनकपुर, उमेश्वरपुर और रामानुजनगर की लगभग ९० से १०० महिलाओं को पादुका प्रदान की गई।इस मौके पर सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि योजना पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की पहल थी, जो वन क्षेत्रों में काम करने वालों की मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई थी। दुर्भाग्यवश पिछली सरकार ने इसे बंद कर दिया था, लेकिन अब मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की जनकल्याणकारी सोच से यह योजना पूरे प्रदेश में पुनः शुरू की गई है। हमारी सरकार गांव, गरीब और वनवासी के हित के लिए प्रतिबद्ध है।कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भीमसेन अग्रवाल, जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, जिला पंचायत सदस्य विजय नयन सरदार, जनपद अध्यक्ष फुलेश सिरदार और मंडल अध्यक्ष मिथिला बंजारा सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया।इस मौके पर शशिकांत गर्ग, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय श्याम, पूर्व मंडल अध्यक्ष जगमोहन सिंह, यूनियन अध्यक्ष चंद्रभान सिंह, जिला कार्यालय मंत्री राजेश्वर तिवारी, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता, परमानंद जायसवाल, संजय गुप्ता, सुभाष साहू, दिलोचन सिंह, वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम के उपरांत सांसद चिंतामणि महाराज ने मौके पर मौजूद बुजुर्गों और ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और तहसीलदार को त्वरित समाधान के निर्देश भी दिए।

## नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों हेतु प्रशिक्षण कार्यशाला



**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** जिले के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के लिए जिला पंचायत संसाधन केंद्र (डीपीआरसी) में तीन दिवसीय आधारभूत प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देशन एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू के मार्गदर्शन में हुआ।इस कार्यशाला में जनपद पंचायत भैयाथान एवं ओड़गी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण का उद्देश्य जनप्रतिनिधियों को पंचायती राज व्यवस्था, स्थानीय शासन की कार्यप्रणाली, विकास योजनाओं के निर्माण एवं क्रियान्वयन, तथा उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी प्रदान करना था।कार्यक्रम में ग्राम पंचायत विकास योजना, पंचायत एडवांस इंडेक्स, मनरेगा, वित्त आयोग की मार्गदर्शिका, लेखा प्रबंधन, सोशल ऑडिट, पारदर्शिता एवं जवाबदेही जैसे विषयों पर व्याख्यान एवं समूह चचाएं आयोजित की गईं। केस स्टडी और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से प्रशिक्षण को अधिक रोचक एवं प्रभावशाली बनाया गया। प्रतिभागियों ने इस प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम से उन्हें पंचायत संचालन की तकनीकी एवं प्रशासनिक जानकारी मिली, जिससे वे अधिक उत्तरदायी एवं दूरदर्शी नेतृत्व देने में सक्षम होंगे। जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन एवं पंचायत विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यशाला में उप संचालक पंचायत, सहायक परियोजना अधिकारी (मनरेगा), डीपीएम (आरजीएसए) एवं डीपीआरसी के संकाय सदस्य द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया।यह प्रशिक्षण कार्यशाला पंचायतों को अधिक सशक्त, पारदर्शी एवं जनहितैषी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास सिद्ध हुई है, जो भविष्य में ग्रामीण विकास एवं लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगी।

## नकल रोकने व्यापम ने उठाये सख्त कदम, परीक्षाओं में मेटल डिटेक्टर से होगी जांच

### ०० परीक्षार्थियों के लिए जारी किये दिशा-निर्देश

**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** २७ जुलाई को जिले में छ.ग. व्यापम द्वारा आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन १३ केंद्रों में होना है। इस संदर्भ में नोडल अधिकारी एवं समन्वयक ने जानकारी दी है कि नकल प्रकरण मे नकेल कसने हेतु मॉनीटरिंग के स्तर को बढ़ा दिया गया है। उन्होंने आगे बताया कि व्यापम की आगामी सभी परीक्षाओं में मेटल डिटेक्टर से जांच अनिवार्य कर दी गई है अब तक केवल हाथों से ही तलाशी ली जाती थी। अब हाथों से तलाशी के साथ हैंण्ड हेल्ड मेटल डिटेक्टर से अभ्यर्थियों की तलाशी पुलिस कर्मी से कराई जाएगी परीक्षा प्रारंभ होने के २ घंटे पूर्व परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र पर पहुँचना अनिवार्य होगा। परीक्षा प्रारंभ होने के निर्धारित समय के ३० मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्रों के मुख्य गेट बंद कर दिए जाएंगें।व्यापम की परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को भी अब नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं की तरह ड्रेस कोड का पालन करना होगा ।परीक्षार्थी केवल आधी बांह के हल्के रंग के कपड़ों में अब परीक्षा देने जा सकते हैं, इसके अलावा कानों में किसी भी तरह के आभूषण भी बैन कर दिए गए हैं, व्यापम से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों से भी नियम का सख्ती से पालन करने को कहा गया है।छात्रों को कम से कम २ घंटे पहले परीक्षा केंद्र पहुंचना होगा ताकि मेटल डिटेक्टर से जांच होगी।परीक्षा प्रारंभ होने के ३० मिनट पूर्व मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा।हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनने होगें।केवल चप्पल या स्लीपर पहने जा सकतें हैं, जूता या सैंडिल पहनकर आने पर परीक्षार्थियों को प्रवेश नहीं मिलेगा।कानों में किसी भी प्रकार के आभूषण पहन ने पर पाबंदी लगा दी गई है।परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रानिक उपकरण, घड़ी, पर्स, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है।परीक्षा प्रारंभ होने के शुरू आती आधे घंटा और अंतिम के आधे घंटा में परीक्षा कक्ष से बाहर जाना पूर्णतः वर्जित है।परीक्षार्थियों को संबंधित परीक्षा के प्रवेश-पत्र के साथ ही नवीनतम फोटो युक्त मूल (ओरिजनल) पहचान-पत्र लाना अनिवार्य होगा। इसके बिना परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।परीक्षार्थियों को सुझाव दिया गया है कि परीक्षा दिवस के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का भ्रमण कर लेंवे।सभी परीक्षार्थी प्रवेश पत्र में दिये गये निदेर्शों का भली-भाँति अध्ययन कर उसका पालन करना सुनिश्चित करें।

## छांगुर बाबा पर कसा शिकंजा, धर्मांतरण केस में बड़ी कार्रवाई; यूपी-मुंबई के 14 ठिकानों पर की छापेमारी

**नई दिल्ली/बलरामपुर/मुंबई ,17 जुलाई (ए)।** धर्मांतरण केस में छांगुर बाबा उर्फ जलालुद्दीन पर शिकंजा कसता जा रहा है। ईडी ने उत्तर प्रदेश के बलरामपुर में 12 और मुंबई में 2 ठिकानों पर छापेमारी की है। ये छापेमारी गुरुवार सुबह 5.0 बजे शुरू हुई। ईडी की टीम एक साथ 14 ठिकानों पर जांच-पड़ताल कर रही है। मुंबई में ईडी की टीमें खासकर शहजाद शेख के 2 आवासों पर छापेमारी की है। इनमें बांद्रा ईस्ट में कनकिया पेरिस की 20वीं मंजिल स्थित एफ विंग और माहिम वेस्ट में एलजे रोड, पीतांबर लेन, गैब्रियल बिल्डिंग के पास स्थित रिजवी हाइट्स सीएचएस के फ्लैट नंबर 502 शामिल हैं। छापेमारी के दौरान बांद्रा स्थित आवास पर मौजूद शहजाद शेख से ईडी की टीम पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि आरोपी नवीन के बैंक खाते से शहजाद शेख के खाते में करीब दो करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ था।

श्वष्ठ धर्मांतरण और हवाला लेनदेन के इस मामले में छांगुर की महिला मित्र नीतू उर्फ नसरीन और नवीन के विभिन्न बैंक खातों की भी गहनता से जांच कर रही है। नीतू के कई बैंक खाते जांच के दायरे में हैं, जिनमें बैंक ऑफ इंडिया, पेटीएम बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और एसबीआई के खाते शामिल हैं। वहीं, नवीन के भारत स्थित कई बैंक खातों में करोड़ों रुपये के लेनदेन का पता चला है, जिनमें पेटीएम बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक के खाते शामिल हैं।